GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-02-2023

# हत्या के जुर्म में तीन को उम्र कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण तिवारीपुर थाना क्षेत्र के घोषीपुर निवासी अभियुक्त शादाब उर्फ सैय्यद मुनीर, शाद उर्फ मुशीर व कैफी को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 33 हजार पांच सौ रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एचएन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि घटना एक मार्च 2004 की रात करीब आठ बजे की है। वादी शमशाद के मुहल्ले के कमर की गाड़ी उसी के दरवाजे के सामने गिरी हुई थी। वादी के मामू आमान उसी रास्ते जा रहे थे तो अभियुक्तों ने वादी मामू के ऊपर गाड़ी गिराने का आरोप लगाते हुए लाठी डंडा गुप्ती से मारने पीटने लगे। उन्हें बचाने आए वादी के पिता आरिफ उर्फ शहजादे, रियाज, आफाक, राजू, इमराना, संजीदा उर्फ नन्ही बीच बचाव करने आए तो अभियुक्तों ने जान मारने की नियत से बंदूक से कई बार फायर किए। जिसमे वादी के पिता आरिफ खान उर्फ शहजादे की मृत्यु हो गई और बाकी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# तहसील दिवस में आए 14 मामले, निस्तारण नहीं

फुटहवा ईनार (एसएनबी)। चौरीचौरा तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे, नायब तहसीलदार चौरी चौरा जाकिर हुसैन ने फरियादियो की फरियाद सुनी।नायब तहसीलदार के समक्ष कुल 14 मामले आए मौके से एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका।नायब तहसीलदार ने सभी लंबित मामलो की जांच कर जल्द से जल्द निस्तारण करने का दिया आदेश।



मिली जानकारी के अनुसार तहसील दिवस में मुंडेरा बाजार निवासी समाज सेवी माहिर जायसवाल उर्फ लवी ने पत्रक देकर बताया कि नगर पंचायत चौरी चौरा के बाल खुर्द (महुआबारी) वार्ड नंबर 2 गांधी नगर के मुख्य मार्ग नंदलाल विश्वकर्मा के घर से लेकर रामअवध के घर तक करीब 100 मीटर सड़क पर जल भराव होने के कारण सड़क तालाब में तब्दील हो गया है जिसके कारण जमे पानी से बदाबूदार दुर्गन्ध उठ रहा है। सड़क पर जमे गने से जानलेवा बीमारी होने की आशंका बनी हुई हैं। सड़क पर जमे पानी तथा गने के कारण ग्रामीणों का घर से बाहर निकल मुस्किल हो गया है।सड़क पर जमे पानी की जल निकासी के दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य कराए जाने की मांग किया है। इसी तरह मिहिर जायसवाल ने दूसरे शिकायत पत्र में लिखा है कि नगर पंचायत में कुल 74 सफाई कर्मचारी तैनात है लेकिन नगर पंचायत में नालियों की साफ सफाई न होने के कारण नगर क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं।

नगर क्षेत्र में तैनात सफाई कर्मचारी को अपने ड्रेस में काम करने चाहिए ताकि वार्ड के लोग अपने अपने क्षेत्र के कर्मचारी को जान सके और जब समस्या को उन्हें अवगत करा सके।आरोप है कि कुछ सफाई कर्मचारी नगर पंचायत की जमीन पर अवैध रुप से कब्जा कर बेचने वाले है जिसके संबन्ध में मुकदमा भी दर्ज हुआ है। शिकायत पत्र की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग किया है।

इस अवसर पर सीओ चकबंदी राजीव कुमार सिंह,राजस्व कानूनगो,दारोगा दिनेश कुमार,लेखपाल, शैलेश सिंह,राकेश दुबे,भारत,पवन कुमार,अमित, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पीड़िता ने कहा-समाधान दो, नहीं तो धरना दूंगी

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**जानकारी के अभाव मे फरियादी रहे कम, सीडीओ ने सुनी समस्या**

**एक महिला फरियादी ने समस्या का समाधान काफी दिनो से न होने पर धरना पर बैठने की बात कही**

खजनी (एसएनबी)। फरवरी माह के तीसरे शनिवार को महाशिवरात्रि पड़ने के कारण संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी गोरखपुर को करनी थी परन्तु डीएम की जगह पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीणा ने सुनी फरियाद, इस अवसर पर कुल 36 फरियादियों ने अपनी अपनी पीड़ा बताई तथा एक महिला ने फरियाद सुनाते हुए मौके पर ही धरना पर बैठने की बात कही। लगभग जहां कई माह बाद सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। लगभग 12 बजे पहुंचे सीडीओ 120 बजे निकल गये। मुख्य विकास अधिकारी के जाते ही सभागार की लगभग कुर्सियां खालीं हो गयीं। कुल आये 36आवेदनों में दो आवेदन सीडीओ ने मौके पर ही निस्तारित कर दिये। सबसे अधिक आवेदन विद्युत विभाग के रहे। तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष पलटराज के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

समाधान दिवस पर जिलाधिकारी के न आने पर फरियादी निराश हुए तथा शनिवार को अवकाश के कारण आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादी काफी कम आये, बलुआ उर्फ बलुसड़ निवासी इन्द्रासनी देवी ने अपने मकान केबने पुराने दीवाल पर बगल के व्यक्ति द्वारा अपनी दिवाल चलाकर मकान बनाने की शिकायत काफी दिनो से करने के बाद भी उसके हिस्से मे अवैध कब्जा होने पर कोई कार्यवाही न होने से आज समाधान दिवस पर धरना देने की बात कही जिसको नायब तहसीलदार को निस्तारण हेतु दिया गया। जिगनिया शाहपुर थाना बेलघाट निवासी बबीता यादव सीडीओ ने बताया कि पिता दिव्यांग हैं पट्टीदार राजू यादव विकास यादव इंद्रजीत यादव देवानंद सुमित हमारे मकान को गिराना चाह रहे हैं। थाने से लेकर तहसील तक मैं गुहार लगा चुकी हूं लेकिन मेरी सुनवाई नहीं हुई। डीएम के आने की उम्मीद थी जब वह नहीं आए तो सीडीओ को आवेदन दी। अपने घरों तक तक रास्ते की मांग को लेकर हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पचौरी के धोबी बस्ती के लोगों ने सीडीओ को आवेदन दिया और कहा हुजूर आप चाहेंगे तो हमारी बस्ती तक रास्ता बन जायेगा। पीच सड़क से बंजर भूमि तक रास्ता गया। लेकिन कुछ दबंग लोग रास्ता नहीं बनने दे रहे हैं।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते सीडीओ संजय कुमार मीणा व अन्य अधिकारी।

गायघाट के उदयभान मिश्र ने शिकायत दर्ज कराया कि मेरी चकबन्दीयुक्त जमीन पर आजमगढ़ के शिक्षा विभाग द्वारा मेरी जमीन पर विद्यालय बनवाया जा रहा है जिस पर दोनो तहसील के लेखपालोद्वारा जमीन चिति करके कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। अनिल कुमार मिश्रा ने अपनी भूमिधरी की जमीन पर पट्टेदार द्वारा आवास निर्माण करनेक्री शिकायत की गयी जहाँ पट्टा आवण्टित है वहाँ निर्माण नही किया जा रहा है।इसी तरह से कुल 36लोगो ने अपनी अपनी शिकायते दर्ज कराया मौके पर दो का ही निस्तारण होपाया।इस अवसर पर अधिवक्ता संघ द्वारा एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सम्बोधित मुख्य विकास अधिकारी को सौपा गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी खजनी सिद्धार्थ पाठक, एसओसी विनय कुमार पाण्डेय सहित जिलास्तरीय अधिकारी व तहसीलदार संदीप त्रिपाठी, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, नायब तहसीलदार नीरू सिंह, पूर्ति निरीक्षक अरुण सिंह सहित तमाम विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कच्ची शराब की कारोबारी महिलाएं धरायीं



**झंगहा (एसएनबी)।** झंगहा इलाके के राजधानी टोला मंगलपुर में कच्ची शराब के ठिकाने पर झंगहा थानाध्यक्ष गौरव राय कन्नौजिया नेतृत्व में  दबिश के दौरान लगभग सौ लीटर अवैध कच्ची शराब , आठ सौ किलो ग्राम लहन , शराब बनाने के उपकरण एवं भट्ठियों को मौके पर ही नष्ट किया गया। मौके से तीन बंदु पत्नी सुग्रीव साहनी , हेमंती पत्नी अदालत साहनी एवं गुड़िया पुत्री कोदई साहनी को राजधानी मंगलपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। इस दौरान झंगहा थानाध्यक्ष गौरव राय कन्नौजिया,उपनिरीक्षक शुभम श्रीवास्तव ,उपनिरीक्षक प्रेम, उपनिरीक्षक वंश बहादुर यादव, कांस्टेबल प्रदीप गुप्ता कांस्टेबल अनिल कुमार व आबकारी विभाग की टीम शामिल थी।

# झगंहा पुलिस ने पैदल गश्त कर सुरक्षा का कराया एहसास

**झंगहा( एसएनबी )।** झगंहा पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए इलाके में गश्त बढ़ा दी है। इसी क्रम में एडीजी अखिल कुमार के निर्देश पर झंगहा एसओ ने इलाके में गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया हैं।

एडीजी के निर्देश व एसएससी गोरखपुर के आदेशाअनुसार आज झंगहा थाना अध्यक्ष गौरव राय कनौजिया के नेतृत्व में झंगहा चौराहे पर पैदल गस्त व वाहन चेकिंग किया गया । इस दौरान सड़क के पटरियों पर दुकानदारों द्वारा किया गया। अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया गया । गश्त के दौरान चौकी इंचार्ज गोबड़ौर उदय भान सिंह, चौकी चार्ज नई बाजार रूपेश कुमार पाल सिंह, एसआई शिव कुमार यादव, हेड मोहरीर चौथी राम, कांस्टेबल सलमान खान ,महिला कांस्टेबल प्रतिज्ञा सिंह आदि मौजूद रहे।

**सड़क के किनारे रखे अतिक्रमण भी हटवाया**



झंगहा मे गश्त करती पुलिस टीम। फोटो : एसएनबी

# नौकरी के नाम पर ठगी,नर्स समेत तीन पर मुकदमा

**गोरखपुर(एसएनबी)।** एम्स गोरखपुर में वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज ने 96 हजार रुपये हड़प लिए। बेटे को नौकरी न मिलने पर पिता ने नर्स समेत तीन के विरुद्ध जालसाजी कर रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपितों में पीड़ित की बहन भी शामिल है। इस मामले की जांच गुलरिहा पुलिस कर रही है।

गुलरिहा थाना क्षेत्र के बिस्टौली निवासी सुनेसर ने जनता दर्शन में शिकायत की थी कि चिलुआताल क्षेत्र में रहने वाली उसकी बहन हेवन्ती देवी मेडिकल कालेज में सफाईकर्मी है। बेटे सन्नी को एम्स में वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने की बात कह उनकी मुलाकात मेडिकल कालेज में नर्स के पद पर तैनात मीना देवी से कराया। जुलाई 2022 में नौकरी के लिए उन्होंने मीना देवी के पति को 1.45 लाख रुपये दे दिए। नौकरी न मिलने पर उन्होंने मीना देवी व अपनी बहन से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने केवल 49 हजार ही लौटाए। शेष रुपये मीना देवी और शाहपुर के दरगहिया निवासी सुधीर पांडेय ने मिलकर हड़प लिए हैं। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

**एम्स में वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने के नाम लिया था रकम**

## फरार चल रहे तीन बदमाशों पर इनाम घोषित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने पिपराइच और चौरीचौरा थाना पर दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे तीन बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया है। इन बदमाशों में पिपराइच से दो और चौरीचौरा के एक बदमाश शामिल हैं। पिपराइच के दोनों बदमाशों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक पिपराइच के जंगल छत्रधारी टोला लालगंज निवासी चंदन चौहान उर्फ अमरदीप चौहान पुत्र लालधर चौहान निवासी सोनू चौहान पुत्र शिव चौहान पर धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था। यह दोनों फरार चल रहे हैं। एसएसपी ने इनके खिलाफ 15-15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। वहीं चौरीचौरा थाने में दर्ज 187/22 धारा 60/63 अबकारी अधि. व 272 में फरार चल रहे अपराधी बिगाडु उर्फ अखिलेश पासवान पुत्र प्रभु निवासी ढोलहा मौजा इब्रहिमपुर।

## लापरवाही में दारोगा व सिपाही निलंबित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने लापरवाही व अनुशासनहीनता के आरोप में पिपराइच थाने पर तैनात दारोगा बैजनाथ बिंद और महिला थाने की आरक्षी अर्चना सिंह को निलंबित कर दिया।

एसएसपी ने बताया कि दारोगा व महिला आरक्षी की कार्यप्रणाली से पुलिस बल की छवि धूमिल हो रही थी। निलंबन की कार्रवाई के साथ इनके विरुद्ध विभागीय जांच कराई जा रही है। रविवार को एसएसपी ने विवेचना में लापरवाही बरतने पर रामगढ़ताल थाने के दारोगा देवेंद्र सिंह यादव को निलंबित किया था।

# पूर्व प्रधान पति गैंगस्टर राजेश निषाद को पुलिस ने दबोचा

खोराबार (एसएनबी)। गैंगस्टर के अपराधी व पूर्व प्रधान पति राजेश निषाद पुत्र मोतिचंद निषाद को पुलिस ने लूट व हत्या के प्रयास के मामले में सोमवार की शाम पुलिस गिरफ्तार कर ली है।

सनद रहे बीते 4 फरवरी की शाम करीब 7.30 बजें राज निषाद पुत्र राधेश्याम निषाद सिकटौर चौराहे पर सामन लेने गया था पहले से घात लगाए गांव का ही रहने वाला गैंगस्टर राजेश निषाद और उसके लगभग 10 साथियों ने राज निषाद को घेर कर लाठी डंडा, राड व फर्सा से हमला कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल राज निषाद के पास से हमलावरों ने सोने का माला, दो अंगूठी व 30 हजार नगद भी लूट लिया। मामले में पुलिस राधेश्याम निषाद की तहरीर पर राजेश निषाद, मनोज, जयहिंद, गोविंद पुत्रगण मोतिचंद, आकाश पुत्र राजेश निषाद, हरिश्चंद्र पुत्र रामसुखी, देवशरण पुत्र स्व मलखा, गुड्डू पुत्र रामबृक्ष, विवेक व दयानंद पुत्रगण रामप्रित निवासी सिकटौर करमहिया थाना खोराबार के खिलाफ धारा 147,148, 323, 307 व 392 के तहत मुकदमा दर्ज करके अपराधियों की तलाश कर रही थी।

**शराब कारोबार में लिप्त थे राजेश**

**पुलिस ने लिया कड़ा एक्शन**

मामले में एक अभियुक्त देवशरण निषाद को पुलिस गिरफ्तार करके पहले जेल भेज चूकी हैं। बीते 12 फरवरी की रात में पुलिस राजेश निषाद को गिरफ्तार करने गई थीं लेकिन परिजनों, ग्रामीणों एव महिलाओं के विरोध करने पर पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। सोमवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस गैंगस्टर राजेश निषाद को सिकटौर से गिरफ्तार कर लिया।

# मंदिर व दीवार गिरने वाले पूर्व प्रधान समेत पांच गिरफ्तार

**जगदीशपुर (एसएनबी)।** खोराबार थाना क्षेत्र के चनकापुर गांव में बीते शनिवार को पूर्व ग्राम प्रधान व उसके सहयोगियों द्वारा कांग्रेस नेत्री पानमती शर्मा का घर का दीवाल और पास में स्थित पुराना मंदिर का दीवाल सहित पेड़ गिराने के मामले में खोराबार पुलिस ने पांचों आरोपितों को गिरफ्तार कर उप जिलाधिकारी चौरी चौरा के कोर्ट में पेश किया जहां कोर्ट ने सभी आरोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

**कानून का हाथ में लेने वाले पूर्व प्रधान सहित सभी को एसडीएम ने 14 दिन भेजा जेल**

याद दिला दें कि शनिवार 18 फरवरी को जगदीशपुर चौकी इलाके के चनकापुर ग्राम सभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह पुत्र लालचंद सिंह द्वारा अपने सहयोगी सुरेश सिंह ,राजमणि सिंह ,शुभम प्रताप सिंह ,मोहन प्रताप सिंह द्वारा अपने ही ग्राम सभा के कांग्रेश नेत्री पाम मति शर्मा का घर अपने निजी जेसीबी से दीवाल और साथ में लगे मंदिर की दीवार के साथ-साथ घर में लगे दो पेड़ को गिरा दिया। जिसमें पूर्व प्रधान व सहयोगी के खिलाफ खोराबार थाने में धारा 147, 323, 354, 504 ,427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसको लेकर खोराबार पुलिस ने शांति व्यवस्था को देखते हुए अभियुक्तों के खिलाफ धारा 151की के तहत गिरफ्तार कर चौरी चौरा एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

एसडीएम शिवम सिंह ने जमनात की अर्जी को खारिज करते हुए 14 दिन के लिए जेल भेज दिया।

# तीन शातिर चोर गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। 18 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे ने सीवान में जांच के दौरान गाड़ी सं.12553 के सीवान स्टेशन आगमन पर यात्रियों की भीड़ में यात्री सामानों की चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को चोरी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया। 19 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर को निगरानी के दौरान गोरखपुर स्टेशन पर 12 वर्ष का एक लड़का रोते हुए मिला। पूछताछ करने के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 18 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर को निगरानी के दौरान गोरखपुर स्टेशन पर 17 वर्ष का एक लड़का परेशान हालत में मिला। पूछताछ करने के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया।

19 फरवरी को गाड़ी संख्या 12556 के रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी से यात्री का छूटा हुआ एक बैग प्राप्त कर गोण्डा पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे यात्री के भतीजे के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया गया। 18 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल, लखनऊ जं. द्वारा गाड़ी संख्या 12531 से यात्री का छूटा हुआ एक बैग प्राप्त कर लखनऊ जं. पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे यात्री के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया गया। 17 फरवरी को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, सीवान द्वारा गाड़ी संख्या 15708 से यात्री का छूटा हुआ एक अदद भगवान की मूर्ति प्राप्त कर सीवान पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे यात्री के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया। रेल मदद की सूचना पर गाड़ी सं. 13019 के रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी द्वारा गाड़ी से यात्री का छूटा हुआ एक बैग प्राप्त कर काठगोदाम पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे यात्री के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया। रेल मदद की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, ऐशबाग द्वारा गाड़ी संख्या 20103 से यात्री का छूटा हुआ एक थैला प्राप्त कर ऐबाग चौकी पर जमा किया गया, जिसे यात्री के संबंधी के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया। यह जानकारी मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# जमीन के नाम पर नकदी हड़पा, केस

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री के जनता दरबार में जनपद महराजगंज थाना कोठीभार के ग्राम सभा कमता निवासी छोटेलाल पुत्र स्व रामलोचन ने शिकायत पत्र देकर बताया कि चौरी चौरा के भटगांवा निवासी अमरेन्द्र त्रिपाठी पुत्र कृपाशंकर ने मुझे जमीन दिलाने के नाम पर तीन लाख, सन्नतावन हजार रूपए ले लिया। जब मैंने जमीन मांगा तो, वह माडापार में मुझे जमीन दिलाने की बात बोल कर टालता रहा। मुझे करीब एक वर्ष तक जमीन दिलाने का बहाना बना कर टालता रहा, तब मैं थक हार कर अपना रूपये मांगा तो वह मुझे एक पचास हजार रूपए का चेक दिया जो बाउंस हो गया। पुनः जब मैंने अपना रूपये मांगा तो डेढ़ लाख रुपए का दूसरा चेक दिया वह फर्जी चेक निकला। अब तक ना मुझे जमीन दिलाया और ना मेरा रूपये लौटाया। पीड़िता की शिकायत पर जनता दरबार से आरोपी के खिलाफ चौरी चौरा पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया। चौरी चौरा पुलिस आदेश के आधार पर आरोपी अमरेन्द्र त्रिपाठी के खिलाफ धारा 420,406 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

# दरवाजे से खींचकर मनबढ़ों ने युवक को बर्बरता से पीटा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शहर में भी बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। रविवार की रात गोरखनाथ क्षेत्र में हथियार बंद बदमाशों ने एक युवक को घेर कर बुरी तरह पीटा। लहुलूहान युवक को मरा जानकर छोड़ गए। वहां खड़ी जनता तमाशा देखती रही। किसी ही हिम्मत हमलावरों का राकने की नहीं हुई। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घायल युवक को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि मुख्य हमलावर को पुलिस हिरासत में लिया है। तहरीर के आधार पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान हो गयी है।

- बदमाशों का आतंक देख राहगीर बने रहे तमाशाबीन
- सोशल मीडिया पर युवक की पिटाई का वीडियों वायरल
- राड और डण्डे से किया हमला,मरा समझकर छोड़कर भागे हमलावर
- मुख्य हमलावर गिरफ्तार, हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्जः एसपी सिटी

मिली जानकारी के अनुसार गोरखनाथ के हुमांयूपुर उत्तरी के रहने वाले स्व कृपा शंकर शर्मा की 10 साल पहले मौत हो गई थी। परिवार में उनकी पत्नी शांति शर्मा और तीन बेटे हैं। परिवार में सबसे छोटा बेटा अनूप शर्मा (22) है। कुछ महीनों पहले अनूप और उसका बड़ा भाई तरुण शर्मा नौकरी की तलाश में मुबंई चले गए थे। उनके साथ उसी मोहल्ले का रहने वाला एक अन्य युवक भी काम करने गया था। किसी बात को लेकर मुबंई में ही युवक का अनूप से विवाद और मारपीट हो गई।

इसके बाद अनूप और उसका भाई वापस गोरखपुर लौट आए। बाद में साथ गया युवक भी वापस आ गया। इसी बात को लेकर दोनों में दुश्मनी चल रही थी। अभी बीते 18 फरवरी को अनूप के बड़े भाई की शादी हुई है। उस वक्त भी युवकों ने अनूप से विवाद किया था। लेकिन, उस समय मामला इतना बढ़ा नहीं।



गोरखनाथ क्षेत्र के जटेपुर उत्तरी में एक युवक को पीटते मनबढ़।

रविवार की रात करीब 8 बजे अनूप अपने घर से तीसरी गली में अपने दोस्तों के साथ गया था। वह सड़क पर अपने दो दोस्तों संग टहल रहा था। इसी दौरान करीब 8 से 10 बदमाशों ने अनूप और उसके दोस्तों को घर लिया। कई बदमाश अपना चेहरा बांधे हुए थे। उनके हाथों में हाकी- डंडा और राड था। बदमाशों से घिरता देख अनूप और उसके दोस्त भागने लगे। लेकिन, बदमाशों ने उन्हें दौड़ा लिया।

दोनों दोस्त तो भागने में कामयाब हो गए। लेकिन, जान बचाने के लिए अनूप उसी गली के एक घर में घुसने लगा। दरवाजे के गेट तक पहुंचते ही बदमाशों ने उसे दौड़ा कर दबोच लिया और उसपर हमला बोल दिया। बदमाश उसे घसीटते हुए सड़क पर ले गए। फिर मोहल्ले में अपनी हनक कायम करने के लिए उसकी राड- डंडों और लात-घूसों से जमकर पिटाई की। कुछ ही देर में अनूप खून से लथपथ होकर बेहोश हो गया। जब बदमाशों को लगा कि उसकी मौत हो गई है तो,वहां से भाग गए। इस मामले में एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई का कहना है कि तहरीर के आधार पर हमलवारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। घायल युवक और मुख्य हमलावर दोस्त थे ।मुबंई में एक साथ काम करते थे। मुबंई में आपस में विवाद को लेकर घर पर मारपीट की है। सभी हमलावरों की पहचान हो गयी हैं।

# गोला में महिला से 30 हजार की जालसाजी

गोला के बेवरी चौराहा स्थित स्टेट बैंक पर पैसा जमा करने आई बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेलसडा निवासिनी पूनम प्रजापति के साथ जालसाजी हो गई. महिला के पास 30 हजार रुपए थे, जिसे जालसाजों ने फार्म भरने के नाम पर उड़ा दिया. बताया जा रहा है कि सोमवार को बेवरी चौराहा स्थित स्टेट बैंक पर महिला 30 हजार रुपए जमा करने आई थी. बैंक से बाहर ले जाकर की ठगी कर ली.

# मारपीट में पांच के खिलाफ केस दर्ज

भूमि विवाद की पैरवी करने तहसील गए गगहा थाना के ग्राम कुसमौरा बुजुर्ग निवासी सुनील को मनबढ़ों ने तहसील गेट पर पकड़कर पीट दिया. आरोप है कि मनबढ़ उसे घसीटते हुए कही और ले जाने का प्रयास करने लगे. शोर मचाने पर छोड़कर फरार हो गए. पीड़ित ने तहरीर दे दी है. थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह ने बताया कि संतोष यादव, सोनू, संदीप समेत दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है.

## मनीष हत्याकांड

# लिफ्ट से मनीष को उठाकर गाड़ी में रखवाया था होमगार्ड

**गोरखपुर(एसएनबी)।** कानपुर के रहने वाला मनीष हत्याकांड में सातवें आरोपित के रूप में जिस होमगार्ड पर मीनाक्षी गुप्ता अंगुली उठा रही हैं वह होटल के कमरे में गया ही नहीं था। लिफ्ट से मनीष को उठाकर उसने पुलिस की गाड़ी में रखवाया था। सीबीआई की पूछताछ और फुटेज की जांच में उसके आरोपित होने की पुष्टि नहीं हो पाई है, लिहाजा सातवें आरोपित की थ्योरी अब सीबीआई ने खारिज कर दिया है। वहीं होटल के कमरे की मनीष की फोटो के आधार पर मीनाक्षी हाथ में जिसे सोने का ब्रेसलेट बता रही हैं वह पीले रंग का रक्षासूत्र बताया जा रहा है। शव के पंचनामे में इसका जिक्र किया गया है लिहाजा ब्रेसलेट चोरी या लूट की थ्योरी भी साबित नहीं हो पाई है। वहीं गला दबाने की आशंका को पीएम रिपोर्ट ने खारिज कर दिया। तत्कालीन डीएम-एसएसपी पर धमकी के आरोप की जांच अभी जारी है।



**होमगार्ड को मीनाक्षी ने बताया है सातवां आरोपित,जांच में पुष्टि नहीं**

**होटल के कमरे में गया ही नहीं था होमगार्ड,धमकी की जांच है जारी**

**त्कालीन डीएम और एसपी की धमकी की चल रही है जांच**

मालूम हो कि कानपुर के प्रापर्टी डीलर मनीष गुप्ता की 27 सितम्बर 2021 की रात में गोरखपुर के होटल के कमरे में पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। इस मामले में मनीष की पत्नी मीनाक्षी गुप्ता की तहरीर पर रामगढ़ताल थाने में छह पुलिसवालों पर हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। इस घटना में गोरखपुर पुलिस घिरी हुई थी लिहाजा प्रदेश सरकार ने सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया। सीबीआई ने इसमें हत्या की चार्जशीट दाखिल कर दी थी। सीबीआई कोर्ट ने छह आरोपितों में पांच के ऊपर से कोर्ट ने हत्या की धारा हटा दी थी जिसके बाद मीनाक्षी हाईकोर्ट चली गई थी।

इस मामले में हाईकोर्ट से स्टे मिल गया है और तीन मार्च को इसकी सुनवाई होनी है। उधर, इस बीच मीनाक्षी ने सीबीआई मुख्यायल को तीन अलग-अलग प्रार्थनापत्र देकर नए आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। इन आरोपों पर सीबीआई की टीम पिछले दिनों गोरखपुर आई थी। इसमें सबसे बड़ा आरोप सातवें आरोपित को लेकर था। मीनाक्षी ने फुटेज के आधार इस इस हत्याकांड में छह नहीं सात आरोपित होने का आरोप लगाया था। जांच में पता चला कि वह जिस पर आरोप लगा रही हैं वह रामगढ़ताल थाने का होमगार्ड है। मनीष गुप्ता के घायल होने की सूचना देकर उसे थाने से बुलाया गया था और लिफ्ट से उसने मनीष को उठाकर गाड़ी में रखा था। वह होटल के कमरे नहीं गया था। फुटेज और बयान के आधार पर इसकी पुष्टि होने के बाद सीबीआई ने अब इस आरोप को खारिज कर दिया है। वहीं फोटो के आधार पर मीनाक्षी जिसे ब्रेसलेट बता रही थी दरअसल वह पीले रंग का रक्षासूत्र बताया जा रहा है। पंचनामा में इस बात का जिक्र है। पंचनामा के आधार पर यह दावा भी साबित नहीं हो पाया है। गले पर चोट के निशान को पीएम रिपोर्ट ने खारिज कर दिया। डक्टर के बयान में भी इस बात का जिक्र नहीं आया। वहीं डीएम और एसपी पर धमकी के मामले में सीबीआई की जांच जारी है।

# गर्भवती की मौत के मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (20 Feb): उरुवा एरिया के केबी मेमोरियल हॉस्पिटल में लापरवाही से प्रसूता की मौत के मामले में सीएमओ के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की दी गई हैं. कमेटी एक हफ्ते में जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौपेंगी. हालांकि, मामले में पहले ही हॉस्पिटल संचालक अरेस्ट किया जा चुका है. डॉक्टर फरार है. पुलिस उसकी तलाश में जुटी है.

## अभी तक 80 डॉक्टर्स ने दी शपथ पत्र

जिले में अस्पताल रजिस्ट्रेशन के नाम पर चल रहे खेल से लगातार पर्दा उठ रहा है. हो रही घटनाओं को लेकर एक तरफ जहां हेल्थ डिपार्टमेंट सख्त हैं तो वही डॉक्टर्स में हड़कंप मचा है. इसी का नतीजा है कि डॉक्टर्स अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन से नाम वापस ले रहे हैं. अब तक करीब 80 डॉक्टर्स ने इसको लेकर शपथपत्र दे चुके हैं.

## 153 को दी गई नोटिस

निजी अस्पतालों में बिना डॉक्टर के मरीजों का इलाज चल रहा है. वहीं लापरवाही में मौतें भी हो रही हैं. अब हेल्थ डिपार्टमेंट अस्पतालों को नोटिस दे रहा है. अब तक 153 अस्पतालों को नोटिस दिया जा चुका है. डिप्टी सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि गठित कमेटी जांच में जुटी है.

# अवैध अस्पताल की सीएम से शिकायत

GORAKHPUR (20 Feb):केबी मेमोरियल हॉस्पिटल, उरुवा में 17 फरवरी को हुई प्रसूता की मौत मामले में स्वजन ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है. इसी अस्पताल में पांच दिन पूर्व 12 फरवरी को भी एक नवजात की मौत हो गई थी. उरुवा ब्लाक के ग्राम सुल्तानी के देवेंद्र कुमार ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की है कि उनकी पत्नी रीना को प्रसव पीड़ा होने पर बीते 10 फरवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरुवा में भर्ती कराया गया. वहां से उन्हें जिला महिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया. आशा कार्यकर्ता के कहने पर केबी मेमोरियल हास्पिटल में भर्ती कराया गया. वहां ऑपरेशन का खर्च 42 हजार रुपये बताया गया. 20 हजार रुपए जमा करने के बाद रीना को भर्ती किया गया.

## 12 फरवरी को बिगड़ी तबीयत

ऑपरेशन के बाद स्वस्थ बच्चा हुआ, लेकिन 12 फरवरी को उसकी तबीयत बिगड़ने लगी. डॉक्टर ठीक होने का भरोसा देती रहीं, कहीं ले जाने नहीं दिया. अंतत: उसकी मौत गई. स्वजन ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है. अस्पताल प्रबंधन ने 22 हजार रुपये और जमा कराए, तब पत्नी को डिस्चार्ज किया. उरुवा पीएचसी प्रभारी डॉ. जेपी तिवारी ने बताया कि पीएचसी से मरीज को जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था. उन लोगों ने कहीं और उपचार कराया तो उसके जिम्मेदार वे खुद हैं. यदि आशा निजी अस्पताल ले गई हैं तो शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी.

# छह पर दहेज उत्पीड़न का केस

**GORAKHPUR (20 Feb):**कोर्ट के आदेश पर पिपराइच पुलिस ने जंगलधूषण टोला हसनगंज निवासी मीरा की तहरीर पर पति समेत छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है. मीरा ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी शादी तीन मई 2022 को गोला क्षेत्र के नगवा प्रेम गांव निवासी अमरजीत से हुई थी. मांग के सापेक्ष पूरी रकम और सामान दिए गए थे. बावजूद और दहेज की मांग को लेकर पति समेत ससुराल के लोग मारते-पीटते थे.

# एम्स में नौकरी के नाम पर ठगी, नर्स समेत तीन पर केस

GORAKHPUR (20 Feb): एम्स में वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज ने 96 हजार रुपये हड़प लिए. बेटे को नौकरी न मिलने पर पिता ने नर्स समेत तीन के विरुद्ध जालसाजी कर रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है. आरोपितों में पीड़ित की बहन भी शामिल है. गुलरिहा थाना पुलिस आरोप की जांच कर रही है. गुलरिहा थाना क्षेत्र के बिस्टौली के सुनेसर ने जनता दर्शन में शिकायत की थी कि चिलुआताल क्षेत्र में रहने वाली उसकी बहन हेवन्ती देवी मेडिकल कालेज में सफाईकर्मी है. बेटे सन्नी को एम्स में वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने की बात कह उनकी मुलाकात मेडिकल कालेज में नर्स के पद पर तैनात मीना देवी से कराया. जुलाई, 2022 में नौकरी के लिए उन्होंने मीना देवी के पति को 1.45 लाख रुपये दे दिए. नौकरी न मिलने पर उन्होंने मीना देवी व अपनी बहन से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने केवल 49 हजार ही लौटाए. शेष रुपये मीना और शाहपुर के दरगहिया निवासी सुधीर पांडेय ने मिलकर हड़प लिए हैं.

**लीपापोती** डीएफओ का दावा 2018-19 में बनाई गई थी लिस्ट, मोहम्मदपुर माफी में हुई घटना की शासन को भेजी रिपोर्ट

# जानलेवा हाथी पर फॉरेस्ट डिपार्टमेंट बना 'सफेद हाथी'

**INVESTIGATE**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (20 Feb): मोहम्मदपुर माफी में बिदके हाथी से गई 3 लोगों की जान ने फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की भी हीलाहवाली उजागर कर दी है. मोहम्मदपुर माफी में हुई घटना की फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की 4 सदस्यीय टीम अब तक जांच नहीं कर पाई है. हैरान करने वाली बात यह भी है कि 2018-19 में गणना का दावा है कि जिलेभर में कितने हाथी हैं और कौन इसका ऑनर है. लेकिन इसे भी सार्वजनिक नहीं किया गया. कहीं न कहीं मामले की लीपापोती में जुटा फॉरेस्ट डिपार्टमेंट अब अपनी ही जांच को लेकर घिरता नजर आ रहा है. नवंबर 2021 से डीएफओ विकास खुद गोरखपुर की कमान संभाले हैं, लेकिन इस घटना के बाद पूरा फॉरेस्ट डिपार्टमेंट सफेद हाथी साबित हो गया है.



हमलावर हाथी को विनोद वन में रखा गया है.

"चार सदस्यीय टीम मामले की जांच कर रही है. अभी तक की जांच में हाथी के मालिक का पता नहीं चल सका है. महावत भी मौके से भाग गया था, दूसरे गांव से महावत बुलाकर रेस्क्यू करवाया गया था. जांच में 10 दिन का वक्त लगेगा. इसके साथ ही सूची भी जारी की जाएगी.

**विकास यादव,** डीएफओ

## हाथी का मालिक कौन, अफसरों को पता ही नहीं

बता दें, चिलुआताल थाना अंतर्गत मोहम्मदपुर माफी में एक हाथी ने एक मासूम बच्चा समेत दो महिलाओं को कुचल दिया था. फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने हाथी को ट्रेंक्यूलाइज कर इंजेक्शन का सहारा लिया, लेकिन हाथी के मालिक का अब तक पता नही लगा सकी है. जबकि चर्चा इस बात की है कि यह हाथी ग्रामीण विधायक विपिन सिंह का है. लेकिन इस बात की पुष्टि फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारी अब तक नही कर सके हैं.

## जांच के लिए 10 दिन का वक्त

दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के इंवेस्टिगेशन में कई तथ्य चौंकाने वाले सामने आए. दरअसल, वन्य जीव अधिनियम 1972 के तहत वन्य जीव की सूची फॉरेस्ट डिपार्टमेंट को बनानी होती है. सूची में जिलेभर में कितने वन्य जीव हैं, मालिक कौन है. हाथी को टाइम टू टाइम उसकी मीटिंग से पहले उसके महावत को इस बात की जानकारी देनी थी कि वह इसे बाहर नहीं निकालेंगे. लेकिन यह सब प्रक्रिया धरी की धरी रह गई. जबकि 2018-19 में भी हाथी ने अपना शिकार बनाया था. लिस्ट बनाई गई थी. लेकिन अब तक इस मामले में चार सदस्यीय टीम जांच नहीं कर सकी है. जबकि इस घटना के बाद जिले भर में हाथी पालकों की सूची बनाए जाने का दावा किया जा रहा है. लेकिन इसके लिए 10 दिन का वक्त निर्धारित किया है. वहीं इस मामले की पल-पल रिपोर्ट भी शासन को भेजी जा रही है. शासन से नई गाइडलाइन आने के बाद ही अब हाथी के रजिस्ट्रेशन कराए जाने की बात कही जा रही है. इसके लिए डीएफओ आफिस में आवेदन करना होगा.

## हाथी ने पहले भी बनाया शिकार

फरवरी 2019 - पूर्व मंत्री जितेंद्र कुमार जायसवाल उर्फ पप्पू भैया के पादरी बाजार स्थित फार्म हाउस पर बिदके हाथी ने चारा देने गए महावत रफीक को सूंड़ में लपेटकर पटकने के बाद पैर से दबाकर मार डाला था. 15 वर्ष पहले भी पूर्व मंत्री के हाथी ने अपने महावत को कुचलकर मार डाला था.

**1** जुलाई 2019 - कौड़ीराम-गोला मार्ग पर तीयर चौराहे के पास एक तिलक समारोह में पूजन के दौरान हाथी बिदक गया. उसने आधा दर्जन लोगों को घायल कर दिया और कई गुमटियां व वाहन पलट दिए. वन विभाग की टीम के साथ महावत ने किसी तरह हाथी पर काबू पाया.

**14** जनवरी 2020 - झंगहा के सहसराव गांव में आयोजित यज्ञ कार्यक्रम में गए विधायक विपिन सिंह के इसी हाथी ने अपने महावत शब्बीर को पटककर मार डाला था. बाद में महावत के चचेरे भाई असीम ने किसी तरह हाथी को काबू में कर पेड़ से बांध दिया. हाथी मालिक विधायक विपिन सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर दुख जताने के साथ ही महावत के परिजन को आर्थिक मदद का आश्वासन दिया. घटना के बाद वन विभाग की टीम ने हाथी को कब्जे में ले लिया, जिसे बाद में महावत बिना बताए ही लेकर चला गया.

# छेड़खानी करने वाला आरोपित अरेस्ट

बांसगांव थाना क्षेत्र के एक गांव में पालतू कुत्ते को घर के पीछे से लेकर लौट रही किशोरी के साथ एक युवक ने छेड़खानी शुरू कर दी. आरोप है कि युवक उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था. शोर मचाने पर पहुंचे स्वजन को देख आरोपित फरार हो गया. किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने छेड़खानी व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर आरोपित अंबरिश पांडेस को गिरफ्तार कर लिया. थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह ने बताया कि आरोपित को न्यायालय ने 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया.

# सरेशाम गुंडई... युवक को दौड़ाकर पीटा, मरा समझकर भागे बदमाश

**गोरखनाथ एरिया की घटना**
**घायल युवक की हालत गंभीर**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (20 Feb):** गोरखनाथ एरिया में बेखौफ बदमाशों की सरेआम गुंडई देखने को मिली. यहां एक युवक को बदमाशों ने दौड़ाकर बेरहमी से पीटा. युवक बदमाशों से जान छुड़ाकर भागता रहा, लेकिन बदमाशों ने उसे घर के दरवाजे से खींचकर पकड़ लिया. रॉड- डंडे और लात-घूसों से लैस आधा बदमाशों ने उसे खूब पीटा. बदमाशों को जब लगा कि युवक की मौत हो गई है, तब उसे हिला-डुलाकर चेक कर वहां से भागे. वहां खड़ी पब्लिक तमाशा देखती रही. यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. घटना गोरखनाथ इलाके के हुमांयुपुर उत्तरी की है. रविवार देर शाम हुई घटना के बाद युवक को शहर के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है. परिवार के लोगों ने की लिखित शिकायत पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद.

### मजदूर से की मारपीट

सिद्धार्थ इंक्लेव, तारामंडल रोड के रहने वाले अजय के साथ शुक्रवार को राजू निषाद नाम के व्यक्ति ने धारदार हथियार के साथ मारपीट की. अजय ने बताया कि वह मजदूरी करते है. उनका आरोप है कि वह शुक्रवार को जब काम से घर वापस आ रहे थे तभी रास्ते में राजू ने उनपर हमला कर दिया. इसमें वह बुरी तरह घायल हो गए. बचाव के लिए आई मां से भी मारपीट की. इस मामले में थाना रामगढ़ताल में एफआईआर दर्ज की गई है.

### मुंबई का विवाद, यहां बदला

गोरखनाथ के हुमांयूपुर उत्तरी के रहने वाले कृपा शंकर शर्मा की 10 साल पहले मौत हो गई थी. परिवार में उनकी पत्नी शांति शर्मा और तीन बेटे हैं. परिवार में सबसे छोटा बेटा अनूप शर्मा (22) है. कुछ महीनों पहले अनूप और उसका बड़ा भाई तरुण शर्मा नौकरी की तलाश में मुंबई गए थे. उनके साथ उसी मोहल्ले का रहने वाला एक अन्य युवक भी काम करने गया था. किसी बात को लेकर मुंबई में ही युवक का अनूप से विवाद और मारपीट हो गई.

### 18 को थी भाई की शादी

इसके बाद अनूप और उसका भाई वापस गोरखपुर लौट आए, बीते 18 फरवरी को अनूप के बड़े भाई की शादी हुई है. उस वक्त भी युवकों ने अनूप से विवाद किया था, लेकिन उस समय मामला इतना बढ़ा नहीं.

### टहल रहा था अनूप

रविवार रात करीब 8 बजे अनूप अपने घर से तीसरी गली में अपने दोस्तों के साथ टहल रहा था. इसी दौरान करीब 8 से 10 बदमाशों ने अनूप और उसके दोस्तों को घेर लिया. कई बदमाश अपना चेहरा बांधे हुए थे. उनके हाथों में हॉकी-डंडा और रॉड था. बदमाशों से घिरता देख अनूप और उसके दोस्त भागने लगे, लेकिन बदमाशों ने उसे दौड़ा लिया.

### घसीटकर सड़क पर ले गए

दोनों दोस्त तो भागने में कामयाब हो गए, लेकिन जान बचाने के लिए अनूप उसी गली के एक घर में घुसने लगा. दरवाजे के गेट तक पहुंचते ही बदमाशों ने उसे दौड़ाकर दबोच लिया और उसपर हमला बोल दिया. बदमाश उसे घसीटते हुए सड़क पर ले गए. फिर उसकी जमकर पिटाई की. कुछ ही देर में अनूप खून से लथपथ होकर बेहोश हो गया. जब बदमाशों को लगा कि उसकी मौत हो गई है तो वह वहां से भाग गए. इंस्पेक्टर गोरखनाथ दुर्गेश सिंह ने घटना में सात बदमाश शामिल थे, जिसमें से मेन अभियुक्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.



**"कल रात में मारपीट की सूचना पर गोरखनाथ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची. पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया. तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर सीसीटवी की मदद से अभियुक्तों की पहचान की गई. मुख्य अभियुक्त को अरेस्ट कर लिया गया है.**

**कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी

# जालसाजी कर लोन लेने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर। खजनी पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे किसान के नाम पर बैंक से केसीसी से लोन लेने वाले जालसाज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपित की पहचान हरपुर बुदहट क्षेत्र के चरनाद गांव निवासी प्रकाश पाण्डेय के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ पीड़ित किसान की तहरीर पर केस दर्ज कर तलाश कर रही थी।

# नया गांव में तेंदुए का खौफ विभाग ने कहा निशान नहीं

चिलुआताल, हिसं। महानगर में तेंदुआ की एंट्री हो गई है। गोरखनाथ क्षेत्र के नया गांव में कथित तौर पर तेंदुआ ने ग्रामीण पर हमला कर दिया है। इस घटना में एक ग्रामीण घायल हो गया है।

वन विभाग की टीम गांव में पहुंच गई है। हालांकि टीम को अब तक तेंदुआ के कोई निशान नहीं मिले हैं। घटना रविवार रात की है। गोरखनाथ थाना के रामपुर नया गांव किनारे स्थित मिठाई लाल के छोटे बेटे रामकरन परिवार के साथ रहते हैं। बताया कि रविवार रात में लगभग आठ बजे घर के बाहर कुत्तों के भौंकने की आवाज आ रही थी। दरवाजे पर गाय व भैंस बंधी थी। देखने बाहर निकला। काले रंग के तेंदुए जैसे दिखने वाले जानवर ने हमला कर दिया। उसे झटका तो हाथ पर काट लिया। शोर सुनकर घर के लोग बाहर आए। जानवर नदी की तरफ चला गया। ग्रामीणों ने बताया कि दस दिनों गांव के सिवान के पास बहने वाली रोहिणी नदी के किनारे तेंदुए जैसा जानवर दिखा है।



घायल रामकरन।

# पूर्व प्रधान सहित पांच को भेजा जेल

चौरीचौरा। खोराबार थानाक्षेत्र के सिसवा उर्फ चनकापुर गांव के पूर्व ग्राम प्रधान ने अपने भाइयों को साथ लेकर अपनी जेसीबी से पूर्व कांग्रेस नेत्री पानमती शर्मा की तीन दशक पूर्व बनी दीवार, शौचालय और मंदिर को तोड़ दिया था। जिसमें पुलिस ने चार लोगों को शांतिभंग में चालान किया था। एसडीएम शिवम सिंह ने 14 दिनों की के लिए जेल में भेज दिया।

पूर्व ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह उस भूमि को अपना बताता रहा। जमीन की पैमाइश को वीरेंद्र ने तहसीलदार के यहां प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर हल्का लेखपाल को पैमाइश करने का निर्देश दिया था। 15 फरवरी को हल्का लेखपाल मौके पर पैमाइश के पहुंचने पर सहमति नहीं बन पाई। वीरेंद्र अपने भाइयों सुरेश मणि सिंह, राममणि, पुत्र मोहन , सोहन व अन्य के साथ जेसीबी से घर का शौचालय, मन्दिर तोड़ दिया।

# हत्या के मामले में तीन को उम्रकैद

- सभी अभियुक्तों पर 33 हजार 500 रुपये कर अर्थदंड लगाया
- एक मार्च 2004 की रात करीब आठ बजे की है घटना

गोरखपुर, निज संवाददाता। हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने तिवारीपुर थाना क्षेत्र के घोषीपुर निवासी अभियुक्त शादाब उर्फ सैय्यद मुनीर, शाद उर्फ मुशीर व कैफ़ी को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 33 हजार 500 रुपये अर्थदंड लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एचएन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि घटना एक मार्च 2004 की रात करीब आठ बजे की है। वादी शमशाद के मुहल्ले के कमर की गाड़ी उसी के दरवाजे के सामने गिरी हुई थी। वादी के मामू आमान उसी रास्ते जा रहे थे तो अभियुक्त वादी के मामू के ऊपर गाड़ी गिराने का आरोप लगाते हुए लाठी डंडा गुप्ती से मारने पीटने लगे। उन्हें बचाने आए वादी के पिता आरिफ उर्फ शहजादे, रियाज, आफाक, राजू, इमराना, संजीदा उर्फ नन्ही बीच बचाव करने आए तो अभियुक्तों ने जान मारने की नीयत से बंदूक से कई बार फायर किए। जिसमे वादी के पिता आरिफ खान उर्फ शहजादे की मृत्यु हो गई और बाकी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बदमाशों ने युवक को रॉड से पीटकर अधमरा किया





सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई मनबढ़ों की करतूत।

## पुराना विवाद मूल वजह

कुछ महीनों पहले अनूप और उसका बड़ा भाई मुंबई गए थे। उनके साथ मोहल्ले का रहने वाला युवक (मुख्य आरोपी) भी काम करने गया था। लेनदेन को लेकर मुंबई में ही युवक का अनूप से विवाद हो गया। इसके बाद सभी गोरखपुर लौट आए। इसी बात को लेकर दोनों में दुश्मनी चल रही थी। 18 फरवरी को अनूप के बड़े भाई की शादी हुई है। उस वक्त भी युवकों ने अनूप से विवाद किया था।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखनाथ इलाके में बेखौफ बदमाशों ने सरेआम गुंडई करते हुए एक युवक को सड़क पर दौड़ाकर बेरहमी से पीटा। युवक खुद को छुड़ाकर भागता रहा। लेकिन, बदमाशों ने उसे खींचकर पकड़ लिया और रॉड-डंडे और लात-घूसों से तब तक पीटा जब तक वह अधमरा नहीं हो गया।

पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने गंभीर हालत में युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इस मामले में पुलिस ने देर रात मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया और तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। गोरखनाथ के हुमांयूपुर उत्तरी के रहने वाले स्व. कृपाशंकर शर्मा की 10 साल पूर्व मौत हो गई। परिवार में उनकी पत्नी शांति शर्मा और तीन बेटे हैं। परिवार में सबसे छोटा बेटा अनूप शर्मा (22) है। रविवार की रात करीब आठ बजे अनूप अपने दोस्तों के साथ टहल रहा था। इसी दौरान करीब आठ से 10 बदमाशों ने अनूप और उसके दोस्तों को घेर लिया। बदमाशों से घिरता देखकर अनूप और उसके दोस्त भागने लगे। दोनों दोस्त तो भागने में कामयाब रहे। लेकिन, जान बचाने के लिए अनूप उसी गली के एक घर में घुसने लगा।

दरवाजे के गेट तक पहुंचते ही बदमाशों ने उसे दबोच लिया और जानलेवा हमला बोल दिया। बदमाश उसे घसीटते हुए सड़क पर ले गए। इसके बाद उसकी रॉड-डंडों और लात-घूसों से जमकर पिटाई की। कुछ ही देर में अनूप खून से लथपथ होकर बेहोश हो गया। जब बदमाशों को लगा कि उसकी मौत हो गई है तो वह वहां से भाग गए। घटना के दौरान कई बदमाश अपना चेहरा कपड़े से ढके थे। इस बाबत एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नाई ने कहा कि सीसी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर ली गई है, मुख्य आरोपी पुलिस की हिरासत में है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# केबी मेमोरियल हॉस्पिटल के खिलाफ एक और शिकायत

- ऑनलाइन शिकायत दर्ज, पुलिस जांच में जुटी
- लापरवाही से बच्चे की मौत का आरोप लगाया

गोरखपुर। उरुवा के केबी मेमोरियल हॉस्पिटल के खिलाफ एक और शिकायत आई है। पीड़ित ने ऑनलाहन शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि अस्पताल की लापरवाही की वजह से उसके बच्चे की मौत हो गई थी।

इतना ही नहीं पीड़ित ने आशा पर भी दबाव बनाकर अस्पताल में ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर जांच में जुटी है। उरुवा थानाक्षेत्र के सहुंआपार निवासी देवेंद्र कुमार ने दर्ज कराए ऑनलाइन शिकायत में लिखा है कि दस फरवरी को पत्नी रीना को प्रसव पीड़ा होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरुवा लेकर गए थे। वहां जांच के बाद नार्मल डिलेवरी नहीं होने की बात बताते हुए जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। साथ में आई आशा नीलम कन्नौजिया ने परेशानी का फायदा उठाया और मुझे केबी मेमोरियल हॉस्पिटल लेकर चली गई। जांच के बाद वहां पर मौजूद एक महिला ने जो खुद को डॉक्टर बताया था। उसने जांच के बाद कहा कि अगर तुरंत ऑपरेशन नहीं हुआ तो कुछ भी हो सकता है। फौरन 42 हजार जमा करा दीजिए।

उधार लेकर 20 हजार रुपये जमा किए और फिर बच्चा पैदा हो गया। ऑपरेशन बाद उसे स्वस्थ बताया गया, लेकिन 12 फरवरी को बच्चे की तबीयत अचानक खराब हो गई और फिर उसकी मौत हो गई। इसके बाद मुझसे 22 हजार रुपये फिर जमा कराया गया और पत्नी को डिस्चार्ज कर दिया गया। आरोप है कि लापरवाही की वजह से मौत हुई है।

# हाथी की सेहत में सुधार, बढ़ गई निगरानी की मियाद




- अब 10 दिन तक होगी हाथी की सेहत की निगरानी
- हाथी को वन विभाग ने रखा है विनोद वन में

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चिलुआताल के मोहम्मदपुर माफी में बिदके हाथी की सेहत में सुधार हो रहा है। हाथी के हावभाव में हो रहे परिवर्तन से पशु चिकित्सक संतुष्ट है। हालांकि अभी भी उस पर मस्ती का असर है। इसको देखते हुए वन विभाग ने हाथी के निगरानी की मियाद बढ़ा दी है। सोमवार को मोहम्मदपुर माफी में बिदके हाथी को वन विभाग ने विनोद वन के पार्क में रखा है। यहीं उसका इलाज चल रहा है। हाथी के साथ महावत मुस्तफा मौजूद रहा।

महावत अपने तीन साथियों के साथ हाथी को दोनों वक्त चारा दे रहा है। हाथी की सेहत की निगरानी के लिए बीते शुक्रवार को चार पशु चिकित्सकों की टीम बनाई गई थी। सोमवार को निगरानी का चौथा दिन रहा। वन विभाग ने हाथी की निगरानी की मियाद बढ़ा दी है। पहले इसकी मियाद छह दिन थी, जिसमें चार दिन बीत चुके हैं। हाथी की सेहत में सकारात्मक परिवर्तन को देखते हुए वन विभाग ने निगरानी की मियाद बढ़ाकर 10 दिन कर दी है। माना जा रहा है कि इस दरम्यान हाथी विनोद वन में ही रहेगा।

सुबह और शाम को महावत के जरिए उसे चारा दिलाया जाएगा। डीएफओ विकास यादव ने बताया कि घटना की जांच चल रही है। हाथी की सेहत की निगरानी की जा रही है। अगले 10 दिन तक डॉक्टरों की टीम उसकी निगरानी करेगी।

## पहले से कम हुआ हाथी का तनाव

चिड़ियाघर के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि हाथी के सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। उसका तनाव पहले से काफी कम है। अपने हाव-भाव से भी हाथी सामान्य दिख रहा है। आंखों का संकुचन भी सामान्य हुआ है। जबकि घटना के समय उसके आंखें की त्योरियां चढ़ी हुई थी। यह सकारात्मक संकेत है। इसको देखते हुए निगरानी बढ़ाई जा रही है।

# घर पर पुलिस को घेरने वाला गैंगस्टर राजेश गिरफ्तार

- लूट और हत्या के प्रयास के केस में थी तलाश
- दबोचने गई पुलिस को घेर लिया था परिवार ने

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। खोराबार पुलिस ने गैंगस्टर राजेश निषाद को सोमवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया। आठ दिन पहले घर पर पहुंची पुलिस को गैंगस्टर और उसके परिवारीजनों ने घेर लिया था।

विरोध की वजह से पुलिस को लौटना पड़ा था। अधिकारियों के निर्देश पर हल्का दारोगा ने सात नामजद समेत 25 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। खोराबार के सिक्टौर गांव निवासी राजेश निषाद ने चार फरवरी 2023 की रात अपने सहयोगियों संग मिलकर गांव के राज निषाद पर जानलेवा हमला कर दिया था। आरोप है कि अचेत होने पर उसकी जेब में रखे 30 हजार रुपये और दो अंगूठी लूटकर भाग गया। राज की तहरीर पर जानलेवा हमला व लूट का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। 12 फरवरी की रात में राजेश के घर पर मौजूद होने की सूचना पर पुलिसकर्मी पहुंचे तो गैंगस्टर के आरोपित ने परिवारीजनों के साथ घेर लिया। हंगामा बढ़ने पर पुलिस को लौटना पड़ा।

घटना का वीडियो वायरल होने पर एसएसपी के निर्देश खोराबार थाना पुलिस ने राजेश व उसके सहयोगियों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि राजेश निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# जालसाजी का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट क्षेत्र के अभय ट्रेडर्स से उधार में गेहूं, धान का बीज और कीटनाशक लेने के बाद जालसाजी के आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि आरोपित मृत्युंजय मिश्र देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र के भगवानपुर का रहने वाला है। चेक बाउंस होने पर पीड़ित ने उसके खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया था।

# दरोगा और महिला सिपाही निलंबित

गोरखपुर। लापरवाह पुलिसवालों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। एसएसपी ने सोमवार को दो पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। पिपराइच थाने में तैनात दरोगा और पुलिस लाइन में महिला सिपाही पर कार्रवाई की गई है। विभागीय जांच का भी आदेश दिया गया है।

इससे पहले विवेचना में लापरवाही पर रामगढ़ताल और कैंट थाने में तैनात दो दरोगा को भी निलंबित किया गया था। एसएसपी के मीडिया सेल के मुताबिक पिपराइच थाने पर तैनात दरोगा बैजनाथ बिंद व पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी अर्चना सिंह को निलंबित किया गया है। बताया जा रहा है कि अर्चना सिंह कई दिनों से बिना सूचना लापता हैं।

# नौकरी के नाम पर ठगी, केस दर्ज

**जालसाजी**

- एम्स में वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने के नाम पर लिए रुपये
- आरोपितों में पीड़ित की बहन भी शामिल, पुलिस आरोप की जांच कर रही

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** एम्स में वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज ने 96 हजार रुपये हड़प लिए। बेटे को नौकरी नहीं मिलने पर पिता ने नर्स समेत तीन के विरुद्ध जालसाजी कर रुपये हड़पने का मुकदमा गुलरिहा थाने में दर्ज कराया है। आरोपितों में पीड़ित की बहन भी शामिल है। गुलरिहा थाना पुलिस आरोप की जांच कर रही है।

गुलरिहा थानाक्षेत्र के बिस्टौली निवासी सुनेसर ने जनता दर्शन में शिकायत की थी कि चिलुआताल क्षेत्र में रहने वाली उसकी बहन हेवन्ती देवी मेडिकल कॉलेज में सफाईकर्मी है। बेटे सन्नी को एम्स में वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने की बात कह उनकी मुलाकात वहीं नर्स के पद पर तैनात मीना देवी से कराया। जुलाई 2022 में नौकरी के लिए उन्होंने मीना देवी के पति को 1.45 लाख रुपये दे दिए। नौकरी नहीं मिलने पर उन्होंने मीना देवी और अपनी बहन से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने केवल 49 हजार ही लौटाए। शेष रुपये मीना देवी और शाहपुर के दरगहिया निवासी सुधीर पांडेय ने मिलकर हड़प लिया हैं। इस बाबत एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# मनीष को होटल से गाड़ी में रखने तक ही थी होमगार्ड की भूमिका



**मनीष हत्याकांड**

- होमगार्ड को मीनाक्षी ने बताया है सातवां आरोपित, जांच में पुष्टि नहीं
- होटल के कमरे में गया ही नहीं था होमगार्ड, धमकी की जांच है जारी

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** मनीष हत्याकांड में सातवें आरोपित के रूप में जिस होमगार्ड पर मीनाक्षी गुप्ता अंगुली उठा रही हैं, वह होटल के कमरे में गया ही नहीं था। लिफ्ट से मनीष को उठाकर उसने पुलिस की गाड़ी में रखवाया था। सीबीआई की पूछताछ और फुटेज की जांच में उसके आरोपित होने की पुष्टि नहीं हो पाई है।

लिहाजा सातवें आरोपित की थ्योरी अब सीबीआई ने खारिज कर दी है। वहीं होटल के कमरे में मनीष की फोटो के आधार पर मीनाक्षी हाथ में जिसे सोने का ब्रेसलेट बता रही हैं वह पीले रंग का रक्षासूत्र बताया जा रहा है। शव के पंचनामे में इसका जिक्र किया गया है। लिहाजा ब्रेसलेट चोरी या लूट की थ्योरी भी साबित नहीं हो पाई है। वहीं गला दबाने की आशंका को पीएम रिपोर्ट ने खारिज कर दिया। डॉक्टर के बयान में भी इस बात का जिक्र नहीं आया। तत्कालीन डीएम-एसएसपी पर धमकी के आरोप की जांच अभी जारी है।

कानपुर के प्रापर्टी डीलर मनीष गुप्ता की 27 सितम्बर 2021 की रात में गोरखपुर के होटल के कमरे में पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। इस मामले में मनीष की पत्नी मीनाक्षी गुप्ता की तहरीर पर रामगढ़ताल थाने में छह पुलिसवालों पर हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। इस घटना में गोरखपुर पुलिस घिरी हुई थी, लिहाजा प्रदेश सरकार ने केस सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया। सीबीआई ने इसमें हत्या की चार्जशीट दाखिल कर दी थी। सीबीआई कोर्ट ने छह आरोपितों में पांच के ऊपर से कोर्ट ने हत्या की धारा हटा दी थी, जिसके बाद मीनाक्षी हाईकोर्ट चली गई थीं। इस मामले में हाईकोर्ट से स्टे मिल गया है और तीन मार्च को इसकी सुनवाई होनी है। उधर, इसी बीच मीनाक्षी ने सीबीआई मुख्यालय को तीन प्रार्थनापत्र देकर नए आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। इन आरोपों पर सीबीआई की टीम पिछले दिनों गोरखपुर आई थी।

## होटल के कमरे में नहीं गया था होमगार्ड

इसमें सबसे बड़ा आरोप सातवें आरोपित को लेकर था। मीनाक्षी ने फुटेज के आधार इस हत्याकांड में छह नहीं सात आरोपित होने का आरोप लगाया था। जांच में पता चला कि वह जिस पर आरोप लगा रही हैं वह रामगढ़ताल थाने का होमगार्ड है। मनीष के घायल होने की सूचना देकर उसे थाने से बुलाया गया था और लिफ्ट से उसने मनीष को उठाकर गाड़ी में रखा था। वह होटल के कमरे नहीं गया था। फुटेज और बयान के आधार पर इसकी पुष्टि होने के बाद सीबीआई ने अब इस आरोप को खारिज कर दिया है।

# फरार तीन बदमाशों पर इनाम घोषित

गोरखपुर। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पिपराइच और चौरीचौरा थाने पर दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे तीन बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया है। पिपराइच के दोनों बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक पिपराइच के जंगल छत्रधारी टोला लालगंज निवासी चंदन चौहान उर्फ अमरदीप चौहान और सोनू चौहान पर गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था।एसएसपी ने इनके खिलाफ 15-15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। वहीं चौरीचौरा थाने में दर्ज केस में फरार अपराधी बिगाड़ु उर्फ अखिलेश पासवान निवासी ढोलहा मौजा इब्राहिमपुर पर 10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया है।

# मारपीट में पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जासं, बांसगांव** : भूमि विवाद की पैरवी करने तहसील गए गगहा थाना के ग्राम कुसमौरा बुजुर्ग निवासी सुनील को मनबढ़ों ने तहसील गेट पर पकड़कर पीट दिया। आरोप है कि मनबढ़ उसे घसीटते हुए कहीं और ले जाने का प्रयास करने लगे। शोर मचाने पर उसे छोड़कर मनबढ़ फरार हो गए। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दे दी है। थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर संतोष यादव, सोनू, संदीप समेत दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

**महिला से छेड़खानी का मुकदमा दर्ज, उरुवा बाजार** : क्षेत्र के एक गांव की महिला ने सोमवार को थाना पुलिस से छेड़खानी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपित जयनाथ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास

**विसं, गोरखपुर** : हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने तिवारीपुर थाना क्षेत्र के घोषीपुर निवासी शादाब उर्फ सैय्यद मुनीर, शाद उर्फ मुशीर व कैफी को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 33 हजार पांच सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एचएन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि घटना एक मार्च, 2004 की रात करीब आठ बजे की है। वादी शमशाद के मोहल्ले के कम्मर की गाड़ी उसके दरवाजे के सामने गिरी हुई थी। वादी का रिश्तेदार आम्मान उसी रास्ते जा रहा था। अभियुक्तों ने उसके ऊपर गाड़ी गिराने का आरोप लगाते हुए लाठी, डंडा से उन्हें मारने पीटने लगे। बचाने आए वादी के पिता आरिफ उर्फ शहजादे, रियाज, आफाक तथा अन्य लोगों को अभियुक्तों ने जान से मारने की नीयत से बंदूक से कई बार फायर किए। वादी के पिता आरिफ खान उर्फ शहजादे की गोली लगने से मृत्यु हो गई और बाकी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

# घर पर पुलिस को घेरने वाला गैंगस्टर राजेश गिरफ्तार

**लूट व हत्या के प्रयास के मुकदमे में चल रही थी तलाश, 12 फरवरी को घर पहुंची पुलिस को परिवार ने घेर लिया था**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** खोराबार थाना पुलिस ने गैंगस्टर राजेश निषाद को सोमवार की शाम गिरफ्तार कर लिया। आठ दिन पहले घर पर पहुंची पुलिस को उसने व उसके स्वजन ने घेर लिया था। विरोध की वजह से पुलिस को लौटना पड़ा था। अधिकारियों के निर्देश पर हल्का दारोगा ने सात नामजद समेत 25 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था।

खोराबार के सिक्टौर गांव निवासी राजेश निषाद ने चार फरवरी 2023 की रात अपने सहयोगियों संग मिलकर गांव के राज निषाद पर जानलेवा हमला कर दिया था। आरोप है कि अचेत होने पर उसके जेब में रखे 30 हजार रुपये व दो अंगूठी लूटकर फरार हो गया। राज की तहरीर पर जानलेवा हमला व लूट का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। 12 फरवरी की रात में राजेश के घर पर मौजूद होने की सूचना पर पुलिसकर्मी पहुंचे तो गैंगस्टर के आरोपित ने स्वजन के साथ घेर लिया। हंगामा बढ़ने पर पुलिस को लौटना पड़ा। घटना का वीडियो वायरल होने पर एसएसपी के निर्देश खोराबार थाना पुलिस ने राजेश व उसके सहयोगियों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि राजेश निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# फरार चल रहे तीन बदमाशों पर इनाम घोषित

**जासं., गोरखपुर** : एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने पिपराइच और चौरी चौरा थाना में दर्ज मुकदमे में फरार तीन बदमाशों पर इनाम घोषित किया है। पिपराइच के जंगल छत्रधारी टोला लालगंज निवासी चंदन चौहान उर्फ अमरदीप चौहान व सोनू चौहान पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है। एसएसपी ने इन पर 15-15 हजार रुपये और चौरी चौरा थाने में दर्ज आबकारी एक्ट के मुकदमे में वांछित इब्राहिमपुर निवासी बिगाडु उर्फ अखिलेश पासवान पर 10 हजार का इनाम घोषित किया है।

# दस दिनों तक चलेगी हाथी की निगरानी

- पशु चिकित्सकों की टीम संतुष्ट, हाथी की सेहत में हो रहा सुधार
- स्थिति सही नहीं होने पर बढ़ाया जा सकता है उपचार का दिन

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : चिलुआताल के मोहम्मदपुर माफी में बिदके हाथी की निगरानी पशु चिकित्साधिकरी डा. भूपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में चार चिकित्सकों की टीम कर रही है। हाथी के हाव-भाव में हो रहे परिवर्तन से वह संतुष्ट है। वन विभाग और चिकित्सकों की टीम ने पहले चरण में दस दिन का समय मांगा है। अपेक्षित सुधार नहीं होने पर समय और बढ़ाया जाएगा। उधर, घटना को लेकर विभागीय जांच अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है।

बता दें कि 16 फरवरी को यज्ञ में पहुंचा हाथी गंगाराम बिदक गया था। उसने दो महिला समेत तीन लोगों को मार डाला था। इसके बाद वन विभाग ने बिदके हाथी को विनोद वन के पार्क में रखा है। हाथी के साथ उसका महावत मुस्तफा भी मौजूद है। महावत अपने तीन साथियों के साथ हाथी को दोनों वक्त चारा दे रहा है। वहीं, हाथी की जांच गोरखपुर के पशु चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में कानपुर चिड़ियाघर के डा. नसीर, आगरा के डा. गोचरन, गोरखपुर चिड़ियाघर के डा. योगेश की टीम कर रही है। चिकित्सकों ने बताया कि हाथी की सेहत में पहले से कुछ सुधार है। धीरे-धीरे तनाव कम हो रहा है। वह सामान्य दिख रहा है, आंखों का संकुचन भी सही है।

डीएफओ विकास यादव ने कहा कि हाथी की निगरानी का समय छह दिन से 10 दिन बढ़ा दिया गया है। अगर सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सकों की रिपोर्ट के अनुसार समय और बढ़ाया जाएगा। हाथी किसका है और यज्ञ में किसके बुलाने पर पहुंचा, इसकी जांच चल रही है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। तब तक हाथी को विनोद वन में ही रखा जाएगा। अभी उसे शांत माहौल में रखा गया है।

## 2019 में हुई घटना के बाद दो लोगों ने बेचा हाथी

**जासं, गोरखपुर** : 2019 में चौरी चौरा तहसील क्षेत्र में हाथी ने अपने ही महावत को मार डाला था। इसके बाद वन विभाग की जांच में हुई कार्रवाई के बाद तीन लोगों ने अपने हाथी बेच दिए। हालांकि अभी भी पांच लोग हाथी रखे हुए हैं। इसमें एक पूर्व मंत्री भी शामिल हैं। हलांकि उनका कहना है कि उन्होंने दोनों हाथियों का कागज तैयार करा लिया है।

2019 में जिले में दो हाथियों ने अपने महावत को मार डाला था। इसमें एक हाथी अपने ही परिसर में तो दूसरा देवरिया से लौटते समय चौरी चौरा तहसील क्षेत्र में चारा काटते हुए अपने महावत को मारा था। प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों ने जिले में हाथी पालने वाले मालिकों का सर्वे कराया और उन्हें कागजात पूरा कराने का निर्देश दिया। इसके बाद से बांसगांव रेंज में दो हाथी मालिक शिवाजी सिंह और रामजीत यादव ने अपने हाथी को बेच दिया। इसमें शिवाजी की हाथी जिसके पास गया था वहां उसकी मृत्यु हो गई। वहीं बड़हलगंज के चिल्लुपार स्थित पारसानाथ यादव की हाथी वर्तमान समय में उनके बेटे के साले के पास है।

# पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**पिपराइच** : कोर्ट के आदेश पर पिपराइच पुलिस ने जंगलधूषण टोला हसनगंज निवासी मीरा की तहरीर पर पति समेत छह लोगों पर मारपीट, जानमाल की धमकी व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। मीरा ने आरोप लगया है कि उसकी शादी तीन मई 2022 को गोला थाना क्षेत्र के नगवा प्रेम गांव निवासी अमरजीत से हुई थी। ससुराल के लोग दहेज के लिए मारते-पीटते थे। जबरिया गर्भपात कराकर पति ने 29 नवंबर को मायके छोड़ दिया। थाना प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि पति अमरजीत, ससुर राजबहादुर, सास नीलम और ननद व देवर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

# पूर्व प्रधान समेत पांच गिरफ्तार, जेल

कुसम्ही बाजार : खोराबार थाना क्षेत्र के चनकापुर के रहने वाले पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, राजमणि सिंह, शुभम प्रताप सिंह, मोहन प्रताप सिंह को सोमवार को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी कल्याण सिंह सागर ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध पेड़ गिराने और दीवार तोड़ने पर मुकदमा दर्ज था। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। (जासं)

# लापरवाही में दारोगा व सिपाही निलंबित

गोरखपुर : एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने लापरवाही व अनुशासनहीनता के आरोप में पिपराइच थाने पर तैनात दारोगा बैजनाथ बिंद और महिला थाने की आरक्षी अर्चना सिंह को निलंबित कर दिया। एसएसपी ने बताया कि दारोगा व महिला आरक्षी की कार्यप्रणाली से पुलिस बल की छवि धूमिल हो रही थी। निलंबन की कार्रवाई के साथ इनके विरुद्ध विभागीय जांच कराई जा रही है। रविवार को एसएसपी ने विवेचना में लापरवाही बरतने पर रामगढ़ताल थाने के दारोगा देवेंद्र सिंह यादव को निलंबित किया था। (जासं)

# नौकरी के नाम पर ठगी नर्स समेत तीन पर केस

**जासं, भटहट** : एम्स में वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज ने 96 हजार रुपये हड़प लिए। पिता ने नर्स समेत तीन के विरुद्ध जालसाजी कर रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपितों में पीड़ित की बहन भी शामिल है। गुलरिहा थाना पुलिस आरोप की जांच कर रही है।

बिस्टौली के सुनेसर ने जनता दर्शन में शिकायत की थी कि चिलुआताल क्षेत्र में रहने वाली बहन हेवन्ती देवी मेडिकल कालेज में सफाईकर्मी है। बेटे सन्नी की नौकरी उसने मेडिकल कालेज में नर्स मीना देवी से मुलाकात कराई। जुलाई, 2022 में उन्होंने मीना के पति को 1.45 लाख रुपये दे दिए। नौकरी नहीं मिली तो मांगने पर 49 हजार ही लौटाए। शेष रुपये मीना और शाहपुर के दरगहिया के सुधीर पांडेय ने हड़प लिए हैं। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने कहा, आरोप की जांच हो रही है।

# होटल के कमरे में नहीं गया था होमगार्ड, धमकी की जांच जारी

## मनीष हत्याकांड

- होमगार्ड को मीनाक्षी ने बताया था सातवां आरोपित, जांच में पुष्टि नहीं
- व्यापारी का ब्रेसलेट व रुपये निकालने का भी नहीं मिला प्रमाण

**जासं. गोरखपुर** : कानपुर के व्यापारी मनीष गुप्ता हत्याकांड में जिस होमगार्ड को सातवां आरोपित बताया जा रहा था, वह होटल के कमरे में गया ही नहीं था। आरोप था कि लिफ्ट से मनीष को उठाकर उसी ने पुलिस की जीप में रखा था। जांच में पुष्टि न होने पर सीबीआइ ने इस आरोप को खारिज कर दिया है। तत्कालीन डीएम-एसएसपी पर धमकी के आरोप की जांच अभी जारी है।

कानपुर के प्रापर्टी डीलर मनीष गुप्ता की 27 सितम्बर 2021 की रात में गोरखपुर के होटल के कमरे में पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। मनीष की पत्नी मीनाक्षी गुप्ता की तहरीर पर रामगढ़ताल थाने में छह पुलिसवालों पर हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ था। सीबीआइ की स्पेशल कोर्ट ने पुलिसकर्मियों पर आरोप तय करते हुए पांच को जमानत दे दी है। इस फैसले को मीनाक्षी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर तीन मार्च को सुनवाई है। इस बीच मीनाक्षी ने सीबीआइ के मुख्यालय को तीन अलग-अलग प्रार्थना पत्र देकर नए आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। इन आरोपों की जांच में सीबीआइ की टीम पिछले दिनों गोरखपुर आयी।

मीनाक्षी ने फुटेज के आधार हत्याकांड में छह नहीं सात आरोपित होने का आरोप लगाया था। व्यापारी का ब्रेसलेट व रुपये निकालने की भी बात कही थी। जांच में पता चला कि जिस पर आरोप लगा रही हैं, वह रामगढ़ताल थाने का होमगार्ड है। वह होटल के कमरे में नहीं गया था। फोटो के आधार पर मीनाक्षी जिसे ब्रेसलेट बता रही थीं वह रक्षासूत्र निकला, जिसका जिक्र पुलिस के पंचनामा में है।

# गोरखपुर एयरपोर्ट पर बढ़ाई गई फोर्स

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का विस्तार होने के साथ ही सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अब दो शिफ्ट में 115 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लग रही है। इसमें तीन निरीक्षक शामिल हैं। नए टर्मिनल भवन का एक हिस्सा बनकर तैयार हो गया है। पिछले सप्ताह दिल्ली से आए एयरपोर्ट अथारिटी के अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया था। इसके अनुपालन के क्रम में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है।

गोरखपुर एयरपोर्ट से रोजाना 11 विमान उड़ान भरते हैं। इसकी सुरक्षा व्यवस्था में एक सीओ, एक निरीक्षक, 18 उपनिरीक्षक और 64 मुख्य आरक्षी/आरक्षी तैनात थे। अब यह संख्या बढ़कर 115 हो गई है। 11 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे नए टर्मिनल भवन का निर्माण अंतिम चरण में है। नीचे का हिस्सा बनकर तैयार है। इस माह टर्मिनल भवन पूरी तरह से तैयार हो जाएगा, जिससे गोरखपुर एयरपोर्ट की क्षमता भी बढ़ जाएगी। यहां एक साथ 500 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होगी। वर्तमान में एक बार में महज 200 यात्री ही चेक इन कर सकते हैं। एयरपोर्ट का विस्तार होने के बाद दिल्ली से आए एयरपोर्ट अथारिटी के अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर बैठक की। इसके बाद यहां पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है।



गोरखपुर हवाई अड्डा का निर्माणाधीन नया टर्मिनल ● **जागरण**

एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल का निर्माण होने के बाद सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है। पहले 84 पुलिसकर्मी दो शिफ्ट में काम करते थे। अब यह संख्या 115 हो गई है।



**कृष्ण कुमार विश्नोई**, एसपी सिटी/नोडल एयरपोर्ट सुरक्षा

**लगातार बढ़ रही यात्रियों की संख्या** : गोरखपुर एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी के लिए रोजाना 11 विमान उड़ान भरते हैं। 27 मार्च से शुरू हो रहे समर शेड्यूल में यह संख्या 13 हो जाएगी। पुराने टर्मिनल भवन में यात्रियों और फ्लाइट की बढ़ रही संख्या का भार संभालने में एयरपोर्ट प्रशासन को परेशानी हो रही थी। इसको देखते हुए एयरपोर्ट पुराने टर्मिनल से सटे नए टर्मिनल का विस्तार किया गया है। यहां स्वचालित सीढ़ियां, टिकट काउंटर, चेक इन काउंटर के साथ ही कैफेटेरिया, काफी शाप लगाए जाएंगे। परिसर में 10 चेकिंग काउंटर खुलेंगे।

# युवक को घसीटकर पीटा, मरा समझ छोड़ा

## तमाशा देखते रहे मोहल्ले के लोग, गोरखनाथ क्षेत्र में हुई घटना, एक हिरासत में

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बदमाशों ने रविवार की रात गोरखनाथ क्षेत्र में युवक को फिल्मी अंदाज में 500 मीटर तक दौड़ाकर लाठी-डंडों से पीटा। सड़क पर गिरने पर उसके सिर पर लात-घूसा और डंडे से प्रहार करते रहे। अचेत होने पर मरा समझकर छोड़ा। बदमाशों का दुस्साहस देख सहमे स्थानीय लोग घर के सामने खड़े होकर उनकी करतूत देखते रहे। रास्ते से गुजर रहे भाई की नजर पड़ी तो घायल युवक को अस्पताल ले गया। घटनास्थल के पास लगे सीसी कैमरे में आरोपितों की करतूत कैद है। हत्या के प्रयास व बलवा का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में लिया है अन्य की तलाश चल रही है।

हुमायूंपुर उत्तरी के कृपा शंकर शर्मा की 10 साल पहले मृत्यु हो गई थी। उनकी पत्नी शांति शर्मा तीन पुत्रों के साथ रहती हैं। 14 फरवरी को शांति के बड़े बेटे करन की शादी थी और 18 बहूभोज था। रविवार की शाम सात बजे किसी परिचित का फोन आने पर छोटा बेटा अनूप घर से निकला और गली के मोड़ पर खड़े दो मित्रों से बात कर रहा था। इसी दौरान आठ से अधिक की संख्या में पहुंचे युवकों ने उसे घेर लिया। बचने के लिए अनूप भागा तो उसे दौड़ा लिया। जान बचाने के लिए अनूप गली के एक घर में घुसने लगा। बदमाशों ने उसे दौड़ाकर गेट पर ही पकड़ लिया और घसीटते हुए सड़क पर ले गए और सबके सामने राड-डंडा और लात-घूसों से पीटने लगे। खून से लथपथ अनूप कुछ देर में ही बेहोश होकर गिर गया। जब बदमाशों को लगा कि उसकी मृत्यु हो गई है तो वहां से भाग गए।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पीड़ित के चाचा की तहरीर पर सात अज्ञात लोगों पर हत्या के प्रयास व बलवा का मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


गोरखनाथ क्षेत्र में युवक को पीटते बदमाशों की सीसी कैमरे में कैद तस्वीर • वीडियो ग्रैब।

### मुंबई में हुआ था विवाद

दीपावली के बाद अनूप अपने बड़े भाई भाई तरुण शर्मा के साथ नौकरी की तलाश में मुंबई गया था। उनके साथ मोहल्ले का शनि भी गया था। किसी बात को लेकर मुंबई में ही शनि की अनूप से मारपीट हो गई। इसके बाद भाई के साथ अनूप गोरखपुर लौट आया। बाद में साथ गया युवक भी वापस आ गया। इसी बात को लेकर दोनों में रंजिश चल रही थी। 14 फरवरी को अनूप के बड़े भाई की शादी में भी दोनों पक्ष में विवाद हुआ था।

### तमाशबीन बने लोगों ने पुलिस को भी नहीं दी सूचना

घटना के बाद अचेतावस्था में अनूप सड़क पर पड़ा रहा। तमाशबीन बने मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को भी सूचना नहीं दी। 10 मिनट बाद अनूप का बड़ा भाई करन चौराहे की तरफ से पैदल आ रहा था। सड़क पर अचेत पड़े भाई को देख स्वजन को सूचना दी और उसे जिला अस्पताल ले गया, जहां से बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। सिटी स्कैन की व्यवस्था न होने पर अनूप को स्वजन निजी अस्पताल ले आए, जहां से उसे केजीएमयू भेजा गया है।

# शहर में तेंदुआ की आहट, हमले में एक घायल

## वन अधिकारी बता रहे हो सकता बिज्जू या फिशिंग कैट, नया गांव में तैनात की गई चार सदस्यीय टीम

**जासं, गोरखपुर :** गोरखनाथ के नयागांव में रविवार की रात तेंदुआ ने मजदूर पर हमला कर दिया। जबड़ा पकड़कने के बाद छह फीट तक घसीटते हुए ले गया। शोर सुनकर परिवार के लोग दौड़े तो छोड़कर नदी की तरफ भाग गया। घटना के बाद से गांव के लोग भय में हैं। सूचना मिलने पर सोमवार की दोपहर नयागांव में वन विभाग की टीम पहुंच गई जो निगरानी कर रही है। रात में लोगों को अकेले घर से न निकलने की अपील की गई है। वन विभाग के अधिकारी गांव में तेंदुआ आने से इन्कार कर रहे हैं। उनका दावा है कि मजदूर पर बिज्जू या फिशिंग कैट ने हमला किया है।

नयागांव निवासी रामकरन निषाद ने बताया कि रविवार रात में आठ बजे कुत्तों के भौंकने की आवाज पर निकला। इसी दौरान तेंदुआ ने हमला कर जबड़ा पकड़ लिया और घसीटते हुए खेत की तरफ जाने लगा। शोर मचाने पर परिवार के लोग दौड़े तो छोड़कर नदी की तरफ़ चला गया। गांव के राकेश ने बताया कि शाम छह बजे तेंदुआ की तरह दिखने वाला जानवर घर में घुस गया। नजर पड़ने पर उसने शोर मचाया तो नुकसान पहुंचाए बिना ही लौट गया। डीएफओ विकास यादव ने बताया कि नयागांव में वन विभाग की टीम कैंप कर रही है। अब तक की छानबीन में तेंदुआ के आने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। रामकरन पर बिज्जू या फिशिंग कैट के हमला किए जाने की आशंका जताई जा रही है।


तेंदुए के हमले के बाद रोता राम करन का भतीजा • जागरण


सोहरावती ने सबसे पहले देखा तेंदुआ • जागरण


घायल रामकरन • जागरण


राकेश निषाद के घर में घुसा था तेंदुआ •

### अलर्ट पर चिड़ियाघर की टीम

चिड़ियाघर के मुख्य पशु चिकित्सक डा. योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि नयागांव में जंगली जानवर के हमले में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली है। हमला तेंदुआ ने किया है या किसी और जानवर ने इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। रेस्क्यू के लिए चिड़ियाघर की टीम तैयार है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच जाएंगे।

### अलाव जलाकर दे रहे पहरा

तेंदुआ गांव में न आए इससे बचने के लिए नयागांव के लोग अलाव जला रहे हैं। रात के समय उन्होंने पटाखा भी छोड़ा ताकि वह गांव में न आए। गोरखनाथ थाने की पुलिस भी अलर्ट पर है। रामकरन पर हमले के बाद लोग अकेले खेत की तरफ जाने से डर रहे हैं।

### 10 दिन पहले भी दिखा था तेंदुआ

नयागांव की रहने वाली सोहरावती देवी ने बताया कि एक सप्ताह पहले वह खेत में राख डालने गई थी। इसी दौरान उन्होंने तेंदुआ दिखा था। उसके गुर्राने की आवाज से डर गईं और शोर मचाते हुए गांव में पहुंची। उन्होंने घटना की जानकारी पड़ोसियों को दी लेकिन किसी ने विश्वास नहीं किया।

# अवैध अस्पताल के विरुद्ध कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री से की शिकायत



- उरुवा के केबी मेमोरियल अस्पताल के खिलाफ एक और शिकायत
- लापरवाही व आपरेशन के लिए 42 हजार रुपये लेने का आरोप

**जागरण संवाददाता, उरुवा बाजार :** केबी मेमोरियल हास्पिटल, उरुवा में 17 फरवरी को हुई प्रसूता की मौत मामले में स्वजन ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है। इसी अस्पताल में पांच दिन पूर्व 12 फरवरी को भी एक नवजात की मौत हो गई थी।

उरुवा ब्लाक के ग्राम सुल्तानी के देवेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है कि उनकी पत्नी रीना को प्रसव पीड़ा होने पर बीते 10 फरवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरुवा में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें जिला महिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। आशा कार्यकर्ता के कहने पर केबी मेमोरियल हास्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां आपरेशन का खर्च 42 हजार रुपये बताया गया। 20 हजार रुपये जमा करने के बाद रीना को भर्ती किया गया। आपरेशन के बाद स्वस्थ बच्चा हुआ, लेकिन 12 फरवरी को उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। डाक्टर ठीक होने का भरोसा देती रहीं, कहीं ले जाने नहीं दिया। अंततः उसकी मौत गई। स्वजन ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। अस्पताल प्रबंधन ने 22 हजार रुपये और जमा कराए, तब पत्नी को डिस्चार्ज किया।

उरुवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. जेपी तिवारी ने बताया कि पीएचसी से मरीज को जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। उन लोगों ने कहीं और उपचार कराया तो उसके जिम्मेदार वे खुद हैं। यदि आशा निजी अस्पताल ले गई हैं तो उसकी शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे ने कहा कि अस्पताल को सील कर दिया गया है। प्रबंधन के खिलाफ जांच चल रही है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आए 41 मामले, पांच का निस्तारण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : सदर तहसील में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 41 मामले आए। इनमें से पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर नेहा बंधु ने कई मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो मामले आज निस्तारित नहीं हो सके, अगले दिवस से पहले निस्तारित कर लिए जाएं। समस्या लेकर आने वाले लोगों को अनावश्यक रूप से दौड़ाया न जाए।

पहले व तीसरे शनिवार को तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तीसरे शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण अगले कार्यदिवस यानी सोमवार को सभी तहसीलों में सुनवाई की गई। सदर तहसील के सभागार में एक-एक कर 41 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अधिकतर लोगों के मामले जमीन से जुड़े थे। किसी ने जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की तो कोई अवैध कब्जे की शिकायत लेकर आया था। सुनवाई के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी, तहसीलदार विकास कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस व राजस्व के मामले छाए रहे

## समाधान दिवस : सदर तहसील में 41 मामले आए, पांच का हुआ निस्तारण

**अमर उजाला ब्यूरो**



खजनी में सीडीओ ने लोगों की समस्याएं सुनीं। संवाद

**गोरखपुर।** सदर तहसील में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 41 मामले आए। इनमें से पांच का ही मौके पर निस्तारण हो सका। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर नेहा बंधु ने कई मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजते हुए शाम तक रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जो मामले आज निस्तारित नहीं हो सकें, अगले दिवस से पहले निस्तारित कर लिए जाएं। समस्या लेकर आने वाले लोगों को अनावश्यक रूप से दौड़ाया न जाए। इस दौरान पुलिस और राजस्व विभाग से जुड़ी ज्यादा समस्याएं आईं।

पहले एवं तीसरे शनिवार को तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तीसरे शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से अगले कार्यदिवस यानी सोमवार को सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी, तहसीलदार विकास कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। खजनी में सीडीओ संजय कुमार मीणा ने लोगों की समस्याएं सुनीं। समस्या लेकर पहुंचीं अच्छेलाल की 60 साल की पत्नी इंद्रसनी ने सीडीओ से कहा कि मेरी बात नहीं सुनी जा रही है।

मैं आप के सामने शरीर में आग लगा लूंगी। यह सुन वहां खलबली मच गई। समाधान दिवस में कुल 35 मामले आए जिसमें सिर्फ दो का ही निस्तारण हो सका।

सहजनवां में सीआरओ सुशील कुमार गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 16 शिकायती पत्र आए जिसमे एक का मौके पर निस्तारण किया गया। इनमें राजस्व के 5, विकास के 2, पुलिस से जुड़े 3 व अन्य 6 शिकायती पत्र आए थे।

# मारपीट में पूर्व प्रधान समेत पांच को जेल भेजा

जगदीशपुर/चौरीचौरा। खोराबार थाना क्षेत्र के चनकापुर गांव में शनिवार को महिला से मारपीट और छेड़खानी के आरोपी पूर्व प्रधान समेत पांच लोगों को जेल भेज दिया गया। दर्ज केस में पुलिस ने 151 की कार्रवाई करते हुए आरोपियोंको एसडीएम कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। चनकापुर गांव की महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 18 फरवरी को पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह, सहयोगी सुरेश सिंह, राजमणि, शुभम प्रताप सिंह, मोहन प्रताप सिंह ने मारपीट कर दीवार को तोड़कर कब्जा करने की कोशिश की। पीड़ित महिला ने छेड़खानी का भी आरोप लगाया। केस दर्ज कर पुलिस ने पांच आरोपियों को एसडीएम कोर्ट में पेश किया। ब्यूरो

# गैंगस्टर राजेश ने थाने में किया समर्पण

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बहन की शादी का हवाला देकर गिरफ्तारी देने से इन्कार करने वाले गैंगस्टर अभियुक्त राजेश निषाद ने सोमवार को खोराबार थाने में समर्पण कर दिया। राजेश पर पुलिस को घर पर घेरने का भी केस दर्ज था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी कर गिरफ्तारी कर ली है।

खोराबार के सिकटौर गांव निवासी राजेश निषाद पर आरोप है कि चार फरवरी 2023 की रात अपने सहयोगियों संग मिलकर गांव के राज निषाद पर जानलेवा हमला किया था। राज की जेब में रखे 30 हजार रुपये व दो अंगूठी लूटकर फरार हो गया। राज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। 12 फरवरी की रात में राजेश के घर पुलिसकर्मी पहुंचे तो गैंगस्टर के आरोपी ने परिजनों व सहयोगियों के साथ घेर लिया। हंगामा बढ़ने पर पुलिस को लौटना पड़ा था।

# नफीसा गिरोह: कौन रोक रहा आरोपियों की गिरफ्तारी

## मुकदमा दर्ज हुए गुजर गए सात महीने, नहीं हो सकी एक भी व्यक्ति की गिरफ्तारी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जिले में दुष्कर्म का फर्जी केस दर्ज कराकर पीड़ितों से रुपये ऐंठने वाली महिलाओं के गिरोह पर कार्रवाई से पुलिस ने तौबा कर लिया है।

सात अगस्त 2022 को केस दर्ज होने के सात महीने बाद भी पुलिस एक भी आरोपी को न तो दबोच सकी है और न ही इसमें कोई ऐसी कार्रवाई की गई, जिससे गिरोह में शामिल आरोपियों में डर हो।

उधर, परेशान पीड़ित अफसरों के यहां प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगा रहा है। अब ऐसे में सवाल उठने लगा है कि आखिर कौन इस गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को रोक रहा है।

पुलिस का यह रवैया तब है, जब एडीजी से लेकर आईजी तक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कर कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं और हाईकोर्ट ने भी अग्रिम जमानत नहीं दी है।

जानकारी के मुताबिक, मई 2022 में कैंपियरगंज के निवासी व पीड़ित खालिद ने एडीजी से शिकायत की थी। एडीजी के आदेश पर एसएसपी ने सीओ बांसगांव व सीओ कैंट से जांच कराई। पता चला कि गिरोह के सदस्य फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर वसूली करा रहे हैं। इसके बाद सात अगस्त को कैंट पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन आज तक एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकी है।

जबकि, पुलिस अफसर भी मानते हैं कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से कोर्ट के जरिये दुष्कर्म के केस दर्ज कराने के मामले कम हुए हैं।

### आरोपियों को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत पुलिस ने दे दी

आरोपियों ने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था। हाईकोर्ट ने तो आरोपियों को राहत नहीं दी, लेकिन पुलिस जरूर मेहरबानी दिखा रही है। आज तक पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

### पीड़ित ने दर्ज कराया था केस

कैंपियरगंज के खालिद की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोप है कि गिरोह में शामिल महिलाएं फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर लोगों से वसूली करती हैं। उनकी शिकायत पर पहले दो सीओ ने जांच की थी, जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने पर गिरोह पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

### हाईकोर्ट ने आरोपियों को नहीं दी अग्रिम जमानत, फिर भी पुलिस खामोश

गिरोह के संबंध में की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। मामले में पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। -डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

# तेंदुए की सूचना पर चार घंटे हलकान

## रामपुर नया गांव पहुंची वन विभाग की टीम, कई स्थानों का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। तेंदुए की सूचना पर वन विभाग की टीम चार घंटे हलकान रही। डीएफओ विकास यादव और उनकी टीम दोपहर से शाम तक रामपुर नया गांव तेंदुआ के दिखाई देने वाली सभी जगहों का निरीक्षण किया। खेतों में पदचिह्न देख टीम ने अंदाजा लगाया कि तड़के फिसिंग कैट को देखकर लोगों ने तेंदुआ समझ लिया होगा।



ग्रामीणों से तेंदुए के बारे में जानकारी लेते वन विभाग के अधिकारी। संवाद

चार दिन पहले एक हाथी के हिंसक होने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। किसी तरह हाथी को नियंत्रित करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया गया। इसी बीच सोमवार को रामपुर नया गांव के एक ग्रामीण ने डीएफओ को फोन कर गांव में तेंदुए आने की सूचना दी। डीएफओ सिंगल बैरल ट्रैंक्विलाइजर गन के साथ मौके पर पहुंचे। करीब दो घंटे निरीक्षण के बाद जब तेंदुआ नहीं दिखा तो टीम ने गांव से लेकर अन्य जंगल क्षेत्र में भी जाकर निरीक्षण किया।

दरअसल, हाथी के पहले गाजियाबाद के एक न्यायालय में भी तेंदुआ निकल गया था। भीड़भाड़ वाली जगह पर तेंदुए के आने और लोगों को घायल करने की घटना को वन विभाग ने गंभीरता से लिया।

डीएफओ विकास यादव ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति की सूचना पर टीम रामपुर नया गांव पहुंची थी। चार घंटे से भी अधिक समय तक जांच परख कर टीम लौटी।

# दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**पिपराइच।** पुलिस ने जंगल धूसण के हसनगंज टोला निवासी मीरा की तहरीर पर पति समेत छह लोगों पर मारपीट, दहेज उत्पीड़न, धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मीरा का आरोप है कि उनकी शादी 3 मई 2022 को गोला थाना क्षेत्र के नगवा प्रेम गांव निवासी अमरजीत से हुई थी। अमरजीत के परिवार के लोग अब दहेज में बाइक मांग रहे हैं। पुलिस ने पति अमरजीत, ससुर राजबहादुर, सास नीलम, ननद सुमन, देवर रंजीत व अंतिमा के खिलाफ केस दर्ज किया है। ब्यूरो

# बदमाशों ने युवक को दौड़ा कर पीटा, एक हिरासत में

गोरखपुर। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के हुमायूंपुर उत्तरी में बेखौफ बदमाशों ने युवक को दौड़ाकर पीटा। उसे मरा समझकर छोड़ दिए थे। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है। गोरखनाथ के हुमायूंपुर उत्तरी में शांति शर्मा पत्नी स्वर्गीय कृपा शंकर शर्मा तीन बेटों के साथ रहती हैं। परिवार में सबसे छोटा बेटा अनूप शर्मा (22) है।

कुछ महीनों पहले अनूप और उसका बड़ा भाई तरुण शर्मा नौकरी की तलाश में मुंबई चले गए थे। उनके साथ उसी मोहल्ले का एक अन्य युवक भी काम करने गया था। किसी बात को लेकर मुंबई में ही युवक का अनूप से विवाद हो गया।

अनूप और उसका भाई गोरखपुर लौट आए। बाद में युवक भी लौट आया। दोनों में दुश्मनी चल रही थी। रविवार की रात करीब 8 बजे अनूप अपने घर से तीसरी गली में दोस्तों के साथ गया था। करीब 8-10 बदमाशों ने अनूप और उसके दोस्तों को घेर लिया। अनूप और उसके दोस्त भागने लगे। लेकिन, बदमाशों ने उन्हें दौड़ा लिया। अनूप उसी गली के एक घर में घुसने लगा। बदमाशों ने उसे दबोच लिया और हमला बोल दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। ब्यूरो

# छह पुलिसकर्मियों की ही मौके पर मौजूगी की पुष्टि

## मनीष हत्याकांड : मीनाक्षी ने होमगार्ड को बताया सातवां आरोपी, जांच में पुष्टि नहीं

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कानपुर के कारोबारी मनीष हत्याकांड में पत्नी मीनाक्षी ने एक होमगार्ड को सातवां आरोपी बताया है, लेकिन सीबीआई की पूछताछ और फुटेज की जांच में होमगार्ड के होने की पुष्टि नहीं हो पाई है। जांच में यह भी पता चला है कि जिस सोने के ब्रेसलेट की बात की जा रही थी, वह रक्षासूत्र था।

कानपुर के कारोबारी मनीष गुप्ता की 27 सितंबर 2021 की रात में गोरखपुर के होटल के कमरे में पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। मनीष की पत्नी मीनाक्षी गुप्ता की तहरीर पर रामगढ़ताल थाने में छह पुलिसवालों पर हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था। सीबीआई कोर्ट ने छह आरोपियों में पांच पर से हत्या की धारा हटा दी थी, जिसके बाद मीनाक्षी हाईकोर्ट चली गई थीं। हाईकोर्ट से स्टे मिल गया है और तीन मार्च को इसकी सुनवाई होनी है।

इस बीच मीनाक्षी ने सीबीआई मुख्यायल को तीन अलग-अलग प्रार्थनापत्र देकर नए आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। सीबीआई की टीम पिछले दिनों गोरखपुर आई थी। इसमें सबसे बड़ा आरोप सातवें आरोपित को लेकर था। मीनाक्षी ने फुटेज के आधार इस हत्याकांड में छह नहीं सात आरोपी होने का आरोप लगाया था।

# जालसाजी में नर्स समेत तीन पर केस

## एम्स में नौकरी के नाम पर ले लिए थे रुपये

### वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने का दिए थे झांसा, गुलरिहा पुलिस ने दर्ज किया केस

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** एम्स में वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजी के मामले में नर्स समेत तीन लोगों पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। नौकरी के नाम पर 96 हजार रुपये लिए गए थे, लेकिन न तो नौकरी दिलाई और न ही रुपये वापस कर रहे हैं।

गुलरिहा थाना क्षेत्र के बिस्टौली निवासी सुनेसर ने सीएम से जनता दरबार में शिकायत की थी कि चिलुआताल क्षेत्र में रहने वाली उसकी बहन हेवंती देवी मेडिकल कॉलेज में सफाईकर्मी है। बेटे सन्नी को एम्स में वार्ड ब्वाय की नौकरी दिलाने की बात कह उनकी मुलाकात मेडिकल कॉलेज में नर्स के पद पर तैनात मीना देवी से कराई। जुलाई 2022 में नौकरी के लिए उन्होंने मीना देवी के पति को 1.45 लाख रुपये दे दिए। नौकरी न मिलने पर उन्होंने मीना देवी व अपनी बहन से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने केवल 49 हजार ही लौटाए। शेष रुपये मीना देवी और शाहपुर के दरगहिया निवासी सुधीर पांडेय हड़प लिए हैं। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रिटायर रेलकर्मी से जालसाजी का आरोपी गिरफ्तार

खजनी। पुलिस ने रिटायर रेलकर्मी से जालसाजी करने के आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान हरपुर बुदहट इलाके के चरनाद निवासी प्रकाश पांडेय के रूप में हुई है।

मामले में रिटायर रेलकर्मी विजय नारायण श्रीवास्तव ने 2022 में केस दर्ज कराया था। दी गई तहरीर में विजय ने बताया कि उनका खेत बेलभद्रचक में है। जिसकी देखरेख मजदूर करता है। प्रकाश पांडेय ने बैंक से मिलकर फर्जी तरीके से किसान क्रेडिट कार्ड से 2.98 लाख रुपये का लोन करा दिया था। आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-02-2023

रा० सहारा दि० 21-02-23

## मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

लार। लार थाना क्षेत्र के एक गांव से बिजली का काम कर वापस लौट रहे विद्युत कर्मी के साथ हुई मारपीट के मामले में लार पुलिस ने मारपीट की धारा 323 व 504 आईपीसी के तहत एक युवक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के खेमादेई गांव निवासी विष्णु कुशवाहा पुत्र हरे ष्ण कुशवाहा ने लार पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि 17 फरवरी को बिजली का काम कर वापस लौटते समय रामजानकी मार्ग पर फत्तेहबाग चौराहा पर मेरी बाइक रोककर रियाज अंसारी पुत्र अब्दुल रहमान निवासी फत्तेहबाग ने मेरे साथ अभद्रता व गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर घायल कर दिया। मैं वहां से किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाया। जिसकी शिकायत अपने उच्च अधिकारियों से करने के बाद लार पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया था। लार पुलिस ने विष्णु कुशवाहा पुत्र हरे ष्ण कुशवाहा निवासी खेमादेई की तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया है। उक्त संबंध में थानाध्यक्ष लार नवीन चौधरी ने बताया की तहरीर के आधार पर फत्तेहबाग गांव के रियाज अंसारी पुत्र अब्दुल रहमान के विरुद्ध धारा 323 व 504 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 21-2-23

## एकौना पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर (एसएनबी)। एकौना थाना के उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे, कि मुकदमा अपराध संख्या 17/2023 धारा 363 के आरोपी जिसके खिलाफ वादी रामरक्षा पुत्र स्व. राममिट्ठू निवासी एकौना ने आरोपी लक्ष्मण पुत्र तारकेश्वर ग्राम गरयाकोल थाना गगहा जनपद गोरखपुर के खिलाफ दर्ज कराया था। पुलिस ने वांछित अभियुक्त को अशवनपार पुल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मारपीट में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामलक्षन में दरवाजे पर पेशाब करने की बात को लेकर वादी के भाई राजकुमार जायसवाल पुत्र स्व. फिरंगी को गाली गुत्ता देते हुए लाठी डण्डा से मारपीट कर घायल कर दिये। इस मामले में पुलिस ने राजकपूर जायसवाल के तहरीर पर उपरोक्त गांव निवासी शत्रुघ्न पुत्र ओमप्रकाश, विवेक पुत्र पंकज, कुन्दन पुत्र जन्मेजय निवासी रामलक्षन के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर ग्राम शीतल माझा में रास्ता बंद करने की बात को लेकर हुए विवाद में अभियुक्त द्वारा वादनी व वादनी के पुत्र को मारापीटा गया तथा घायल कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने वादनी आरती गोड़ पत्नी राणाप्रताप ग्राम शीतल माझा के तहरीर पर उपरोक्त गांव निवासी धीरेन्द्र राव ऊर्फ मुन्ना पुत्र स्व. सीताराम के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 21.02.23

# पिकअप चालक को पीटा, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर (एसएनबी)। सुरौली थानाक्षेत्र के ग्राम बरडीहादल निवासी ओंकार नाथ जायसवाल पुत्र स्व. राधेश्याम ने पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि हमारी पकड़ी बाजार में बाम्बे फर्नीचर के बगल में ओम ट्रेडिशन गल्ले की दुकान है, और हमारा पिकप गाड़ी गल्ला ले जाने के लिये है, गाड़ी को कैलाश यादव पुत्र स्व. रामलखन चलाता है। हमारे दुकान पर राजन पुत्र शिवकुमार, बलबीर सिंह पुत्र अभिराम तथा दो अन्य लोग आकर ड्राइवर कैलाश को मारने लगे। मारता देखकर हम प्रार्थी छुड़ाने गये तो हम सबको मारने पीटने लगे। ड्राइवर भागने लगा तो दुकान के सामने गेंहू के खेत में उसे मारपीट कर 50 हजार रुपये छीन लिये। उपरोक्त सारा घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है, जबकि घायल ड्राइवर का ईलाज देवरिया अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने उपरोक्त के खिलाफ धारा 323 व 392 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

रा० सहारा दि० 21.02.23

हिन्दुस्तान दि० 21-02-23

# अज्ञात चोरों के विरुद्ध केस दर्ज

बरहज। दुकान का ताला तोड़ कर हजारों की चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस मुकदमा दर्ज करने के साथ ही जांच शुरु कर दी है। बरहज थाना क्षेत्र के करुवना गांव के रहने वाले बिमल कुमार गिरि पुत्र मदन गिरि ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मैंने चौराहे पर एक दुकान किया हूं।

हिन्दुस्तान दि० 21-02-23

# 14 लोगों के विरुद्ध बलवा और मारपीट का मुकदमा हुआ दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। भूमि विवाद को लेकर दो पट्टीदार के बीच हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने 14 के विरुद्ध बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

भटनी थाना क्षेत्र के खोरीबारी गांव की रहने वाली मनिषा देवी पत्नी रामसनेही ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाई है कि 12फरवरी 2023 की सुबह मैं अपने दरवाजे पर बैठी थी। इसी बीच भूमि विवाद को लेकर पड़ोसियों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने शेषनाथ पुत्र अभिराज, सूरज पुत्र शेषनाथ, पूजा पुत्री शेषनाथ, दुर्गावती पत्नी शेषनाथ तथा भानू प्रताप, तेजप्रताप पुत्रगण स्व. जयप्रकाश कुशवाहा निवासी खोरीबारी थाना भटनी के विरुद्ध केस दर्ज किया है। उधर दुर्गावती देवी पत्नी शेषनाथ ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाई है कि भूमि विवाद में पड़ोसी ने घर पर चढ़ कर मारपीट किया। पुलिस ने मामले में रामसेनही, अक्षयवर पुत्रगण स्व. रामजी, मनीषा देवी पत्नी रामसनेही, सरीता पत्नी छोटेलाल, खूशबू पुत्री छोटेलाल, सीला पत्नी अक्षयवर, चांदनी निवासीगण खोरीबारी, मन्नू कुमार निवासी माडरघाट थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज बिहार के विरुंद्ध केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि० 21-02-23

# पीसीएस अफसर पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**कार्रवाई**

- पत्नी ने दहेज के लिए मारपीट और प्रताड़ित करने का लगाया आरोप
- परिवार के पांच लोगों पर भी केस, प्रतापगढ़ में कृषि अधिकारी हैं

बरहज (देवरिया), हिन्दुस्तान संवाद। कुशीनगर जिले के रहने वाले पीसीएस अफसर पर उनकी पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। अफसर वर्तमान में प्रतापगढ़ में जिला कृषि अधिकारी के पद पर तैनात हैं। पुलिस ने उनकी पत्नी की तहरीर पर परिवार के पांच और लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के साथ ही मारपीट और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

बरहज थाना क्षेत्र के पिपरा बेनी गांव की रहने वाली पूनम पुत्री स्व. रामबड़ाई प्रसाद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसकी शादी 27 फरवरी 2020 को रमेशचंद्र पुत्र स्व. दर्शन प्रसाद निवासी बिहुली निस्फी, थाना रामकोला, जिला कुशीनगर के साथ हुई थी। वह पीसीएस अफसर हैं और वर्तमान में प्रतापगढ़ में तैनात हैं। शादी के बाद विदा होकर वह ससुराल गई तो ससुरालियों ने दहेज में कार नहीं मिलने पर ताना देना शुरू कर दिया। कुछ दिन बाद ससुराल वाले दहेज में कार और स्कूटी मांगने का दबाव बनाने लगे। इनकार करने पर उसके साथ मारपीट की। इसके बारे में मायके में भाई और रिश्तेदारी में मामा को बताया तो कई बार पंचायत हुई। इसके बाद भी ससुरालियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ।

महिला का आरोप है कि पति रमेश चन्द्र ने कहा कि वह पीसीएस अधिकारी हैं जब चाहेंगे उन्हें मनचाहा दहेज मिल जाएगा। उसके भाई ने जब कार और स्कूटी देने में असमर्थता जताई तो ससुराल वालों ने उसे मायके जाने को कहा। वह भाई के साथ नहीं गई तो खाना-पीना बंद कर दिया जिससे तबीयत खराब होने लगी। अधिक बीमारी होने पर उसने मायके में फोन किया तो भाभी मुझे लेने ससुराल आई और रामकोला में मेरा इलाज कराया। पीड़िता की तहरीर पर बरहज पुलिस ने पति रमेश चन्द्र के अलावा परिवार के दिनेश चन्द्र, आनन्द पुत्रगण स्व. दर्शन प्रसाद, कमला, अनुराधा निवासीगण बिहुली निस्फी थाना रामकोला जिला कुशीनगर, रामजीत निवासी कोटवा थाना कुशीनगर के विरुद्ध 323, 504, 506, 498 एक व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि० 21.02.23

### मेडिकल कॉलेज में भर्ती है युवती, वार्ड के आसपास सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम

# गैंगरेप पीड़िता का हुआ ऑपरेशन, चढ़ाया ब्लड

देवरिया, निज संवाददाता। भाटपाररानी रेलवे स्टेशन परिसर स्थित एक ढाबे पर गैंगरेप का शिकार हुई युवती का आनन-फानन में सोमवार को मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन किया गया। करीब डेढ़ घंटे तक चले ऑपरेशन में पांच डॉक्टर शामिल थे। ऑपरेशन के दौरान पीड़िता को दो यूनिट ब्लड भी चढ़ाना पड़ा। कड़ी सुरक्षा के बीच उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति में अब सुधार हो रहा है।

भाटपारानी से महर्षि देवरहा मेडिकल कालेज में पहुंचने पर युवती को एमसीएच विंग के महिला वार्ड में भर्ती किया गया। कुछ ही देर में प्राचार्य डॉ. राजेश बरनवाल और सीएमएस एचके मिश्रा चिकित्सकों की टीम के साथ पहुंच गए। डॉ. पूनम बाला ने युवती का मेडिकल किया। इसके साथ ही स्लाइड के लिए सैंपल एकत्र किए गए। जांच में युवती की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी। अधिकारियों के निर्देश पर डॉ. निहारिका, डॉ. माया सिंह, डॉ. बबीता कपूर समेत पांच चिकित्सकों को आपरेशन की जिम्मेदारी दी गई। सुबह 9.30 बजे चिकित्सकों की टीम ने आपरेशन शुरू किया जो करीब डेढ़ घंटे तक चला। इस दौरान उसे दो यूनिट ब्लड भी चढ़ाना पड़ा। फिर युवती को प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया।

चिकित्सकों के अनुसार ऑपरेशन के बाद युवती की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उसकी देखरेख के लिए आधा दर्जन स्वास्थ्यकर्मियों को लगाया गया है। युवती जिस वार्ड में भर्ती है वहां पर सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं। पीड़िता के पास महिला पुलिस के साथ ही एलआईयू भी तैनात है।



सीओ सदर के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज परिसर में मुस्तैद पुलिस।

## फोरेंसिक टीम ने लिए सैंपल

युवती के साथ हुए गैंगरेप की घटना पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम भाटपाररानी पहुंची। टीम के सदस्यों ने घटनास्थल और भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर गिरे हुए ब्लड के सैंपल के साथ फिंगर प्रिंट के नमूने जांच के लिए एकत्र किए। टीम के सदस्यों ने एक घंटे तक बारीकी से जांच कर सैंपल लिया।

## माता-पिता के आने का इंतजार

पुलिस ने दिल्ली के मयूर विहार में परिवार के साथ रहने वाले युवती के पिता को मोबाइल पर घटना की जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार युवती के माता-पिता बेटी की स्थिति के बारे में जानकारी होने पर दिल्ली से देवरिया के लिए चल दिए।

**एसआई मुस्ताक अहमद की तत्परता से बच गई युवती की जान:** भाटपाररानी थाने में तैनात दरोगा मुस्ताक अहमद पहले भटनी जीआरपी में तैनात थे। कुछ माह पूर्व ही उनकी तैनाती भाटपाररानी थाने में हुई। वह पहले नगर का हल्का देखते थे। थानेदार ने उन्हें हल्का नम्बर दो की जिम्मेदारी दे दी। वह रविवार की रात में हल्का नम्बर दो पकड़ी बाबू, जिरासो के तरफ गश्त कर रहे थे। इसी बीच भाटपाररानी स्टेशन मास्टर ने उन्हें घटना की जानकारी दी। सूचना के बामुश्किल 10 मिनट के अंदर दरोगा मौके पर पहुंच गए। वे युवती को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटपाररानी पहुंचे। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार युवती का तेजी से रक्तस्राव हो रहा था। यदि अस्पताल पहुंचने में और विलंब होता तो उसकी जान भी जा सकती थी।

**गैंगरेप के विरोध में माकपा का प्रदर्शन आज :** गैंगरेप के विरोध में माकपा का विरोध प्रदर्शन मंगलवार को होगा। यह जानकारी कामरेड साधुशरण ने दी है। उन्होंने बताया है कि स्टेशन परिसर में दिल्ली के युवती के साथ हुए गैंगरेप की घटना के विरोध में माकपा द्वारा प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौपा जाएगा।

**05** डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज में करीब डेढ़ घंटे तक किया ऑपरेशन

**06** चिकित्सकों की देखरेख में पीड़ित युवती का चल रहा इलाज

"युवती की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उसके इलाज के लिए छह स्वास्थ्यकर्मियों की टीम लगाई गई है। युवती का ऑपरेशन सफल रहा है। उसे दो यूनिट ब्लड चढ़ाना पड़ा।

-डॉ. एचके मिश्रा, सीएमएस, जिला अस्पताल

## युवती ने की दरिंदों की शिनाख्त, दिया बयान

युवती ने अपने साथ दरिंदगी करने वाले दोनों युवकों और घटनास्थल के बारे में पुलिस को बयान दिया था। पुलिस ने बयान के आधार पर ढाबे पर छापेमारी कर वहां से दीपक जायसवाल और रोहित गोंड़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों की फोटो खीचकर युवती को दिखाया तो उसने दोनों की शिनाख्त की। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू की।




हिन्दुस्तान दि० 21.2.23

# शर्मनाक: दिल्ली से दोस्त के साथ बिहार जा रही युवती से देवरिया में गैंगरेप, गंभीर

भाटपाररानी (देवरिया), हिटी। भाटपाररानी रेलवे स्टेशन परिसर स्थित एक ढाबे पर रविवार रात दिल्ली की एक युवती से दो युवकों ने गैंगरेप किया और गंभीर हालत में प्लेटफार्म पर छोड़ कर भाग गए। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां करीब डेढ़ घंटे तक ऑपरेशन चला और दो यूनिट खून चढ़ाना पड़ा। उधर, पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

प. चम्पारण जिले के बेतिया थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का परिवार दिल्ली में बस गया है। युवती मौसी के घर बेतिया जाने के लिए शनिवार को अपने दोस्त के साथ दिल्ली से चली। दोनों रविवार को गोरखपुर पहुंचे। वहां से शाम को गोरखपुर-सिवान पैसेंजर से रवाना हुए। रास्ते में युवती का दोस्त से किसी बात पर विवाद हो गया। नाराज होकर वह रात में भाटपाररानी स्टेशन उतर गई। युवती को अकेले देख कुछ युवक पहुंचे और उसे सुरक्षित जगह रात्रि विश्राम के बहाने स्टेशन परिसर स्थित ढाबे में ले गए, जहां ढाबा संचालक ने दोस्त संग उसके साथ गैंगरेप किया फिर बेहोशी की हालत में स्टेशन पर छोड़ भागे। रात करीब डेढ़ बजे होश में आने पर युवती ने स्टेशन मास्टर को जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी ढाबा संचालक दीपक पुत्र पुप्पू जायसवाल निवासी बेलपार पंडित और रोहित पुत्र रमेश गौंड़ निवासी बड़का गांव थाना भाटपाररानी को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस की गिरफ्त में गैंगरेप के आरोपी।

>संबंधित खबर P 03

दैनिक जागरण दि० 21-2-23

# दुष्कर्म पीड़िता से जुड़े कई सवालों के जवाब तलाश रही पुलिस

- दिल्ली लौटना चाह रही थी युवती दरिंदों ने कर दिया वारदात
- घटना की सूचना पर पहुंचे रिश्तेदार पुलिस ने ली जानकारी

जागरण, भाटपाररानी, देवरिया: मेडिकल कालेज के महिला वार्ड में भर्ती दुष्कर्म पीड़िता से जुड़े कई सवालों के जवाब पुलिस तलाश रही है। युवती किन परिस्थितियों में घर से निकली, इसका सही जवाब अभी नहीं मिल सका है। रिश्तेदारों से मिली जानकारी के आधार पर वारदात से पहले की कड़ी को जोड़ने की कोशिश कर रही है।

भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के समीप ढाबा संचालक व उसके दोस्त ने सामूहिक दुष्कर्म से पहले युवती को विश्वास में लिया। गोरखपुर-सिवान पैसेंजर ट्रेन से उतरने के बाद युवती दिल्ली जाना चाहती थी। वह स्टेशन मास्टर के पास ट्रेन के बारे में पूछने भी गई थी। रात में दिल्ली के लिए कोई ट्रेन नहीं थी।

पुलिस ने आरोपितों को भले ही गिरफ्तार कर लिया, लेकिन अभी कई सवालों का जवाब खोजना बाकी है। युवती किन परिस्थितियों में घर से निकली, कहां जा रही थी, पुरुष दोस्त कहां मिला, वह कहां लेकर जा रहा था, ऐसी कौन सी बात हुई कि युवती भाटपाररानी में ट्रेन से उतर गई? इन सवालों का जवाब अभी नहीं मिला है। पश्चिम चंपारण से मौसी समेत अन्य रिश्तेदार भाटपाररानी पहुंच गए, लेकिन पुलिस के सवालों का सही जवाब नहीं दे सके। मौसी ने इतना जरूर कहा कि युवती उनके घर भी गई थी। वहां से गोरखपुर आई थी। वह घर से क्यों निकली, इसका जवाब नहीं दे सकीं। युवती के पास प्लास्टिक का थैला मिला है, जिसमें दुपट्टा समेत अन्य सामान रखा था।

**पीड़िता का एक घंटे चला आपरेशन**

दुष्कर्म पीड़िता को भोर में पांच बजे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज की इमरजेंसी लाया गया। पीड़िता का आपरेशन एक घंटे तक चला। इस दौरान डाक्टर व अधिकारी चिंतित रहे।

आपरेशन के बाद पीड़िता के होश आने व रक्तस्राव बंद होने के बाद डाक्टरों व अधिकारियों ने राहत की सांस ली। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डा. श्वेता कपूर व डा. माया सिंह ने आपरेशन किया। आपरेशन से पहले प्रधानाचार्य डा. राजेश बरनवाल व डा. संजय शर्मा ने दवाएं देकर बेहोश किया। डाक्टरों की टीम ने बताया कि एक घंटे और विलंब होता तो कुछ भी हो सकता था। अधिक रक्तस्राव होने के कारण दो यूनिट ब्लड चढ़ाया गया। प्रधानाचार्य डा. राजेश बरनवाल ने बताया कि पीड़िता काफी गंभीरावस्था में आई थी।

**नशेड़ियों का अड्डा बना स्टेशन परिसर:** भाटपाररानी रेलवे स्टेशन परिसर गजेड़ियों और नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। यहां नशेड़ी रात में गांजा, शराब पीकर स्टेशन पर घूमते रहते हैं। कई बार यहां छिनैती की घटनाएं हुई हैं।



मेडिकल कालेज में पीड़िता की सुरक्षा में तैनात सीओ सदर श्रेयस त्रिपाठी व पुलिसकर्मी •



भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के पास घटनास्थल का जायजा लेती पुलिस • जागरण

**ढाबा पर टिकी निगाहें**

पुलिस की निगाहें उस ढाबा पर टिक गई हैं, जहां युवती के साथ घटना हुई है। कमरे को सील कर दिया गया है। होटल मालिक इसके पूर्व इस तरह की कई घटनाओं में कई बार जेल जा चुका है। यहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिस ढाबा में आरोपितों ने दुष्कर्म किया। वह रेलवे की तरफ से आरोपित दीपक जायसवाल के नाम से आवंटित है। रोहित गौंड उस ढाबा पर कार्य करता है। बीच में आरोपित रोहित ढाबा छोड़कर बाहर चला गया था।

दैनिक जागरण दि० 21-2-23

# दिल्ली की युवती से देवरिया में दरिंदगी, दो आरोपित गिरफ्तार

जासं, देवरियाः भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से अकेले उतरी युवती ने रात में जिस ढाबे पर शरण ली, उसी के संचालक ने दोस्त के साथ मिलकर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। दिल्ली की रहने वाली बीस वर्षीय युवती हरियाणा के सजातीय पुरुष मित्र इमरान के साथ दिल्ली से बिहार जा रही थी। ट्रेन में दोनों के बीच अनबन हो गई। रविवार की रात में खून से लथपथ युवती रेलवे स्टेशन पहुंची तो स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराकर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आपरेशन के बाद युवती की हालत सामान्य है।

युवती ने पुलिस को बताया कि वह नई दिल्ली के मयूर विहार में रहती है। पिता वेल्डर हैं। दो दिन पहले वह हरियाणा के फरीदाबाद निवासी दोस्त इमरान के साथ नई दिल्ली से बिहार जाने के लिए निकली थी। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में उसका गांव है, लेकिन वहां कोई रहता नहीं है। गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर उतरकर दोनों सिवान जाने वाली गोरखपुर-सिवान पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए। रास्ते में किसी बात पर इमरान से अनबन हो गई और रात में 9:30 बजे वह भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर उतर गई। स्टेशन के आसपास रात गुजारने के लिए वह जगह ढूंढ रही थी, तभी एक युवक मिला और ढाबे पर जगह होने की बात कहकर साथ ले गया। रात में वहां दो युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह वह दोबारा रेलवे स्टेशन पहुंची। प्लेटफार्म नंबर एक पर युवती को बैठे देख स्टेशन मास्टर ने जीआरपी और भटनी थाने को अवगत कराया। पुलिस उसे अस्पताल ले गई। एडीजी अखिल कुमार, डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी ने मेडिकल कालेज पहुंच कर पीड़िता का हाल जाना। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान भाटपाररानी क्षेत्र के बेलपार पंडित गांव के दीपक जायसवाल और बड़का गांव के रोहित गोंड के रूप में हुई। दीपक ढाबे का मालिक है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपित दीपक जायसवाल व रोहित गोंड • सौ.पुलिस

- ढाबा संचालक ने रात बिताने के लिए जगह देने का झांसा देकर दोस्त संग मिलकर किया दुष्कर्म

युवती की तहरीर पर दोनों आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आपरेशन के बाद पीड़िता की हालत में सुधार है।
**संकल्प शर्मा**, एसपी, देवरिया

दैनिक जागरण पृ०-21-2-23

# साढ़े तीन माह बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

देवरिया : साढ़े तीन माह बाद सदर कोतवाली पुलिस ने दो युवकों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। शहर के सोंदा की रहने वाली कंचन पांडेय पत्नी अवनीश पांडेय की खिलौना की दुकान है। 26 अक्टूबर 2022 की रात 8 .30 बजे सामान व्यवस्थित कर रही थीं। तभी दो युवक बाइक से दुकान पर पहुंचे व खिलौना आदि के दाम पूछने लगे। झांसा देकर मोबाइल व कुछ रुपये चुराकर भाग गए। (जासं)

अमर उजाला दि० 21.02.23

# नलकूप का पोल तोड़ने पर केस दर्ज

सलेमपुर। नगर के पिपरा नाजिर वार्ड में राजकीय नलकूप का कुछ लोगों ने पोल तोड़ दिया है। इसके चलते राजकीय नलकूप की बिजली आपूर्ति बाधित है। अधिशासी अभियंता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एक नामजद समेत कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता विजय कुमार गोंड़ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि नगर के पिपरा नाजिर वार्ड में राजकीय नलकूप स्थापित है। 28 जनवरी को विद्युत निगम द्वारा लाइन निर्माण का कार्य सुरक्षा बल की देखरेख में कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई थी। इसी बीच 17 फरवरी को अवर अभियंता राजकीय नलकूप का निरीक्षण करने गए थे।

पाया गया कि भूस्वामी राम प्यारे व अन्य अज्ञात लोगों ने विद्युत पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इससे राजकीय नलकूप का विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। कोतवाली पुलिस ने राम प्यारे समेत कुछ अज्ञात व्यक्तियों पर केस दर्ज किया है। संवाद

अमर उजाला दि० 21-2-23

# युवती ने एंबुलेंस में की आरोपियों की पहचान

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की धर-पकड़ में जुट गई थी। वारदात के बाद जब युवती को पुलिस देवरिया लेकर आ रही थी, उसी दौरान अर्धबेहोशी की हालत में पुलिस ने कुछ संदिग्धों की फोटो दिखाई। उन्हीं फोटो में आरोपियों की फोटो भी दिख गई।

युवती ने आरोपियों को पहचान लिया। इसके बाद पुलिस ने सोमवार सुबह ही होटल चलाने वाले भाटपाररानी तहसील के बेलपार पंडित के दीपक जायसवाल व बड़का गांव के रोहित को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित युवती गोरखपुर से अपने परिचित के साथ रविवार की शाम करीब सात बजे गोरखपुर-सिवान पैसेंजर ट्रेन से भाटपाररानी के लिए रवाना हुई थी। उसे अपने रिश्तेदार से मिलने जाना था। युवती ने बताया कि वह दिल्ली के मयूर विहार क्षेत्र की रहने वाली है।

## रिश्तेदार ने बताया- कक्षा नौ तक की पढ़ाई

पीड़िता की रिश्ते में बहन लगने वाली बेतिया की युवती अपनी मां के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंची थी। उसने बताया कि पीड़िता का पूरा परिवार दिल्ली में रहता है। कक्षा नौ की पढ़ाई करने के बाद घरवालों ने उसकी पढ़ाई रोक दी। युवती चार भाई-बहनों में सबसे छोटी है।

अमर उजाला दि0-21-2-23

# कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

देसही देवरिया। महुआडीह थानाक्षेत्र के कई ईंट-भट्ठे पर सोमवार को पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। इसमें एक ईंट-भट्ठे पर कच्ची शराब बना रहे दो लोगों को पुलिस ने दबोच लिया और 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इस धंधे में शामिल झारखंड के मजदूर सीमा और आशिक को गिरफ्तार किया। इस संबंध में एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया की कच्ची शराब बनाए जाने की सूचना पर छापेमारी की गई। संवाद

अमर उजाला दि0 21.02.23

# देवरिया : ढाबे में युवती से दरिंदगी, दो गिरफ्तार

## भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के पास हुई घटना, रात दो बजे खून से लथपथ अर्धबेहोशी की हालत में प्लेटफॉर्म पर मिली

देवरिया/भाटपाररानी। भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के पास एक ढाबे में रविवार को रात युवती से सामूहिक दुष्कर्म किया गया। वह रात दो बजे खून से लथपथ अर्धबेहोशी की हालत में प्लेटफॉर्म पर मिली। उसकी हालत से आशंका है कि आरोपियों ने वहशियाना हरकत की है। घटना को ढाबा मालिक और उसके कर्मचारी ने अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों को सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

पुलिस के मुताबिक, युवती मूल रूप से बिहार के बगहा क्षेत्र की रहने वाली है। परिजन अब दिल्ली के मयूर विहार में रहते हैं। वह किसी परिचित के साथ गोरखपुर से पैसेंजर ट्रेन में बैठी थी। परिचित से कहासुनी होने के बाद वह भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर रात सवा नौ बजे उतर गई। स्टेशन में बेंच पर बैठी युवती को दो युवकों ने यह कहकर झांसे में ले लिया कि



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

यह स्थान सुरक्षित नहीं है। वह उनके साथ चले। उसके बाद दोनों उसे पास स्थित एक ढाबे में ले गए। वहां उसके साथ दरिंदगी की।

युवती की हालत बिगड़ने पर आरोपी उसे ढाबे पर ही छोड़कर भाग गए। युवती किसी तरह रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म तक पहुंची। उसकी हालत देखकर लोगों ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। रात 2:25 बजे भाटपाररानी पुलिस युवती को लेकर पीएचसी गई। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. इमाम हुसैन ने बताया कि युवती के निजी अंग में गहरा जख्म है। इसलिए रक्तस्राव अधिक हो रहा है। टांके लगाने पड़े हैं। अब उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डीएम और एसपी ने भी युवती का हाल जाना। पीड़ित युवती के रिश्तेदार भी पहुंच गए हैं। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी ढाबा मालिक बेलपार पंडित निवासी दीपक जायसवाल और कर्मचारी बड़का गांव निवासी रोहित को गिरफ्तार कर लिया गया है। शक के आधार पर कुछ अन्य युवकों को भी पकड़ा गया है। सख्त कार्रवाई की जाएगी। संवाद

अमर उजाला दि. 21.02.23

# नहीं हैं सुरक्षा के इंतजाम, मौका देख अपराधी वारदात को दे रहे अंजाम

## भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर न सीसीटीवी, न सुरक्षाकर्मी तैनात, भगवान भरोसे रहते हैं यात्री

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। नगर के लोगों का कहना है कि स्थानीय पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ तीनों की यहां तैनाती नहीं है। इसकी वजह से मनबढ़ों के हौसले बुलंद रहते हैं।

आरोप लगाया है कि दिन में केवल खोमचे, टेंपो व अन्य वाहनों के चालकों से स्टेशन परिसर में हफ्ता वसूलने के लिए जीआरपी और आरपीएफ आती है। यदि रात में पुलिस की तैनाती रहती तो इस तरह की दरिंदगी यहां नहीं होती।

लोगों का कहना है कि रात में यहां नशेड़ी गांजा, शराब, भांग आदि खाकर स्टेशन पर घूमते रहते हैं। लोगों को अपनी हवस से लेकर छिनैती का शिकार बनाते रहते हैं। सामूहिक दुष्कर्म की घटना इसी का हिस्सा है।

स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म पर रात में दोनों तरफ अंधेरा रहता है। इससे अपराधियों को घटना को अंजाम देने में सहूलियत रहती है। ढाबा मालिक के साथ मिलकर इन्हीं नशेड़ियों ने घटना को अंजाम दिया है।

आरोपियों को पहले भी इस तरह की कई घटनाओं में जेल भेजा जा चुका है। पुलिस भी उसे बखूबी जानती है। लोगों ने इसके विरुद्ध पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जीआरपी भटनी थाना अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि जीआरपी की भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर कोई तैनाती नहीं है। भटनी के आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप पांडे ने बताया कि वहां आरपीएफ की भी तैनाती नहीं है। सुबह पीआरएस के लिए आरपीएफ जाती है और वापस हो जाती है।



भाटपाररानी में युवती से हुए सामूहिक दुष्कर्म के बाद देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के बाद जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस। संवाद

### स्टेशन के बाहर कहीं भी सीसीटीवी कैमरा नहीं

रेलवे स्टेशन के कार्यालय में ही सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। प्लेटफॉर्म, रेलवे स्टेशन के बाहर या आसपास सीसीटीवी कैमरा नहीं लगे हैं। स्टेशन मास्टर चंदन कुमार ने बताया कि इसके लिए रेलवे से बजट नहीं मिला है।

### घटना में दो से ज्यादा के शामिल होने की आशंका

देवरिया। भाटपाररानी में युवती से हुई दरिंदगी की घटना में पुलिस को दो से अधिक आरोपियों के होने की आशंका है। पुलिस ने दो आरोपियों के अलावा भी क्षेत्र के कई और बदमाशों को उठाया है। उनसे पूछताछ चल रही है। जिले में इतनी बड़ी वारदात होने के बाद आला अधिकारी भी हरकत में आ गए हैं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा सुबह ही अस्पताल पहुंच गए। कड़ी निगरानी में अच्छा से अच्छा इलाज करने के निर्देश दिए। डॉक्टरों ने बताया कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण युवती की हालत गंभीर है। जख्म गहरे हैं। दो यूनिट खून चढ़ाया जा चुका है। संवाद

अमर उजाला दि० 21.02.23

# पुलिस और डॉक्टरों की सक्रियता से बची जान

## भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के पास युवती से सामूहिक दुष्कर्म का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के पास सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता की हालत काफी गंभीर थी। पुलिस की सक्रियता और मेडिकल कॉलेज में समय से उपचार मिलने से उसकी जान बच गई। इसमें किसी भी स्तर पर चूक होती तो उसकी जिंदगी पर भारी पड़ सकती थी। यह डॉक्टरों का भी मानना है।

भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर खून से लथपथ और चलने में असमर्थ युवती को लोगों ने देखा तो स्टेशन मास्टर को जानकारी दी। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए पुलिस को सूचना दी।

खबर मिलने के करीब दस मिनट के भीतर प्लेटफॉर्म पर पहुंच गए। एंबुलेंस से पीएचसी ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस कर्मी तुरंत पीड़िता को लेकर मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला महिला अस्पताल के लिए रवाना हो गए।

पीड़िता के अस्पताल पहुंचते ही मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार बरनवाल, सीएमएस डॉ. एचके मिश्रा, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ. अल्पना रानी, डॉ. पूनम बाला पहुंच गईं। मेडिकल कॉलेज की डॉ. बबिता कूपर, डॉ. माया सिंह, डॉ. निहारिका सिंह ने देरी किए बिना इलाज शुरू कर दिया। सारी जरूरी सुविधा समय से मुहैया होने के कारण जान बचा ली गई।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-02-2023

**हालात** | डीएम व एसपी ने कप्तानगंज तहसील में सुनी लोगों की फरियाद, कप्तानगंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

# समाधान दिवस में 140 मामले आए, महज 20 का निस्तारण

कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। सोमवार को सभी तहसीलों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 140 मामले आए, जिनमें महज बीस का मौके पर निस्तारण किया गया।

**कप्तानगंज संवाद** के अनुसार तहसील परिसर में जिला स्तरीय तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल व सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने की। कुल 55 प्रार्थना पत्र आये। 7 मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। डीएम ने पुलिस व राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि निजी जमीन संबंधी विवाद में दोनों पक्षों को बुलाकर समाधान करें, जिससे आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति नहीं बने। उन्होंने कप्तानगंज व रामकोला टैक्सी स्टैंड के लिये शीघ्र व्यवस्थापन करने को कहा। एसडीएम कप्तानगंज मोहम्मद जफर से दोनों नगर पंचायतों के संयुक्त अधिशासी अधिकारी अंबरीश कुमार सिंह व राजस्व टीम के साथ बैठक कर जल्द व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। एसडीएम मोहम्मद जफर ने बताया कि रामकोला टैक्सी स्टैंड के लिए बंद पड़ी खेतान चीनी मिल के पड़ाव को चिन्हित किया जा चुका है। जबकि कप्तानगंज नगर पंचायत में शीघ्र ही राजस्व टीम को लगाकर जमीन का चिह्नीकरण कार्य को फाइनल कर लिया जाएगा। डीएम ने कप्तानगंज ब्लॉक के अंतर्गत राजमंदिर ताल को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित और सुंदरीकरण के निर्देश दिए। अब तक इसे लेकर हुई कार्रवाई की जानकारी ली।

वहीं पडरौना तहसील में 8 मामलों में से 3 का मौके पर निस्तारण तथा कसया तहसील में 19 मामले में दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। तमकुहीराज संवाद के अनुसार 22 मामले आए, जिसमे राजस्व संबंधित 4 मामले मौके पर निस्तारित कर दिए गए। हाटा संवाद के अनुसार तहसील परिसर में एसडीएम वरुण कुमार पांडेय की अध्यक्षता में कुल 10 मामलों में महज एक का ही निस्तारण हो सका।

खड्डा संवाद के अनुसार तहसील सभागार में 26 शिकायती प्रार्थना पत्र आये, जिसमें से सिर्फ 3 आवेदनों का ही मौके पर निस्तारण कराया जा सका। इस दौरान किशनपुर विजयपुर में कब्रिस्तान के बगल में नाली बनाने का विवाद एडीएम के सामने आया। इस पर एडीएम ने तहसीलदार को इसकी जांच के आदेश दिये।



सोमवार को कप्तानगंज तहसील समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम, एसपी व सीडीओ। • हिन्दुस्तान

### पेशकार के खिलाफ सौंपा शिकायती पत्र

कप्तानगंज में समाधान दिवस के दौरान कप्तानगंज बार एसोसिएशन के लोगों ने अधिवक्ता जिलाध्यक्ष राम प्रताप सिंह व महामंत्री अरुण सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार के पेशकार के खिलाफ शिकायती पत्र डीएम को सौंप कार्रवाई की मांग की। डीएम ने अधिवक्ताओं को सकारात्मक आश्वासन दिया।

## शव बरामदगी के 24 घण्टे बाद ही पुलिस ने किया खुलासा, तीनों आरोपी गिरफ्तार

# झूठी शान के लिए पिता, चाचा व भाई ने की थी युवती की हत्या

**खुलासा**

- अविवाहित बेटी के प्रेम प्रसंग से नाराज थे पिता, भाई और चाचा
- नारायणी नदी से रविवार को बोरे में बरामद हुई थी युवती की लाश

> झूठी शान के लिए युवती की हत्या उसके पिता, भाई व चाचा ने मिलकर की थी। तीनों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को बोरे में भरकर नदी में फेंक दिया था। घटना का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।
>
> **धवल जायसवाल**, एसपी कुशीनगर

**सेवरही, हिन्दुस्तान संवाद।** सेवरही थाना क्षेत्र के एक गांव में 20 वर्षीय युवती की हत्या उसके पिता और भाई ने गला घोंटकर की थी। चाचा ने भी इसमें सहयोग किया था। साक्ष्य मिटाने को इन लोगों ने मिलकर शव को बोरे में भरकर नदी में फेंक दिया था। वे बेटी के प्रेम प्रसंग से नाराज थे। झूठी शान के लिए इन लोगों ने मिलकर उसे मार डाला। पुलिस ने लाश मिलने के चौबीस घंटे बाद ही हत्या का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों पर हत्या व साक्ष्य मिटाने का केस दर्ज कर लिया है। आरोपी पिता, भाई व चाचा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम पिपराघाट नरवांजोत के तवक्कल टोला के समीप नारायणी नदी में रविवार को एक युवती की हत्या कर बोरे में रखकर फेंका गया शव पुलिस ने बरामद किया था। शव देखते ही पुलिस को लग गया कि उसकी हत्या की गयी है। मृतका की शिनाख्त इसी थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के रूप में हुई थी। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की तो पता चला कि वह 14 फरवरी से ही घर से गायब थी। पुलिस ने संदेह के आधार पर उसके पिता, भाई व चाचा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया कि उसकी हत्या गला घोंटकर की गई है।

पुलिस ने बताया कि युवती के शव की पिता ने शिनाख्त तो कर ली लेकिन उसके हावभाव से लग रहा था कि उसे घटना से कोई दुख नहीं है। पुलिस ने गांव के लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने भी परिवार के लोगों पर ही संदेह जताया। थानाध्यक्ष सेवरही संजय कुमार ने शक के दायरे में आए युवती के पिता, भाई और चाचा से पूछताछ की तो वह इधर-उधर घुमाते रहे। अलग-अलग पूछताछ की तो सबसे पहले चाचा टूटा। इसके बाद तीनों को साथ बैठाकर पूछताछ की गयी। इसके बाद हत्या के रहस्य से पर्दा उठ गया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि युवती फोन पर किसी से बात करती थी। पूरा परिवार उसके प्रेम प्रसंग से आहत था। परिवार के लोगों ने उसे बहुत समझाया मगर वह नहीं मानी तो आवेश में आकर पिता व भाई ने साथ मिलकर 14 फरवरी को ही दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। चाचा ने भी इसमें सहयोग किया था। पुलिस ने बताया कि बेटी के लापता होने की भनक लोगों को होने लगी तब भी परिवार के लोगों ने उसकी तलाश नहीं शुरू की। थाने पर भी उसकी गुमशुदगी की सूचना नहीं दी। इसी सवाल पर हत्यारोपी फंस गए और गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने गांव के चौकीदार की तहरीर पर युवती के पिता, चाचा व भाई के खिलाफ केस दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष सेवरही संजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के उपरांत घटना में लिप्त तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

# चाकूबाजी मामले में तीन पर केस

पटहेरवा। पटहेरवा गांव निवासी एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने चाकूबाजी मामले में तीन आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के पटहेरवा निवासी अनिता पत्नी अरविंद शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनका बड़ा लड़का कमल 12वीं का छात्र है और बोर्ड परीक्षा दे रहा है। रविवार की शाम किसी काम से वह पटहेरवा चौराहे की तरफ गया था। वापस आते समय नेहरू इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा ही था कि महुअवा निवासी साहिल ने अपने साथी सतीश भारती व अनिल भारती के साथ उस पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने कमल को इलाज के लिए फाजिलनगर सीएचसी भिजवाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

**मंसाछापर।** जटहा बाजार थाने की पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15 हजार के ईनामी बदमाश को खिरकिया तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एसओ राजकुमार बरवार ने बताया कि पडरौना कोतवाली क्षेत्र के जंगल सिंघापट्टी गांव के निवासी सुरेश मुसहर के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज था। इसके बाद से उसके विरुद्ध 15 हजार का ईनाम भी घोषित किया गया था। मामले में खिरकिया तिराहे से उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# चाकू से छात्र पर हमला, तीन के विरुद्ध मुकदमा

**पटहेरवा :** कक्षा 12 वीं के छात्र को पुरानी रंजिश में चाकू गोदकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को तीन युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मां अनीता देवी ने तहरीर में लिखा है कि पुत्र कमल शर्मा रविवार शाम पटहेरवा बाजार जा रहा था कि नेहरू इंटरमीडिएट कालेज के सामने घात लगाकर बैठे साहिल, संतोष भारती, अमित भारती निवासी महुअवां थाना पटहेरवां पकड़ लिए। साहिल ने चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

# समाधान दिवस पर पीड़ितों को फिर आश्वासन

## 55 में महज सात मामलों का निस्तारण, लापरवाही करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : जिलाधिकारी

**जागरण संवाददाता, कप्तानगंज:** तहसील सभागार में अवकाश होने के कारण शनिवार की बजाय सोमवार को डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने फरियाद तो जरूर सुनी, लेकिन समस्याओं समाधान नहीं हुआ बल्कि फिर उन्हें आश्वासन मिला। इस दौरान प्रस्तुत 55 आवेदनों में से महज सात का निस्तारण किया गया।

इस दौरान डीएम ने बाकी मामलों को निर्धारित अवधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कस्बा निवासी किशन बंका ने अपनी भूमि पर कुछ लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे की शिकायत करते हुए हटवाने की मांग की तो बोदरवार के अमरनाथ तिवारी ने अपनी भूमि पर कब्जा करने में बगल के लोगों द्वारा अवरोध पैदा करने की बात कही। खोटहां के दिनेश ने कब्जा दिलाने,



कप्तानगंज तहसील सभागार में फरियाद सुनती बाएं से दूसरी सीडीओ गुंजन द्विवेदी, डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल • जागरण

सुरेश यादव ने गन्ना मूल्य भुगतान कराने की मांग की। तहसील बार संघ संघ अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, मंत्री अरूण सिंह, विनोद मिश्रा, हीरा पांडेय ने तहसील के भ्रष्ट कर्मचारियों को हटाने की मांग की तो व्यापार मंडल के अध्यक्ष रमेश अग्रहरि, महामंत्री संतोष जायसवाल ने कस्बे के सुभाष चौक पर निर्माणाधीन पुल से हो रही जाम की समस्या को लेकर पुलिसकर्मियों की तैनाती के लिए मांग की।

डीएम ने समस्याएं सुन समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले बिंदुओं को प्राथमिकता के साथ अधिकारी व कर्मचारी गंभीरता से लें। समाधान दिवस में मिले प्रार्थना पत्रों के लिए रजिस्टर में प्रत्येक मामले को अंकित करें। आनलाइन शिकायतों को 10 दिन में निस्तारित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत अधिकारी गांव के सर्वे के साथ अधूरे आवास को तत्काल पूरा कराएं। रोस्टर के अनुसार गांवों में दो दिन अधिकारी बैठें और समस्याओं का निस्तारण करें। राजस्व विभाग से जुड़े मामलों में लेखपालों को लापरवाही ठीक नहीं है। अगर उनके स्तर पर मामला लंबित रहा तो कार्रवाई होगी। स्थलीय निरीक्षण कर फरियादियों को न्याय दें।

एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि राजस्व और पुलिस टीम दोनों तालमेल बनाकर मामले निस्तारित करें, ताकि गांव में विवाद की स्थिति न रहे। इस दौरान सीडीओ गुंजन द्विवेदी, सीएमओ डा.सुरेश पटारिया, एसडीएम मोहम्मद जफर, तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी, नायब तहसीलदार कुंदन वर्मा, ईओ अंबरीश कुमार सिंह, बीडीओ प्रवीण कुमार शुक्ला, एसएचओ अनिल कुमार उपाध्याय, लेखपाल मारकंडेय गुप्ता, अजय कुमार राव, विचित्र मणि, ओम प्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे।

### 10 में एक का निस्तारण

**हाटा:** स्थानीय तहसील परिसर में नायब तहसीलदार सुनील सिंह की अध्यक्षता में आए कुल 10 मामलों की सुनवाई हुई, जिसमें एक का मौके पर निस्तारित हुआ। इस दौरान प्रदुम्न राव, किशोरी लाल, प्रदीप गुप्त, रामेंद्र तिवारी, नितिन उपाध्याय आदि तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### महज तीन निस्तारित

**पडरौना:** सदर तहसील में एसडीएम महात्मा सिंह की देखरेख में संपूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत कुल आठ मामलों में से तीन का निस्तारण हुआ। बाकी मामलों को गुणवत्ता के आधार पर समाधान कराए जाने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार सुमित सिंह, लेखपाल योगेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मिल सकती है एयरपोर्ट व साइबर थाने की सौगात

## बजट से उम्मीद

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** राज्य सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले वाले बजट से एयरपोर्ट व साइबर थाना की सौगात जिले को मिल सकती है। चार अस्पतालों में एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने का रोड़ा भी दूर हो सकता है। दूसरी ओर तीन सीएचसी में 50-50 बेड बढ़ाने की योजना में खड़ा अवरोध भी दूर हो सकता है। इनकी चहारदीवारी बनाने की राह भी आसान हो सकती है।

दरसअल, स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने को लेकर विभाग ने जिले के तीन स्वास्थ्य केंद्रों खड्डा, कसया व पडरौना में 50-50 बेड बढ़ाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है, हालांकि इसमें होने वाले खर्च का ब्योरा नहीं दिया गया है। दिसंबर 2022 को शासन को भेजे गए प्रस्ताव में विभाग ने बरवारतनपुर, कप्तानगंज, बोदरवार में बाउंड्रीवाल कराने तो दुदही, विशुनपुरा, नेबुआ नौरंगिया, रामकोला में एक्सरे मशीन लगाने की बात कही है। सीएमओ डा. सुरेश पटारिया कहते हैं कि बजट स्वीकृत होते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा। दूसरी ओर कुशीनगर में एयरपोर्ट तथा साइबर थाना की सौगात भी मिल सकती है। 2022 में कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शुरू होने के बाद से ही एयरपोर्ट थाना खुलने की कवायद चल रही है। एयरपोर्ट परिसर व आसपास की गतिविधियों पर प्रभावी नजर रखने के लिए एयरपोर्ट थाने का प्रस्ताव चालू वर्ष में ही डीजी कार्यालय को भेजा गया है। प्रस्ताव पर अपनी संस्तुति करते हुए डीजी कार्यालय ने फाइल शासन को भेज दी है। एयरपोर्ट निर्माण होने से एयरपोर्ट एरिया की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद हो जाएगी। इसी तरह पुलिस लाइन में साइबर थाना का प्रस्ताव भी जिले से डीजी कार्यालय तथा वहां से शासन को भेजा दिया गया है।



कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का टर्मिनल बिल्डिंग। जागरण

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि जिले में एयरपोर्ट व साइबर थाने का प्रस्ताव भेजा गया है। नए वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्य शुरू होने की राह खुल सकती है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, कुशीनगर

पत्रांक: 273/16 लेखा दिनांक: 14.02.202

# 15 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**जासं, मंसाछापर :** जटहा बाजार पुलिस ने कोतवाली पडरौना क्षेत्र से सोमवार को फरार चल रहे गैंगस्टर को गिरफ्तार किया। गैंगस्टर पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित है। एसएचओ राजकुमार बरवार मातहतों संग क्षेत्र भ्रमण पर थे। तभी खिरकिया तिराहे पर संदिग्ध हाल में खड़ा युवक पुलिस देख भीड़भाड़ के बीच से भागना चाहा।

पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। उसकी पहचान सुरेश मुसहर निवासी सिंगापट्टी मुसहर टोली थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई।

एसएचओ ने बताया कि सुरेश के विरुद्ध जटहा बाजार व कोतवाली पडरौना में शराब तस्करी के मुकदमे पंजीकृत हैं। उस पर 15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित है। पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी।

# पिता व भाई ने मिलकर युवती को लगाया था ठिकाने

## चौकीदार की तहरीर पर पिता, भाई समेत सात पर हत्या का मुकदमा, पांच दिन पूर्व ही घटना को दिया अंजाम

**जागरण संवाददाता, सेवरही:** गंडक नदी किनारे बीते रविवार को मिले क्षेत्र के राजपुर बगहा निवासी रुबी यादव की हत्या उसके पिता व भाई ने ही अपनों संग मिलकर की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई। रिपोर्ट के अनुसार सिर पर चोट लगने तथा गले की हड्डी टूटने से युवती की मृत्यु हुई थी। शव पांच दिन पहले का था। इससे साफ है कि युवती की हत्या कर हत्यारों ने शव को ठिकाने लगा दिया था ताकि उनका गुनाह सामने न आ सके। पुलिस ने पिता, भाई समेत सात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर पिता व भाई को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश में छापेमारी चल रही है।



सूना पड़ा मृतका का घर। जागरण

### सिर पर चोट लगने से हुई थी मृत्यु

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार रुबी की मृत्यु सिर पर चोट लगने तथा गले की हड्डी टूटने से हुई थी। डाक्टरों के अनुसार यह स्थिति गला मरोड़ देने तथा सिर पर किसी ठोस वस्तु से प्रहार करने पर बनती है।



रुबी यादव● फाइल फोटो

पुलिस के अनुसार मृतका रुबी का अपने ही गांव के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी से मोबाइल पर बात करते देख पिता ने पहले बेटी को समझाया-बुझाया मगर उसमें सुधार होते न देख घर वाले उसे मारने-पीटने लगे। शव पांच दिन पुराना होने से इसकी पुष्टि हो रही कि हत्या कर घर वालों ने शव को बोरे में रख नरवाजोत बंधा किनारे ठिकाने लगा दिया। ताकि घटना का राजफाश न हो सके। उधर ग्रामीणों के अनुसार नारायणी नदी के उस पार से यह परिवार 25 वर्ष पूर्व आकर इस गांव में बस गया। आज भी सिर्फ इनका घर यहां है, खेती करने नदी के उस पार बिहार प्रांत में जाना पड़ता है। किसी से कोई अदावत नहीं थी। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि चौकीदार मोहन यादव की तहरीर पर पिता कन्हैया यादव, भाई राहुल यादव, चाचा भरथ यादव, राकेश यादव, अच्छेलाल यादव, मेघा यादव व लक्ष्मण यादव के विरुद्ध हत्या तथा शव छिपाने का मुकदमा पंजीकृत किया है। पिता व भाई गिरफ्तार हैं। अन्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। जल्दी ही सभी गिरफ्त में होंगे।

# 55 लोगों ने की फरियाद, सात मामलों का हुआ समाधान

## संपूर्ण समाधान दिवस : कप्तानगंज में डीएम रमेश रंजन और एसपी धवल जायसवाल रहे मौजूद



खड्डा में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते एडीएम देवी दयाल वर्मा और एएसपी रितेश कुमार सिंह। संवाद



कप्तानगंज में समाधान दिवस में फरियादियों की बात सुनते डीएम रमेश रंजन और एसपी धवल जायसवाल। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कप्तानगंज।** तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम रमेश रंजन और एसपी धवल के सामने कुल 55 लोगों ने फरियाद की। सात मामलों का मौके पर समाधान हो सका। अन्य मामलों को संबंधित विभागों के अधिकारियों के पास भेज दिया गया।

दोपहर करीब 12.47 बजे से लेकर 01 बजकर 47 मिनट तक डीएम और एसपी मौजूद रहे। इस दौरान डीएम ने नगर पंचायत कप्तानगंज और रामकोला में एक सप्ताह के भीतर पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी अंबरीश कुमार सिंह को दिए।

डीएम और एसपी के सामने संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व के 22, पुलिस के 15, विकास के चार और अन्य 14 मामले सामने आए। बारी-बारी से सभी फरियादियों की बात सुनकर डीएम और एसपी ने समस्या के समाधान के निर्देश दिए। डीएम ने रामकोला और कप्तानगंज में एक हफ्ते के भीतर पार्किंग बनाने, ओपेन जिम, बैडमिंटन कोर्ट इत्यादि की व्यवस्था करने के लिए कहा। उन्होंने ग्राम सभा राजमंदिर ताल का सुंदरीकरण कराकर उसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कहा।

कस्बे के किशन बंका और गोपाल बंका ने अपनी 34 डिस्मिल भूमि पर तीन लोगों के कब्जा करके प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्माण कराने और झोपड़ी बनाने की शिकायत की। इस मामले की 10 बार संपूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस में शिकायत की जा चुकी है। डीएम ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश एसडीएम को दिए।

ग्राम सभा खेदू छापर मांडे राय की संगीनी देवी ने बैनामे की भूमि पर चल रही दीवार ढहाने, खोटही के नंदलाल ने चकरोड पर कब्जा करने, बोदरवार के अमरनाथ तिवारी ने 50 साल पुरानी अपनी भूमि पर निर्माण कार्य जबरन बंद कराने, अमडीहा निवासी गुड्डू ने भूमि की पैमाइश कराने का मामला उठाया। सभी पीड़ितों ने कहा कि वे कई बार तहसील दिवस में आ चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या दूर नहीं हो रही है।

**खड्डा प्रतिनिधि** के अनुसार, अपर जिलाधिकारी देवी दयाल वर्मा की अध्यक्षता एवं अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 26 मामले आए।

इनमें तीन का निस्तारण किया गया। तहसील परिसर में प्रधानमंत्री आवास (शहरी), आयुष्मान कार्ड, विधवा पेंशन हेतु स्टाल भी लगे, जहां लोगों ने अपना आवेदन जमा किया।

# शोरगुल से हैं परेशान तो पुलिस करेगी समाधान

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** 10 वीं व 12 वीं की परीक्षाएं चल रहीं हैं। परीक्षार्थियों के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण समय है।

वर्ष भर की पढ़ाई के बाद अपेक्षित परिणाम में कोई कसर न रह जाए, इसे लेकर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इनकी तैयारियों में शोरगुल बाधा से न आने पाए इसे लेकर पुलिस भी सजग है। बच्चों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से कहीं शोरगुल हो रहा हो और पढ़ाई में बाधा आ रही हो तो 112 सूचना दें। तत्काल समस्या का समाधान कराया जाएगा। एफआइआर तक दर्ज होगी।

इन दिनों मांगलिक कार्यक्रम व उत्सवों की धूम है। हर रोज आयोजन हो रहे। ऊंची आवाज में वाद्य यंत्र बजाए जा रहे हैं। इससे अनावश्यक रूप से होने वाली शोरगुल से बच्चों की पढ़ाई में बाधा आ रही। ऐसे में वाद्य यंत्र धीमी आवाज में बजाएं। देर रात तक न बजाएं।

तेज आवाज में वाद्य यंत्र बजा अनावश्यक रूप से शोरगुल पर पुलिस मौके पर पहुंच आयोजकों को समझाएगी, फिर भी मनमानी करते मिले तो कानूनी कार्रवाई करेगी।

- **पढ़ाई में आ रही बाधा तो परीक्षार्थी 112 पर दें सूचना, होगी कार्रवाई**
- **शादी समारोह में धीमी आवाज में बजा सकते हैं वाद्ययंत्र**

शोरगुल से पढ़ाई में ध्यान नहीं लगा पा रहे बच्चे 112 नंबर पर काल करें। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच समस्या का समाधान कराएगी। नागरिकों से भी अपील है कि वे अपनी जिम्मेदारी निभाएं और घर में उत्सव आदि होने पर वाद्य यंत्र धीमी आवाज में बजाएं।

धवल जायसवाल, एसपी

## हो सकती सजा या एक लाख रुपये तक का जुर्माना

अनावश्यक रूप से शोरगुल करना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 व ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 का उल्लंघन माना जाएगा। इसके तहत पांच वर्ष का कारावास या एक लाख रुपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है।

# चार लोग गिरफ्तार, 96 शीशी देसी शराब बरामद

समडर बाजार। पटहेरिया चौराहा पर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर बैग से 96 शीशी शराब बरामद हुई। उनकी पहचान बिहार के पश्चिमी चंपारण के इनरहवा थाना क्षेत्र के इनरहवा बाजार निवासी फारूख, सिंकदर कुमार सुजीत और पहाड़पुर थाना क्षेत्र के सरयावृति टोला निवासी राजकुमार शाह के रूप में हुई। संवाद

# शारीरिक शोषण करने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**पटहेरवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने वहीं के युवक पर तीन साल से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। सोमवार की दोपहर थाने में पहुंची युवती आरोपी से शादी करने की जिद पर अड़ी थीं। वहीं, आरोपी युवक शादी करने से इन्कार करता रहा। युवक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती सोमवार को अपनी मां के साथ थाने पहुंची थी। बताया जाता है कि उसने

## युवक से शादी करने की जिद पर अड़ी युवती

## पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया

पुलिस को तहरीर देकर गांव के एक युवक पर शादी से इन्कार करने का आरोप लगाकर तहरीर दी थी। इसमें सोमवार की दोपहर आरोपी और युवती अपनी मां के साथ थाने में पहुंची थी।

युवती ने बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। पीड़िता का आरोप है कि विदेश से लौटने के बाद भी उसने शारीरिक शोषण किया। अब शादी करने से इंकार कर रहा है। पीड़िता का आरोप था कि आरोपी के घर वालों ने उसकी शादी कही और तय कर दी है।

पीड़िता के मामले में आरोपी युवक से पूछताछ करने पर उसने शादी से साफ इन्कार कर दिया। काफी देर चले इस घटना क्रम में एक तरफ युवती शादी की जिद पर अड़ी थी। थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया की मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी हिरासत में है।

# पिता ने पीटने के बाद गला मरोड़कर की थी बेटी की हत्या

## झूठी शान में युवती के कत्ल के मामले का पुलिस ने किया पर्दाफाश

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** सेवरही थाना क्षेत्र राजपुर बगहां गांव में झूठी शान में युवती की हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस के अनुसार, पिता कन्हैया यादव ने ही पीटने के बाद बेटी का गला मरोड़कर हत्या की थी। उसकी मौत के बाद मृतका के भाई और चाचा ने कन्हैया का सहयोग किया था। बेटी की एक युवक की नजदीकी से पिता खार खाए था। उस समय परिवार के सदस्य शादी में शामिल होने गए थे।

इस मामले में चौकीदार मोहन यादव की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पिता कन्हैया यादव, चाचा भरत यादव, छोटे भाई राहुल यादव पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि 19 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर सेवरही के थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस बल के साथ नरवाजोत बांध के पास गंडक से बोरे से एक युवती का शव बरामद किया।

सोमवार को इस मामले का पर्दाफाश करते हुए एसपी ने बताया कि पूछताछ में रूबी यादव के पिता कन्हैया यादव ने बताया है कि 14 फरवरी को घर के सदस्य शादी समारोह में गए थे। रूबी खाने बनाने के लिए घर पर थी। दोपहर में वह अकेले थी। एक बजे वह अचानक घर पहुंचा तो उसके पास एक युवक दिखा। यह देख में आग बबूला हो गया। युवक भाग गया। इसके बाद वह रूबी को पीटने लगा। रूबी बेहोश हो गई। इसके बाद भी गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उसने बेटी का गला मोड़कर तोड़कर दिया। रूबी की मौत हो गई। बेटा राहुल और भाई भरत आ गए। बीती बातें बताते हुए उसने उनसे शव को ठिकाने लगाने के लिए सलाह मांगी। फिर शव को बोरे में भरकर नवरजोत बांध से गडंक नदी में फेंक दिया गया।

### दिन में मारकर रात में शव को ठिकाने लगाया

रूबी की हत्या उसके पिता ने 14 फरवरी को दोपहर एक बजे ही कर दी थी। शव को ठिकाने लगाने के लिए उसने रात होने का इंतजार किया। शव को बोरे में भरकर बाइक पर शव को लादकर नदी में फेंक दिया।

### महिलाओं से बताया बेटी किसी के साथ चली गई

बेटी को मारने के बाद कन्हैया यादव रात होने का इंतजार कर रहा था। शादी में गई पत्नी ललिता ने जब पूछा की रूबी किधर है। कन्हैया ने पत्नी को गुमराह करने के लिए बताया कि बेटी किसी लड़के से बात करती थी। उसी के साथ भाग गई है। इस वजह से वह बहुत गुस्से में है।

*आरोपी से पूछताछ और पोस्टमार्टम रिपोर्ट देखने के बाद यह पता चला है कि युवती को पहले पीटा गया है। उसके बाद उसके गले का हड्डी तोड़कर हत्या की गई है। मृतका के पिता, चाचा, छोटे भाई पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।*

*- धवल जायसवाल, पुलिस अधीक्षक*

### बेटी को युवक के साथ देखकर आगबबूला हुआ था

अमर उजाला फॉलोअप

**सड़क किनारे है घर, चार भाई बहनों में सबसे बड़ी थी रूबी :** रूबी चार भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। उसका घर सड़क किनारे है। 14 फरवरी के दिन वह घर में अकेले थी। इसी बीच उसने अपने दोस्त को बुला लिया था। इसी समय उसके पिता अचानक आ गए थे।

रूबी उस युवक से पहले से बात करती थी। उसके पिता और चाचा मोबाइल पर बात करते हुए सुन चुके थे। उन्होंने बात करने के लिए मना किया था। इसी कारण से हाईस्कूल पढ़ाने के बाद रूबी की पढ़ाई छुड़वा दी गई थी। तब से वह घर ही रह रही थी।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-02-2023

रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत लेकर समाधान दिवस में पहुंची थी महिला

# डीएम के सामने महिला ने खुद पर मिट्टी तेल उड़ेलने की कोशिश की

**अफरातफरी**

- लेखपाल पर लीपापोती का आरोप लगाया, प्रशासन ने रास्ता खाली कराया
- एक गैलन में मिट्टी छिपाकर ले गई थी, महिला सिपाही की मदद से किया गया बाहर

निचलौल (महराजगंज), हिन्दुस्तान संवाद। महराजगंज के निचलौल तहसील सभागार में सोमवार को डीएम सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक महिला ने अपने शरीर पर मिट्टी का तेल उड़ेलने की कोशिश की। वह घर के सामने रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत लेकर पहुंची थी। महिला के इस कदम से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में राजस्व-पुलिस टीम गांव पहुंची और रास्ता खाली करा दिया।

निचलौल तहसील के ग्राम गिरहिया बिन टोली की रहने वाली रीना सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंची। साथ में एक गैलन में मिट्टी का तेल छिपाकर ले गई थी। अचानक जब वह अपने शरीर पर तेल उड़ेलने की कोशिश करने लगी तो सभी सकते में आ गए। एसओ आनंद कुमार गुप्ता महिला सिपाही की मदद से उसे बाहर लेकर गए। अधिकारियों ने उसे थोड़ी देर तक एसडीएम के चैंबर में बिठाया। महिला का कहना था कि गांव के एक व्यक्ति ने उसके घर के सामने का रास्ता बंद कर उस पर दीवार उठा दी है। रीना का कहना है कि इसके पहले भी वह कई बार सम्पूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस में शिकायती पत्र दे चुकी है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उसने अधिकारियों के सामने लेखपाल का नाम लेकर कहा कि वह लीपापोती कर रहा है।



निचलौल तहसील में सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंची महिला ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल उड़ेलने की कोशिश की।

**तुरंत हट गया अतिक्रमण:** इस घटना के बाद राजस्व टीम पुलिस के साथ महिला के गांव पहुंची। जेसीबी से अतिक्रमण ध्वस्त कराकर बंद रास्ता चालू कराया। एसडीएम रामसजीवन मौर्य ने बताया कि लेखपाल संदीप मद्धेशिया की भूमिका की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई होगी।

> रास्ते से अतिक्रमण हटवा दिया गया है। आरोपी के खिलाफ 151 के तहत कार्रवाई की गई है। पूरे मामले की जांच भी कराई जा रही है।
>
> सत्येंद्र कुमार, डीएम

## डीएम ने तहसील का मुआयना किया

निचलौल। सम्पूर्ण समाधान दिवस में निचलौल आए डीएम सत्येन्द्र कुमार ने सोमवार को तहसील में उन्होंने एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट, अभिलेखागार, रजिस्ट्रार कानूनगो कक्ष, खतौनी अनुभाग, संग्रह अनुभाग आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया कि तहसील में जो कमियां हैं उसे शीघ्र पूरा कराएं।

# कट्टा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार, गया जेल

**जासं, घुघली:** आपरेशन तमंचा के तहत सोमवार को थानाध्यक्ष नीरज राय के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा एक कट्टा व 315 बोर कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पिपरिया करजहा निवासी 24 वर्षीय ब्रम्हानंद उर्फ राहुल यादव कट्टा और कारतूस लेकर पुरैना खंडीचौरा नहर पुलिया की तरफ जा रहा था। उसी दौरान मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली। पुलिस टीम अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए निकल पड़ी। तभी एक युवक पुलिस को आता देख भागने लगा। जिसे पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया।

**150 शीशी नेपाली शराब के साथ युवक गिरफ्तार: सोनौली:** भारत-नेपाल के भगवानपुर सीमा से सटे मदरी गांव के समीप सोमवार को पुलिस व एसएसबी टीम ने संयुक्त गश्त के दौरान 150 शीशी नेपाली शराब के साथ दिनेश भारती निवासी भगवानपुर टोला भगहू को गिरफ्तार किया है।

# 93 फरियादी निराश होकर लौटे

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन चारों तहसीलों में आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 121 फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। जिसमें 28 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। मौके पर निस्तारण नहीं हो पाने पर शेष 93 फरियादी निराश होकर लौट गए। डीएम ने सभी शेष मामलों को एक सप्ताह में निस्तारित करने का कड़ा निर्देश दिया।

निचलौल संवाद के अनुसार जिला स्तरीय समाधान दिवस तहसील निचलौल में डीएम सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में व एसपी डॉक्टर कौस्तुभ की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान कुल 51 लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे। जिसमें मौके पर नौ मामलों का निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सपा नेता विनोद यादव ने शिकायत दर्ज कराई कि गड़ौरा चीनी मिल के जिम्मे किसानों का तकरीबन 19 करोड़ रुपए बकाया है। इसका भुगतान होने में देरी से किसानों को कृषि ऋण जमा करने, बेटे बेटियों की शादी और बच्चों की पढ़ाई को लेकर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को कर्ज लेकर काम चलाना पड़ रहा है। डीएम ने जल्द भुगतान कराने का आश्वासन दिया। समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया कि शिकायतों व जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष ढंग से निपटाएं। शिकायतों के निस्तारण में देरी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजस्व विभाग से संबंधित अधिक मामले रहे। समाधान दिवस में सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल, एसडीएम रामसजीवन मौर्य, सीओ सूर्यबली मौर्य आदि मौजूद रहे।

**फरेंदा संवाद के अनुसार** तहसील फरेंदा में कुल 35 मामले आए। इसमें दस मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

**नौतनवा संवाद के अनुसार** तहसील नौतनवा में एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र के सामने कुल 25 मामले आए। जिसमें सात मामलों का निस्तारण किया गया।

**04** तहसीलों में आए 121 मामले, 28 का हुआ निस्तारण

## सदर में दस में दो मामले निस्तारित

महराजगंज। सदर तहसील में समाधान दिवस में कुल दस मामले आए। जिसमें दो मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम ने सभी राजस्व निरीक्षकों को भूमि विवादों को हल कराने का कड़ा निर्देश दिया।

# नेपाली शराब बरामद

सोनौली। एसएसबी और सोनौली पुलिस ने संयुक्त गश्त के दौरान को मदरी तिराहे के पास एक बाइक सवार युवक के पास 150 शीशी नेपाली शराब बरामद कर चालान कर दिया। यह जानकारी कोतवाल अभिषेक सिंह ने दी। संवाद

# छह लोगों को चालान

पनियरा। स्थानीय पुलिस ने छह लोगों को शांति व्यवस्था में चालान किया है। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि अनिल सिंह अनंतपुर, रामकेश, भगौती, भगद्दू, राम प्रताप गोनहा, उदय प्रताप भवानीपुर को चालान किया गया। संवाद

# मिठौरा के दो पूर्व प्रमुखों के खिलाफ अतिक्रमण का केस

## कार्रवाई

- सहायक अभियंता सिंचाई बृजेश सोनी की तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई
- सिंचाई विभाग व पुलिस टीम ने 12 व 13 फरवरी को अतिक्रमण हटाया था

महराजगंज, निज संवाददाता। सिन्दुरिया पुलिस ने सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता बृजेश सोनी की तहरीर पर मिठौरा क्षेत्र के दो पूर्व ब्लाक प्रमुखों के खिलाफ विभाग की भूमि पर अतिक्रमण करने के आरोप में केस दर्ज किया है। कुछ दिन पहले ही अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान टीम ने दोनों पूर्व ब्लाक प्रमुख के मकान को ध्वस्त कर चुकी है। अब केस दर्ज किया गया है।

सिंचाई विभाग ने सिन्दुरिया चौराहे के आसपास देवरिया शाखा की नहर पटरी पर अतिक्रमण के आरोप में करीब ढाई सौ से अधिक अतिक्रमण को बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया है। कुछ लोगों ने प्रशासन का सख्त तेवर देख खुद ही अतिक्रमण हटा लिया। सिंचाई विभाग का कहना था कि शिकायत के बाद कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया गया था। इसके बाद सिंचाई विभाग, राजस्व व पुलिस टीम ने 12 व 13 फरवरी को बुलडोजर लगाकर अतिक्रमण हटाया। अतिक्रमण हटाने के अभियान में सिंदुरिया-शिकारपुर रोड के बीच नहर की पटरी के समीप दो पूर्व प्रमुख के मकान को भी अतिक्रमण की जद में आने का हवाला देकर उसे ध्वस्त करा दिया। सिंदुरिया थानाध्यक्ष नासिर हुसैन ने बताया कि मामले में लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डीएम व एसपी के सामने महिला ने केरोसिन उड़ेलने का किया प्रयास

## समाधान दिवस में डिब्बे में केरोसिन लेकर पहुंची महिला, पुलिस क्षेत्राधिकारी ने छीना, मामले में लेखपाल के निलंबन का निर्देश

**जागरण संवाददाता, निचलौल (महराजगंज)** : सोमवार को निचलौल के तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक महिला केरोसिन भरा डिब्बा लेकर पहुंच गई। रास्ते के विवाद की सुनवाई से संतुष्ट नहीं होने पर महिला ने झोले में रखे केरोसिन अपने ऊपर उड़ेलने का प्रयास किया। वहां मौजूद अधिकारी सकते में आ गए। आनन-फानन में सीओ निचलौल ने उसके पास से डिब्बा छीन लिया। इस मामले में डीएम के निर्देश पर अवैध निर्माण ध्वस्त कराते हुए लेखपाल को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।


निचलौल तहसील सभागार में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में समस्या सुनते डीएम सत्येन्द्र कुमार( बाएं से दूसरे) व एसपी डा. कौस्तुभ • जागरण


तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में महिला के हाथ से छीनकर केरोसिन का डिब्बा पकड़े सीओ सूर्यबली मौर्य • जागरण

गिरहिया गांव की रहने वाली रीना रास्ते के विवाद को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत करने पहुंची थीं। उपजिलाधिकारी रामसजीवन मौर्य उसकी शिकायत सुन रहे थे। एसडीएम के जवाब से असंतुष्ट महिला ने जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व एसपी डा. कौस्तुभ सहित सभी अधिकारियों के सामने ही केरोसिन भरा डिब्बा अपने ऊपर उड़ेलने का प्रयास किया। तभी पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य ने डिब्बा उसके हाथ से छीन लिया। महिला अधिकारियों से रोते हुए कहने लगी कि अगर न्याय नहीं मिलेगा तो वह जान दे देगी। उसके बाद महिला कांस्टेबल ने उसे पकड़ लिया। पीड़ित महिला ने बताया कि लेखपाल की मिलीभगत से उसके घर के रास्ते को गांव के कुछ दबंगों ने अवरुद्ध कर दिया है। जिससे वह घर नहीं जा पा रही है। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के निर्देश पर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने अवैध निर्माण ध्वस्त कराया। डीएम ने कहा कि आरोपितों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। लेखपाल को भी निलंबित करने का निर्देश दिया गया है।

**समाधान दिवस में आए 134 मामले, सिर्फ 33 का निस्तारण**: जागरण टीम, महराजगंजः सोमवार को जिले के समस्त तहसील कार्यालयों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सभी तहसील कार्यालयों में आए 134 मामले आए। इनमें से 33 का निस्तारण हुआ, 101 लोग निराश लौट गए। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने निचलौल में जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई की। यहां आए 51 मामलों में से नौ का निस्तारण किया गया।

निचलौल तहसील में आयोजित जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर शासन गंभीर है। संपूर्ण समाधान दिवस में विभागों से संबंधित अधिकारी मामले को गंभीरता के साथ निस्तारित करें, ताकि संबंधित मामले को शिकायत पोर्टल पर आनलाइन किया जा सके। डीडीओ राकेश कुमार पांडेय, एसडीएम निचलौल रामसजीवन मौर्य, क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्या, तहसीलदार वाचस्पति सिंह, एआर कोआपरेटिव सविंद्र सिंह, डीडी रामशिष्ट, डीसी त्रिपाठी, एएमओ प्रदीप तिवारी मौजूद रहे। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम की अध्यक्षता में समस्याओं की सुनवाई हुई। यहां आए 25 मामलों में चार का निस्तारण किया गया। नौतनवा संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में सोमवार को एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में समस्याओं की सुनवाई हुई। यहां आए 25 मामलों में से सात का निस्तारण हुआ। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण कराएं। तहसीलदार अरविंद कुमार श्रीवास्तव, सीओ अनुज कुमार सिंह, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, बीडीओ अमरनाथ पांडेय उपस्थित रहे। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार संपूर्ण तहसील समाधान दिवस एसडीएम मदन मोहन वर्मा के नेतृत्व हुई। 33 मामले आए इनमें से 13 का निस्तारण हुआ। तहसीलदार रामअनुज त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी सच्चिदानंद शुक्ल, एडीओ पंचायत वीरेंद्र यादव, एसओ कोमल प्रसाद मिश्र, थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय उपस्थित रहे।

### पत्रावलियों के अपूर्ण रहने पर जताई नाराजगी

निचलौल : जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों की सुनवाई के उपरांत तहसील के राजस्व अभिलेखागार में अभिलेखों का निरीक्षण किया। खतौनी सहित अन्य रिकार्डो को देखा। इसके बाद उपजिलाधिकारी न्यायालय में पहुचे जहा राजस्व पत्रावलियों व वाद रजिस्टर देखा। तहसीलदार न्यायालय में निरीक्षण कर फाइल के साथ कंप्यूटर में अपडेट देखा। लंबित पत्रावलियों को समय से निस्तारित करने का निर्देश दिए।

# कट्टा के साथ आरोपी गिरफ्तार

घुघली। पुलिस ने सोमवार को पुरैना खंडी चौरा के पास नहर से ग्राम सभा पिपरिया करजहा निवासी ब्रह्मानंद यादव उर्फ राहुल यादव को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक तमंचा, कारतूस, एक हजार रुपया बरामद हुआ। यह जानकारी थानाध्यक्ष नीरज राय ने दी। संवाद

# भूमि बेचने के नाम पर ठगी, मुकदमा

**जासं मंगलपुर**: जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी व बेटे के खिलाफ श्यामदेउरवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के रामपुर उपाध्याय निवासी चन्द्रावती ने बताया कि छह वर्ष पहले गांव के ही बजरंगी पटेल ने 50 हजार रुपये डिस्मिल के हिसाब से जमीन बेचने की बात कहकर तीन लाख रुपये ले लिए। पांच वर्ष तक उनके घर का चक्कर काटती रही। उसके बाद उसने कहा कि भूमि एक लाख रुपये डिसमिल बेचेंगे। मजबूरन उन्हें तीन लाख रुपये और देना पड़ा, तब बजरंगी ने पिता से जमीन बैनामा करवाया। बाद में पता चला कि भूमि पर 1,40,000 रुपये का लोन है। जिस वजह से जमीन खारिज दाखिल नहीं हो पाया है।

बीते शुक्रवार की रात आठ बजे बजरंगी अपने पत्नी व बेटे के साथ आया और अपशब्द बोलते हुए भूमि खाली करने के लिए धमकाने लगा। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर बजरंगी पटेल, गोल्डेन पटेल व बजरंगी की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लाले की हत्या के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को दबोचा

संवाद न्यूज एजेंसी

## बुधवार रात में सेमरहनी पुरंदरपुर में पोतों ने गोली मार कर बाबा की हत्या कर दी थी

फरेंदा। बाजारडीह निवासी लाले सहानी के हत्या के मामले में पुलिस ने चार दिन बाद घटना में शामिल एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अभी भी एक आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। जिसकी तलाश में टीम जगह-जगह छापा मार रही है। घटना को लेकर मृतक की बेटियां लगातार आरोपियों की मांग कर रही थी।

मामला पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के सेमरहनी सूरपार में बुधवार रात में बाजारडीह निवासी लाले सहानी (65) को उनके ही पोते दीपक व प्रदीप सहित अन्य दो लोगों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। घटना के दूसरे दिन ही पुलिस ने दीपक व प्रतापगढ़ का शूटर भवन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही थी। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि सोमवार को प्रदीप सहानी का गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश के लिए पुलिस कार्य कर रही है।

# जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**परतावल।** जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले पति पत्नी व बेटे के खिलाफ श्यामदेउरवां पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के रामपुर उपाध्याय निवासी चन्द्रावती ने बताया कि छह वर्ष पहले गांव के ही बजरंगी पटेल ने 50 हजार रुपये डिस्मिल के हिसाब से जमीन बेचने की बात कहकर तीन लाख रुपये लिया।

उसके बाद जमीन बैनामा करने में आना कानी करने लगे। पांच वर्ष तक उनके घर का चक्कर काटती रही। उसके बाद उसने कहा कि जमीन एक लाख रुपये डिस्मिल बेचेंगे। विवश होकर उन्हें तीन लाख रुपया और देना पड़ा तब जाकर बजरंगी ने अपने पिता से जमीन बैनामा करवाया। बाद में पता चला कि उक्त जमीन पर 1,40,000 रुपये का लोन है। इस बाबत पूछने पर बजरंगी ने लोन का पैसा भरने के लिए कहा था, लेकिन अब वह इनकार कर रहे हैं। जमीन खारीज दाखिल नहीं हो पाया।

बीते शुक्रवार की रात लगभग आठ बजे बजरंगी अपने पत्नी व बेटे के साथ आया और अपशब्द बोलते हुए जमीन खाली करने के लिए धमकाने लगे। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर बजरंगी पटेल, गोल्डेन पटेल व बजरंगी की पत्नी के खिलाफ धारा मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो पूर्व ब्लॉक प्रमुखों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मिठौरा।** सिंचाई विभाग की जमीन पर मकान बनाने पर दो पूर्व ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार, ग्राम-हरिहरपुर नहर के खाते की भूमि है। सिंदुरिया चौराहे से दक्षिण शिकारपुर सड़क से सटे पूरब नहर की भूमि पर रणजीत बहादुर सिंह उर्फ पप्पू सिंह निवासी बेलवा व रामनिवास यादव ग्राम रामपुरमीर, तहसील सदर द्वारा पक्का मकान बनाकर अवैध कब्जा किया गया था। अन्य लोगों ने भी नहर की भूमि को कब्जा किया था। सिंचाई विभाग द्वारा कब्जा हटाने का नोटिस दिया गया था। 13 फरवरी 2023 को अवैध कब्जा हटा दिया गया। लेखपाल मारुति नंदन निगम, राजस्व निरीक्षक पतरेंगवा जनकराज प्रसाद, सहायक अभियंता चतुर्थ, सिचाई खंड प्रथम बृजेश सोनी सिंदुरिया की तहरीर मुकदमा दर्ज हुआ है। थानाध्यक्ष नासिर हुसैन ने बताया कि आरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख रणजीत बहादुर सिंह उर्फ पप्पू सिंह निवासी बेलवा, रामनिवास यादव ग्राम रामपुरमीर के विरुद्ध लोक सम्पति निवारण अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले में विवेचना की जा रही है। संवाद

# मंदिर में तोड़फोड़ के मामले में पूर्व ग्राम प्रधान समेत छह पर मुकदमा

## गुरु गोरखनाथ बाबा छत्रनाथ, माता चंडीशक्ति पीठ, भगवान शंकर पार्वती मठ के महंत को धमकी

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल (महराजगंज )।** थाना क्षेत्र के सेमरहना गांव के प्राचीन मंदिर गुरु गोरखनाथ बाबा छत्रनाथ, माता चंडीशक्ति पीठ, भगवान शंकर पार्वती मठ में तोड़फोड़ कर महंथ को धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने महंत की तहरीर के आधार पर आरोपी पूर्व ग्राम प्रधान सहित छह लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।

मंदिर के महंत संतोष उर्फ संतोषी नाथ गिरी ने बताया कि मंदिर पर मेरी अनुपस्थिति में एक व्यक्ति करीब एक माह से मंदिर व ग्राम सभा में घूमता रहा। इसी दौरान उस व्यक्ति ने कुछ लोगों के साथ मिलकर प्राचीन मंदिर गुरु गोरखनाथ, बाबा छत्रनाथ, तपोस्थली गर्भ गुफा मंदिर में तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं, तोड़फोड़ करने वाले आरोपी ने मंदिर के प्राचीन धरोहर भी उठा ले गए। मंदिर परिसर में लगे सागौन के दो पेड़ भी कटवा दिया। विरोध करने पर महंथ तथा साधु- संतों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। महंत ने बताया कि तोड़ फोड़ की घटना पांच फरवरी को हुई थी। जब कि वह तीर्थ यात्रा पर गए थे।



निचलौल क्षेत्र के सेमरहना गांव स्थित मंदिर में तोड़फोड़। संवाद

प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने कहा कि इस मामले में पीड़ित महंत संतोष उर्फ संतोषी नाथ गिरी की तहरीर की आधार पर आरोपी पूर्व ग्राम प्रधान रामू उर्फ राकेश, राजेंद्र, प्रद्युम्नधर दुबे, मल्लू सिंह, चेतन निवासी सेमरहना तथा सदानंद दुबे निवासी निवासी लेदवा थाना सिंदुरिया के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-02-2023

# पैकोलिया पुलिस के हत्थे चढ़े दो गो तस्कर

**बभनान (एसएनबी)**। पैकोलिया थाना क्षेत्र के उसका गांव के उत्तर सड़क किनारे एक बाग में बध के लिए पेड़ में बांधे गये नौ गोवंशीय पशुओं को बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर सुसंगित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार सोमवार को पैकोलिया थाने के उपनिरीक्षक देववत शर्मा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे जरिए मुखबिर सूचना मिली कि आरोपित योगेन्द्र उर्फ जोगी पुत्र कमलदेव सिंह तथा रामकुमार दास पुत्र स्व.रामप्रसाद निवासीगण उसका थाना पैकोलिया गांव में ही मौजूद हैं।जो बध के लिए बाग मे गोवंशीय पशुओ को बांधे हुए है। सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को दिन में डेढ़ बजे पकड़ लिया। थानाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार ने बताया कि दोनों आरोपितों पर गोवंश निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता की धारा में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया। जहां से दोनो तस्करो को जेल भेज दिया गया।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक प्रेम शंकर शुक्ल, महेन्द्र सिंह ,मुख्य आरक्षी राजीव गौड़, आरक्षी जीवन सिंह राजपूत, संगम प्रजापति, ऋषभ उपाध्याय के अलावा महिला आरक्षी आशा वर्मा शामिल रहे।

# पशु तस्करी के दो आरोपी गिरफ्तार

**पैकोलिया**। पुलिस ने पशु तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

शनिवार और रविवार की रात पैकोलिया थाना क्षेत्र के उसका कलहंस गांव से 112 डायल पुलिस को सूचना मिली कि गांव के उत्तर तरफ एक बाग में कुछ गोवंश बांधे गए हैं। जिनको तस्कर रात में चार पहिया गाड़ी से कहीं ले जाने वाले हैं। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां नौ पशु बांधे मिले।

थाने के एसएसआई मुनींद्र त्रिपाठी की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। रविवार की सुबह सफाई कर्मचारियों की मदद से पशुओं को वृहद गौशाला कठवतिया सांवडीह में संरक्षित कराया।

थानाध्यक्ष पैकोलिया योगेंद्र कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम ने सोमवार करीब दोपहर आरोपी योगेंद्र सिंह उर्फ जोगी व राम कुमार दास को उसके गांव उसका कलहंस से गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# बस हटाने के विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** दुकान के सामने खड़ी बस को हटाने के लिए कहने पर एक महिला को अभियुक्तो ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।कलवारी थाना क्षेत्र के गौसपुर स्थित पुष्पावती के दुकान के सामने विनोद कुमार सिंह की बस खड़ी थी। जिसे हटाने के लिए कहने पर आरोपी विनोद सिंह तथा कुछ अन्य लोगो ने मिलकर उसे गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता पुष्पावती पत्नी गोरखनाथ निवासिनी गौसपुर थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह पुत्र इन्द्रबहादुर सिंह निवासी गौसपुर थाना कलवारी, रवि सिंह निवासी गुलहरिया थाना कलवारी, रिकंज पुत्र हरीश चतुर्वेदी निवासी गौसपुर थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बस हटाने से मना करने पर मारपीट मुकदमा दर्ज

**कलवारी।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के गौसपुर में चाय-नाश्ते की दुकान के सामने खड़ी बस को कुछ लोग हटाने लगे। दुकानदार ने मना किया तो उसे व उसके परिवार के लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया।

पुलिस को दी गई तहरीर में पुष्पावती निवासिनी गौसपुर थाना कलवारी ने लिखा है कि उसकी चाय और समोसे की दुकान गौसपुर में है। रविवार शाम को उसकी दुकान के सामने बस खड़ी थी।

जिसको विनोद कुमार सिंह और रिंकज चतुर्वेदी निवासी गौसपुर तथा रवि सिंह निवासी गुलरिया थाना कलवारी हटवाने लगे। तब उसने कहा कि बस उसके दुकान के सामने खड़ी है आप लोग क्यों हटवा रहे हैं।

इसी बात से नाराज होकर सभी लोग उसको मारने लगे। बीच-बचाव करने आए उसके पति गोरखनाथ व उसके लड़के को भी मारपीट कर घायल कर दिया। दुकान में रखा समोसा भी फेंक दिया। मारपीट में उसके कान की बाली टूट कर गिर गई। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है। संवाद

## घर से निकली किशोरी गायब, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** घर से निकली एक किशोरी वापस नही आयी। काफी खोजबीन के बाद भी जब कुछ पता नही चल सका तो पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। वाल्टरगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर कठनौली गांव के रहने वाले अब्दुल रऊफ पुत्र अब्दुल रहमा ने बताया कि उसकी बेटी रात्रि में घर से कहीं चली गयी। जो दूसरे दिन भी वापस नही लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नही चल सका। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी की धारा 363 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर किशोरी की खोजबीन में जुटी है।

## एक गिरफ्तार

**छावनी(एसएनबी)।** थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने अपने हमराही उपनिरीक्षक रामफल चौरसिया, कांसटेबल बालेन्दू पाण्डेय एवं चंदन यादव के साथ वांछित सेवरालाला निवासी संग्राम पुत्र रामजनक को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। संग्राम के विरूद्ध स्थानीय थाने में अपराध संख्या 444/2012 दर्ज था।

## शांति समिति की बैठक संपन्न

**छावनी (एसएनबी)।** होली का त्यौहार सकुशल संपन्न कराने के लिए थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यों और क्षेत्र के संभ्रान्त नागरिकों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में लोगो से होली का त्यौहार शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का त्यौहार है। इसे भेदभाव भुलाकर मिलजुल कर खेलना चाहिए। बैठक में एसएसआई वीरेन्द्र यादव, एसआई सुरेश कुशवाहा, राजनाथ प्रसाद, ग्राम प्रधान राम प्रताप सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अनूप सिंह, नगेन्द्र सिंह, अजय सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## दुष्कर्म काआरोपी गिरफ्तार

**हर्रैया (एसएनबी)।** दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्त जानकारी दिया। बताया कि विजय चौधरी पुत्र जियाराम निवासी कौडीकोर बुजुर्ग थाना कप्तानगंज के विरूद्ध अपराध संख्या 40/2023 धारा 376(3), 506, 354 (क) आईपीसी तथा 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। उसकी तलाश की जा रही थी। थानाध्यक्ष ने महिला इंसपेक्टर अनीता यादव एवं कांसटेबल संदीप सिंह के साथ सोमवार को दिन में उसे लगभग 12:30 बजे कप्तानगंज चौराहे से गिरफ्तार किया गया।

# दुष्कर्म के बाद आठ वर्षीय बच्ची का हत्यारोपी गिरफ्तार

**एसपी ने पत्रकारवार्ता कर किया खुलासा**

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना लालगंज पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में 8 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को कीचड़ में छुपाने वाले अभियुक्त को 24 घन्टे के अन्दर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना लालगंज पुलिस व स्वाट टीम ने अभियुक्त मिथुन राजभर को ग्राम निपनिया के पास पुलिया से गिरफ्तार किया है तथा मेडिकल रिपोर्ट व प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर धारा 201, 376 (3) पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण मिथुन राजभर पुत्र सुदामा राजभर निवासी भुवनी थाना लालगंज है। वादी द्वारा थाना लालगंज पर सूचना दी गयी कि हमारे परिवार में मेरे भाई के लड़के की शादी थी जिसमें घर के सभी पुरुष बारात चले गये। घर में सभी महिलाएं नाच गा रही थी। रात समय 9.30 बजे मेरी पुत्री दिखाई नहीं दी तो परिवार की महिलाएं व बारात से लौटे मेरे दामाद खोजने लगे पर नहीं मिली तो डायल-112 पर फोन किया। मौके पर पहुंचकर पुलिस कर्मी भी तलाश किये लेकिन नहीं मिली। घर के पीछे स्थित तालाब में मेरी पुत्री का शव मिला है। मुझे शंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर फेंक दिया गया है। इस तहरीर के आधार पर थाना लालगंज पर मुकदमा



घटना का अनावरण करते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव।

अपराध संख्या 64/2023 धारा 302 भादवि के तहत पंजीकृत किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मै 18 फरवरी को सायंकाल मेरे पट्टीदार की शादी की बारात गोरखपुर गयी थी जिसमें सभी पट्टीदारी के लोग चले गये थे मैं जान बूझकर रुक गया था तथा रात्रि में डीजे बजाकर महिलाओं बच्चियों के साथ डांस कर रहा था। जब डांस लगभग 9.15 बजे रात्रि में समाप्त हो गया तो सभी महिलाए बच्चियां घर चली गयी। मैं मृतका को चाहता था जिसको मै टाफी-चाकलेट पहले से देता रहा हू।

मेरे इशारे पर वह टाफी दिखाने पर मेरे पास आ गयी जहां मैंने उसको टाफी खिलाया और कहा कि चलो और आगे चलते हैं और तुमको टाफी दूंगा और लेकर पूरब की तरफ स्थित गड्ढे में चला गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया जब चिल्लाने लगी और बोली कि इस बात को मैं मम्मी को बताउंगी। तुम मेरे साथ गलत किये हो। इस पर मैं सोचा कि मैं पकड़ा जाउगा। इसलिये डर के कारण उसके नाक व मुँह को हाथ से ही कसकर दबाये रखा जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। कोई जान न पाये इसलिये मैंने वही स्थित गड्ढे के कीचड़ में शव को डालकर ऊपर से कीचड़ का लेप लगाकर ढक दिया था तथा वापस घर आया और पहने हुए कीचड़ लगे कपड़े को पानी में डाल दिया तथा मै सुबह सभी लोगों के साथ तलाश करने लगा कि मुझपर किसी का शक न हो बल्कि शव मिलने पर शव से मैं ही लेप हटा रहा था कि उपस्थित लोगों ने मना कर दिया कि पुलिस का मामला है मत हटाओ। इस बात पर मै अन्दर ही अन्दर डर गया तथा वहां से धीरे से निकलने के बाद छिप छिपाकर इधर उधर था कि पता चला की पुलिस ऐसे लोगों की तलाश कर रही है। जो बारात नहीं गए थे मैं पकड़े जाने के डर से आज बाहर भागने के लिए सवारी की तलाश कर रहा था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया।

पत्रकार वार्ता में एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी भी थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह, प्रभारी स्वाट उमाशंकर त्रिपाठी, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत, आरक्षी सुधीर शर्मा, आरक्षी रमेश कुमार, आरक्षी धीरज यादव, आरक्षी अरविंद यादव आरक्षी धर्मेंद्र कुमार स्वाट टीम, आरक्षी रजनीश यादव, आरक्षी प्रशान्त सिंह थाना लालगंज शामिल रहे।

---

# बालिका के साथ हुआ था दुष्कर्म

## आरोपी गिरफ्तार, रविवार सुबह गांव के पास पोखरे के कीचड़ में मिला था बालिका का शव

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** लालगंज थानाक्षेत्र के एक गांव से लापता हुई बालिका से दुष्कर्म किया गया था। भेद खुलने के डर से आरोपी ने मुंह और नाक दबाकर उसकी हत्या कर दी थी। तीन डाक्टरों के पैनल की देखरेख में किए गए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में ये तथ्य सामने आए हैं। स्वाट और लालगंज थाने की टीम ने उसी गांव के आरोपी मिथुन राजभर को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सोमवार को प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि घर में भीड़भाड़ होने का फायदा उठाकर गांव का ही आरोपी मिथुन राजभर बहला-फुसलाकर बालिका को अपने साथ सुनसान स्थान पर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

बालिका के प्रतिरोध करने पर उसने मुंह और नाक तब तक दबाए रखा जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। शव को पोखरे में डालकर कीचड़ में दबा दिया था। गिरफ्तार करने वाली टीम को एसपी की तरफ से 25 हजार रुपये पुरस्कार दिया गया है। बता दें कि शनिवार रात आठ वर्षीय बालिका के चचेरे भाई की शादी थी। उसके घर से गोरखपुर बरात गई थी। इधर घर में महिलाएं नाच-गा रहीं थीं। जिसमें आठ वर्षीय बालिका भी शामिल थी।

**लालगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में शनिवार रात हुई थी घटना**

परिवार के लोगों का कहना है कि रात करीब साढ़े नौ बजे के आसपास किशोरी अचानक घर से लापता हो गई। उसके घर में मौजूद न होने की जानकारी होने पर परिवार के लोग और घर आए रिश्तेदार ढूंढने लगे। डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस भी अपने स्तर से जानकारी जुटाने लगी।

पूरी रात उसे लोग तलाश करते रहे लेकिन कुछ पता नहीं चला। रविवार को सुबह गांव का एक लड़का तालाब के किनारे गया तो उसे कीचड़ में शव दिखा। उसके शोर मचाने पर तमाम लोग जुट गए। सूचना पर महसों चौकी की पुलिस भी पहुंच गई।

शव निकालने के बाद बालिका की पहचान की गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तीन डाक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। इस बीच परिवार वालों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद उसमें दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई।

### मां से शिकायत की बात कहने पर ले ली जान

**गिरफ्त** में आने के बाद आरोपी मिथुन राजभर ने पुलिस को बताया कि सब लोगों के शादी में चले जाने के बाद वह डीजे बजाकर महिलाओं और बच्चों के साथ डांस कर रहा था। इस बीच वह बच्चों को टॉफी भी दे रहा था। उस बालिका को भी टॉफी दिखाकर अपने पास बुलाया। चूंकि वह पहले भी उससे टॉफी ले लिया करती थी, इसलिए उसके पास चली गई। उसे और टॉफी देने का लालच देकर घर से कुछ दूरी पर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका चिल्लाने लगी और कहने लगी कि अपनी मम्मी को बता देगी। भेद खुलने की डर से उसने वहीं पर मुंह और नाक दबाकर बालिका को मौत के घाट उतार दिया। पोखरे में शव फेंकने के बाद पैर से कीचड़ में धंसा दिया ताकि आसानी से दिखाई न दे।

### बरात न गए लोगों की खोजबीन में पकड़ा गया आरोपी

**किसी** को उस पर शक न हो इसलिए आरोपी मिथुन राजभर भी सबके साथ बालिका को ढूंढने में जुटा रहा। सुबह शव मिलने के बाद आरोपी भी पोखरे पर पहुंचा। कीचड़ से शव निकालने में मदद भी की और शव के ऊपर से कीचड़ हटाने लगा। वहां मौजूद लोगों ने जब उसे ऐसा करने से मना किया और कहा कि यह पुलिस का मामला है तो वह डर गया। उसे लगा कि लोग उस पर संदेह करने लगे हैं। इसलिए वह वहां से धीरे से भाग निकला। इधर पुलिस ऐसे लोगों का पता लगाने लगी जो बरात में नहीं गए थे। पुलिस के अनुसार वह घर से कहीं भागने की फिराक में था मगर निपनिया पुलिया के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

ग्राम पंचायत में ऐसे लोगों को ... निराधार बताया है। संवाद

# डीएम ने दिया सचिव को निलंबित करने का निर्देश

## परिवार रजिस्टर से फरियादी का नाम काटने की शिकायत का लिया संज्ञान, रुधौली में सुनवाई के दौरान तेवर में दिखीं डीएम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन महाशिवरात्रि के कारण सोमवार को किया गया। रुधौली तहसील पहुंचीं डीएम प्रियंका निरंजन के तेवर सख्त रहे।

सुरूवार निवासी फरियादी प्रभा सिंह ने शिकायत की कि ग्राम पंचायत की पूर्व सचिव सचिव सीमा सिंह भारद्वाज ने परिवार रजिस्टर नकल में उनका नाम दर्ज कर कुछ दिन बाद काट दिया। डीएम ने एडीओ पंचायत शैलेंद्र मणि त्रिपाठी को फटकार लगाते हुए सचिव को निलंबित करने का निर्देश दिया।

समाधान दिवस पर दो घंटे में करीब दर्जनभर महिलाओं ने अलग-अलग शिकायतों में रुधौली कस्बे में स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक पर धोखाधड़ी कर रुपये गबन करने और फरार होने की शिकायत किया। मामले में डीएम ने थानाध्यक्ष संजय कुमार को मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। तालाब विवाद मामले में लेखपाल कृष्णा चौधरी को जमकर फटकार लगाई और शीघ्र निस्तारण न करने पर निलंबन की चेतावनी दिया।

डीएम ने 14 मामलों में टीम गठित कर कार्रवाई का निर्देश दिया। मौके पर एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीएमओ आरपी मिश्रा, पीडी कमलेश सोनी, डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम आनंद सिंह श्रीनेत, तहसीलदार केसरी नंदन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। हर्रैया प्रतिनिधि के अनुसार, संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील क्षेत्र के बरहपुर कुंवर निवासी कुंवर भोला सिंह ने हल्का लेखपाल कुसुम कुशवाहा पर जान-बूझकर परेशान करने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया। उन्होंने एडीएम कमलेश चंद्र बताया कि वरासत के लिए तीन बार ऑनलाइन आवेदन किया। हर बार लेखपाल न्यायालय में विवादित की रिपोर्ट लगाकर आवेदन निरस्त कर दे रही हैं। एडीएम कमलेश चंद्र ने कार्रवाई का आश्वासन देकर कोरम मामले को रफा दफा कर दिया।

एसडीएम गुलाब चंद्र, नायब तहसीलदार शौकत अली, कृष्ण मोहन यादव, नीरज सिंह, एसओ हर्रैया शैलेष कुमार सिंह मौजूद रहे।



रुधौली में लोगों की समस्याएं सुनतीं डीएम प्रियंका निरंजन। संवाद

### भानपुर में आए महज 12 मामले

**भानपुर।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में महज 12 मामले आए। जिसमें तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष नौ फरियादियों को आश्वासन की घुट्टी पिलाकर अधिकारियों ने रवाना कर दिया। सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम अतुल आनंद, नायब तहसीलदार पूजा वर्मा, बीडीओ सुशील पांडेय, कुलभूषण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संवाद

### हर्रैया में अनुपस्थित रहे तमाम अधिकारी

हर्रैया तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सीओ शेष मणि उपाध्याय, एसओ पैकोलिया, सीडीपीओ विक्रमजोत अनुपस्थित रहे। जबकि अधिशासी अधिकारी बभनान, एसओ दुबौलिया व परशुरामपुर सुनवाई में विलंब से पहुंचे।

# बालिका हुई बरामद, आरोपी को किया गिरफ्तार

सल्टौआ। सोनहा पुलिस ने बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोपी रुधौली थाना क्षेत्र के चैसार गांव निवासी विक्रम चौधरी को पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के हड़िया चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है। बालिका को सकुशल बरामद कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने तहरीर देकर कहा था कि 15 फरवरी को नाबालिग बालिका शाम करीब साढ़े पांच बजे शौच के लिए घर से निकली थी। आरोपी बहलाकर भगा ले गया। मामले में केस पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थी। रविवार रात मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपी को पकड़ कर कोर्ट भेज दिया गया। टीम में एसआई सुरेन्द्र यादव, प्रिया मिश्रा शामिल रहीं।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस अपहरण व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपित अभियुक्त मुनीराम निवासी बकौलीकला को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपित अभियुक्त ने 25 सितंबर 2022 को वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था।

# सप्ताह भीतर समस्याओं का हो निस्तारण



समाधान दिवस में समस्या सुनती डीएम।

**रुधौली (एसएनबी)।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील रुधौली में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा 1 सप्ताह के भीतर उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। तहसील दिवस में कुल 48 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है कि तहसील दिवस, मुख्यमंत्री संदर्भ तथा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण न करने पर संबंधित अधिकारी का वेतन रोका जाएगा। इसकी अगली समीक्षा बैठक 25 फरवरी को होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि पैड़ा खरहरा गांव में संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालय वही बनाए रखा जाए तथा इसके भवन के लिए प्रस्ताव आयुर्वेदिक अधिकारी तत्काल शासन को भिजवाए। ग्राम प्रधान ने इस संबंध में शिकायत की थी कि इस अस्पताल को दूसरे गांव में शिफ्ट किया जा रहा है। तहसील दिवस में प्रगतिशील किसान विजेंद्र बहादुर पाल ने खरपतवार नाशक रसायनों के प्रयोग से बांस को हो रहे नुकसान के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया। तहसील दिवस में गंभीर प्रति की 14 शिकायतों को जिलाधिकारी ने टीम भेजकर शाम तक रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, लीड बैंक, विद्युत, बेसिक शिक्षा तथा आपूर्ति विभाग से अधिकांश शिकायतें प्राप्त हुई है।

विभागीय अधिकारी समीक्षा करके जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करें। तहसील दिवस में सीएमओ डा. आरपी मिश्रा, पीडी कमलेश सोनी, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, डीडीएजी अनिल कुमार, उप जिलाधिकारी आनन्द श्रीनेत, अधिशासी अभियंता सिंचाई राकेश कुमार गौतम, विद्युत के ज्ञान प्रकाश, बंदोबस्त अधिकारी हरीश चंद्र, संदीप वर्मा, डा. राजेश कुमार, श्रीमती मंजू सिंह, मनीष कुमार, सावित्री देवी, रेखा गुप्ता, खंड विकास अधिकारी तथा थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। हमारे भानपुर प्रतिनिधि के अनुसारभानपुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी अतुल आनंद ने किया। समाधान दिवस में कुल 12 मामले पंजीकृत किए गए। जिसमे से 3 मामलो का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार अजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी रामनगर रमेश दत्त मिश्रा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। **मिली 23 शिकायतें, चार निस्तारित : हर्रैया कार्यालय** के अनुसार तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें चार का मौके पर निस्तारण कर शेष मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी कमलेश कुमार ने किया। समाधान दिवस में तीन अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। अधिकारियों को संबोधित क रते हुए एडीएम ने कहा कि समाधान दिवस में मिलने वाली शिकायतों का निस्पक्ष निस्तारण हम सब की जिम्मेदारी है। पीडित को हर हाल में न्याय मिलना चाहिए। उन्होने हिदायत देते हुए कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी व कर्मचारी कार्य करे। लापरवाही क्षम्य नही होगी। मामले लंबित मिले तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। आज के समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व विभाग से संबंधित 10 मामले आए। इसके अलावा पुलिस विभाग के सात तथा विद्युत एवं विकास विभाग के तीन-तीन सहित कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई। अधिकारियों द्वारा चार मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलो के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपा गया है। समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्रैया, बाल विकास परियोजना अधिकारी विक्रमजोत तथा थानाध्यक्ष पैकोलिया अनुपस्थित रहे। तीनों के विरूद्ध कार्रवाई हेतु जिलाधिकारी को संस्तुति पत्र भेजा गया है।

# रंजिश में मारपीट, 24 गिरफ्तार

## नगर थाने के बक्सर गांव की घटना, जमकर कर चले ईंट-पत्थर



नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बक्सर में मारपीट के मामले में गिरफ्तार किए गए 24 अभियुक्त। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बक्सर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर चले। जिसमें दोनों पक्षों के नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के 13 लोगों के खिलाफ मारपीट, बलवा, जान से मारने की धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। 11 अन्य आरोपियों को भी शांति भंग की आशंका के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

नगर थाना क्षेत्र के ग्राम बक्सर निवासी रामफल ने नगर पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी फूलचन्द, रूपचन्द, हराऊ, अशोक, रामू, सुन्दर, विकास व कई अन्य लोग हाथ में लाठी-डंडे लेकर टूट पड़े और ईंट-पत्थर से जमकर मारा पीटा। जिससे अंकित, जगदीश, राम सूरत व नीतीश कुमार को चोटें आईं।

नितीश के सिर में गंभीर चोट लगने से वह बेहोश होकर वहीं गिर पड़े। वहीं दूसरे पक्ष के फूलचन्द ने तहरीर में आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही रामफल, रामगोपाल भारती, विजेश कुमार, करन, प्रदीप कुमार, मनीष व कई अन्य अज्ञात लोग लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिससे हरीश कुमार, शिव प्रसाद, विकास, अंजली पुत्री फूलचन्द व रीता देवी पत्नी हरिश्चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने दोनों पक्ष के आरोपियों के खिलाफ मारपीट, बलवा, जान से मारने की धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

थाना प्रभारी नगर जनार्दन प्रसाद ने बताया कि दोनों पक्षों के 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें 13 नामजद आरोपियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बाकी 11 पर शांतिभंग की आशंका के तहत कार्रवाई की गई है।

# पुलिस ने गोतस्करी के दो आरोपी को दबोचा

## कार्रवाई

बभनान, हिसं। पैकोलिया पुलिस ने 48 घंटे के अन्दर गोतस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया है। दोनों आरोपी इसी थाना के रहने वाले हैं।

शनिवार/ रविवार की रात पैकोलिया थाना क्षेत्र के उसका कलहंस गांव से 112 डायल पुलिस को सूचना मिली कि गांव के उत्तर तरफ बाग में कुछ गोवंश बंधे हुए हैं। तस्कर रात में चार पहिया गाड़ी से लोड कर ठिकाने लगा देंगे। हरकत में आई 112 डायल व पैकोलिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। बाग में बंधे नौ पशुओं को बरामद कर चिकित्सीय जांच के बाद वृहद गोशाला कठौतिया साऊडीह भेज दिया। वहीं एसआई मुनींद्र त्रिपाठी की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा गोवध अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। खुलासे के लिए दो टीम जुटी हुई थी। थानाध्यक्ष पैकोलिया योगेंद्र कुमार के साथ एसआई देवव्रत शर्मा, प्रेम शंकर शुक्ला, महेंद्र सिंह, हेकां. राजीव गौड़, संगम प्रजापति आदि ने थाना क्षेत्र से ही आरोपी उसका निवासी योगेंद्र उर्फ जोगी व राम कुमार दास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

कप्तानगंज। हर्रैया थाना क्षेत्र की एक किशोरी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कौड़ी कोल बुजुर्ग गांव निवासी विजय कुमार चौधरी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ नजदीकियां बढ़ाई और दुष्कर्म भी किया।

पीड़िता ने शादी की बात कही तो वह धमकी देने लगा। हरैया पुलिस ने आरोपी विजय चौधरी के विरुद्ध दुष्कर्म करने और धमकी देने के साथ पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को दोपहर में एसएचओ शैलेष सिंह ने आरोपी विजय कुमार चौधरी को मुखबिर की सूचना पर कप्तानगंज चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



सोमवार को रेंज कार्यालय पर संतकबीरनगर की मेंहदावल सर्किल का अर्दली रूम करते आईजी आरके भारद्वाज। ● हिन्दुस्तान

# केस डायरी व चार्जशीट बिना कारण कार्यालय में न रोकें

- आई रेड की फीडिंग के बारे में पूछने पर जवाब नहीं दे सके सीओ
- आईजीआरएस की स्थिति खराब मिलने पर सुधार के दिए निर्देश

**बस्ती, निज संवाददाता।** आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने सोमवार को संतकबीरनगर जनपद के मेंहदावल सर्किल के सीओ व मेंहदावल, बखिरा, बेलहरकला व धर्मसिंहवा के थाना प्रभारियों व कर्मचारियों के साथ अर्दली रूम की गई। आईजी ने सीओ मेंहदावल को सर्किल के सभी थानों का महीने में दो बार अर्दली रूम करने का निर्देश दिया '

इस दौरान अपराध रजिस्टर, लंबित विवेचना, प्रारंभिक जांच, जांच, जेड रजिस्टर आदि का गहनता से समीक्षा करते हुए विवेचना निस्तारण के प्रतिशत को सुधारने का निर्देश दिया। आई रेड की फीडिंग के बारे में पूछने पर सीओ कार्यालय में नियुक्त कोई भी कर्मचारी जवाब नहीं दे सका। उन्होंने सीओ को स्वयं समीक्षा कर सुधार लाने का निर्देश दिया। जीडी पर सीसीटीएनएस के माध्यम से आपत्ति नहीं किए जाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। आईजीआरएस की स्थिति काफी खराब मिलने पर गुणात्मक सुधार का निर्देशित दिया। प्रारंभिक जांच व सामान्य जांच को अति शीघ्र निस्तारण करने के लिए सीओ मेंहदावल को निर्देशित किया गया ' सोशल मीडिया के दौर को देखते हुए थानेदारों को निर्देश किया कि आप अपने ट्वीटर/ फेसबुक प्लेटफार्म के फालोवर्स की संख्या में वृद्धि करें। सीओ मेंहदावल को निर्देशित किया गया कि किसी भी दशा में सीडी का पर्चा व चार्जशीट अनावश्यक रूप से कार्यालय में लम्बित न रखें। प्रतिदिन सम्पूर्ण केस डायरी लेकर अपने कार्यालय में नियुक्त एक कर्मचारी को नामित कर न्यायालय आरोप पत्र दाखिल करने के लिए रवाना करें। कर्मचारी द्वारा कार्यालय में सर्किल की सबसे पुराने आरोप पत्रों को दाखिल कराया जाए। दाखिल न होने का कारण स्पष्ट रूप से अपने वापसी में जीडी में अंकन करें।

### लालगंज थानांतर्गत एक गांव के पास स्थित पोखरे में मिली थी बालिका की लाश

# पट्टीदारी के युवक ने रेप के बाद की बच्ची की हत्या




- रेप के बाद हत्या कर तालाब के कीचड़ में छिपा दिया था शव
- पुलिस ने स्वॉट व सर्विलांस सेल की मदद से आरोपी को पकड़ा



सोमवार को दुष्कर्म के बाद बालिका की हत्या की जघन्य वारदात का पुलिस कार्यालय में खुलासा करते एसपी आशीष श्रीवास्तव।

बस्ती/ महादेवा, हिटी। लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ साल की बालिका के साथ उसके पट्टीदारी के एक युवक ने दुष्कर्म किया। अपनी घिनौनी हरकत को छिपाने के लिए मासूम का मुंह दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद शव को तालाब के कीचड़ में ले जाकर छिपा दिया था। लालगंज पुलिस ने सोमवार को स्वॉट व सर्विलांस सेल की मदद से रेप के आरोपी मिथुन राजभर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस कार्यालय पर हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार की सुबह तालाब के कीचड़ में बरामद हुई आठ साल की बालिका की हत्या के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया था। पोस्टमार्टम होने के बाद दुष्कर्म और मुंह दबाकर हत्या की पुष्टि हो गई। शनिवार की रात बालिका उस वक्त गायब हुई थी, जब उसकी पट्टीदारी में बारात गोरखपुर के रवाना हुई थी और घर में गाना-बजाना चल रहा था। एसपी के अनुसार ऐसे में सबसे पहले संदेह के घेरे में उन लोगों को लिया गया, जो परिवार के करीबी थे और बारात नहीं गए थे। इसकी भनक के मृतका के पट्टीदारी के आरोपी युवक मिथुन राजभर (24) को भी लग चुकी थी। लिहाजा वह खुद को पुलिस की नजरों से बचाने में जुट गया था। लेकिन पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपी मिथुन को रडार पर ले लिया। गांव छोड़कर भगाने के मकसद से इसी थाने के एक गांव के पास सवारी का इंतजार करते वक्त सोमवार की सुबह पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने मुकदमे में मेडिकल रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आईपीसी 201, 376 (3) व पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर दी है।

**हैवानियत का भेद खुलने के डर से मार डाला:** एसपी के अनुसार पूछताछ में आरोपी मिथुन ने बताया कि 18 फरवरी शनिवार की शाम उसके पट्टीदार की शादी की बारात गोरखपुर गई थी। जिसमें लगभग सभी पट्टीदारी के लोग चले गए थे। लेकिन वह जान-बूझकर घर पर ही रुक गया था। बारात जाने के बाद रात में डीजे बजाकर महिलाओं व बच्चियों के साथ डांस कर रहा था। रात करीब सवा नौ बजे नाच-गाना समाप्त हो गया तो सभी महिलाएं व बच्चियां घर चली गईं। इस दौरान उसने आठ वर्षीय पट्टीदारी की बालिका को इशारे से टॉफी दिखा कर अपने पास बुला लिया। और कहा की चलो और आगे चलते हैं, तुमको और टॉफी दूंगा। पुलिस के अनुसार इसके बाद आरोपी उसे गांव के पूरब तरफ स्थित गड्ढे में लेकर गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची चिल्लाने लगी और बोली की इस बात को मैं मम्मी को बता दूंगी कि तुमने मेरे साथ गलत काम किया है। इससे आरोपी घबरा गया और पकड़े जाने के डर से उसके नाक व मुंह को हाथ से ही कस दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कोई घटना के बारे में जान न पाए इसलिए उसने वहीं गड्ढे के कीचड़ में शव को डालकर ऊपर से कीचड़ का लेप लगाकर शव को ढक दिया था। इसके बाद वापस घर आया और पहने हुए कीचड़ लगे कपड़े को पानी से धो डाला।

**08** वर्षीय बालिका को टॉफी का लालच देकर साथ ले गया था युवक

**18** फरवरी की शाम उसके पट्टीदार की बारात गोरखपुर गई थी

- बारात जाने के बाद रात में डीजे बजाकर महिलाओं व बच्चियों के साथ डांस किया
- डांस समाप्त होने के बाद बालिका को इशारे से टॉफी दिखा कर पास बुला लिया

## खुलासा करने वाली पुलिस टीम

रेप व मर्डर का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह, प्रभारी स्वाट उमाशंकर त्रिपाठी, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत, स्वॉट के आरक्षी सुधीर शर्मा, रमेश कुमार, धीरज यादव, अरविंद यादव, धर्मेंद्र कुमार, लालगंज थाने के आरक्षी रजनीश यादव, प्रशान्त सिंह और सर्विलांस के मुख्य आरक्षी जनार्दन शामिल रहे।

कब्ज को
कायम
रखे दूरररर...



# रुधौली में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं, 11 मामले निपटे

**समाधान दिवस**

**रुधौली, हिन्दुस्तान संवाद।** रुधौली तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मौजूद डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव ने जनसमस्याओं को सुनते हुए एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने का आदेश अधिकारियों को दिया। कुल 48 में से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया।




रुधौली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं की सुनवाई करतीं डीएम प्रियंका निरंजन और मौजूद एसपी आशीष श्रीवास्तव। • हिन्दुस्तान

डीएम ने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है कि तहसील दिवस, सीएम संदर्भ व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण न करने पर संबंधित अधिकारी का वेतन रोका जाएगा। इसकी अगली समीक्षा बैठक 25 फरवरी को होगी। डीएम ने कहा कि पैड़ा खरहरा गांव में संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालय वहीं बनाए रखा जाए तथा इसके भवन के लिए प्रस्ताव आयुर्वेदिक अधिकारी तत्काल शासन को भेजें। इस अस्पताल को दूसरे गांव में शिफ्ट किया जा रहा है।तहसील दिवस में गंभीर प्रकृति की 14 शिकायतों को डीएम ने टीम भेजकर शाम तक रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। कहा कि स्वास्थ्य, लीड बैंक, विद्युत, बेसिक शिक्षा तथा आपूर्ति विभाग से अधिकतर शिकायतें प्राप्त हुई है। इस दौरान सीएमओ डॉ. आर.पी. मिश्रा, पीडी कमलेश सोनी, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, डीडीएजी अनिल कुमार, एसडीएम आनंद श्रीनेत, एक्सईएन सिंचाई राकेश कुमार गौतम, ज्ञान प्रकाश, हरीश चंद्र, संदीप वर्मा, डॉ. राजेश कुमार, मंजू सिंह, मनीष , सावित्री देवी, रेखा गुप्ता आदि रहे।

**हरैया में चार मामले निस्तारित, गैरहाजिर अधिकारियों को नोटिस: हरैया।** हरैया तहसील सभागार में एडीएम कमलेश चंद्र की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए कुल 23 में से महज 4 मामले ही निस्तारित हुए। इस दौरान एसडीएम हरैया, बीडीओ अलोक दत्त उपाध्याय, नायब तहसीलदार शौकत अली, सुभाष यादव मौजूद रहे। सीओ हरैया, सीडीपीओ विक्रमजोत, थानाध्यक्ष पैकोलिया गैरहाजिर रहे। ईओ नपं बभनान, थानाध्यक्ष दुबौलिया, थानाध्यक्ष परसरामपुर समाधान दिवस में काफी देर से पहुंचे। एडीएम ने गैरहाजिर और देर से पहुंचने वाले सभी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## भानपुर में तीन मामलों का हुआ निपटारा

भानपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम अतुल कुमार आनंद ने दिवसाधिकारी के रूप में भानपुर तहसील में फरियादियों की सुनवाई की। कुल 12 मामले दर्ज किए गए जिसमें से मौके पर तीन का निस्तारण किया गया। प्रचार-प्रसार के अभाव में समाधान दिवस काफी फीका रहा। अधिकारियों को काफी देर तक फरियादियों के आने की प्रतीक्षा करनी पड़ी। नायब तहसीलदार रामनगर अजीत सिंह, बीडीओ रामनगर रामदत्त मिश्र आदि रहे।

**आश्रम पद्धति विद्यालय जोगिया भानपुर का मामला, ज्वाइंट डायरेक्टर समाज कल्याण की जांच में साढ़े तीन घंटे बंद मिला था सीसी कैमरा**

# सीसीटीवी फुटेज खंगालने पहुंची पुलिस टीम

**फॉलोअप**

- कक्षा आठ के छात्र का शनिवार रात फंदे से लटकता मिला था शव
- घटना से डरे स्कूल के चार बच्चे अपने घर लौट गए

**सल्टौआ, हिन्दुस्तान संवाद।** आश्रम पद्धति विद्यालय जोगिया भानपुर में शनिवार की रात फंदे पर झूलते मिले कक्षा आठ के छात्र कृष्णा की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आई है। दूसरी तरफ उसके पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। इन सबके बीच घटना की वजह को लेकर सस्पेंस अब भी पूरी तरह साफ नहीं हो सका है। सोमवार को बस्ती मुख्यालय से एक पुलिस टीम आश्रम पद्धति विद्यालय में फिर से सीसीटीवी फुटेज खंगालने पहुंची। सोनहा थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार सिंह भी स्कूल पर डटे रहे। घटना के चलते सोमवार को स्कूल के चार बच्चे परिजनों के साथ घर लौट गए।



आश्रम पद्धति विद्यालय जोगिया भानपुर में सोमवार को सीसीटीवी फुटेज को खंगालती सर्विलांस सेल की टीम। • हिन्दुस्तान

प्रकरण की जांच करने शासन से आए ज्वाइंट डायरेक्टर समाज कल्याण पीके त्रिपाठी रविवार को ही लखनऊ लौट गए थे। उन्होंने दूरभाष पर वार्ता में बताया कि जांच चल रही है। समूचे प्रकरण की आख्या व मजिस्ट्रियल जांच के लिए प्रशासन को पत्र लिखा जा रहा है। उन्होंने भी स्कूल के बच्चों से बात कर विभिन्न पहलुओं पर जानकारी हासिल की थी। साथ ही घटना की शाम करीब साढ़े सात बजे से रात 11 बजे तक सीसीटीवी कैमरा बंद मिला था। पूछने पर विद्यालय प्रबंधन का तर्क था कि लाइट नहीं रहने के चलते कैमरा बंद हो गया होगा। जबकि स्कूल में बैकअप के इन्वर्टर का भी प्रबंध है।

संतकबीरनगर जिले के लहुरादेवा जगदीशपुर निवासी संजय कुमार त्रिपाठी के पुत्र कृष्णा (14) ने एक साल पहले बस्ती के जोगिया स्थित आश्रम पद्धति विद्यालय में कक्षा सात में दाखिला लिया था। 13 फरवरी को वह घर से स्कूल लौटा था। छात्रों के अनुसार शनिवार शाम कृष्णा दोस्तों के साथ खेल रहा था। अचानक वह कमरे में चला गया। काफी देर तक नहीं लौटा तो बच्चे कमरे पर गए जो अंदर से बंद था। बच्चों ने खिड़की के रास्ते अंदर देखा तो कृष्णा का शव पंखे से बंधे मफलर से लटक रहा था।

**इन्वर्टर और बिजली खेल में बंद हो रहे कैमरे :** विद्यालय परिसर में कुल 20 सीसी कैमरे लगे हैं। चार एकेडमिक ब्लॉक में और शेष 16 कैमरे हास्टल में लगे हैं। कैमरे का मेन सर्वर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार वर्मा के कार्यालय में लगा है जो बिजली के साथ ही इन्वर्टर से भी कनेक्ट है। इसी तरह हास्टल के तीनों मंजिल पर चार-चार कैमरे लगे हैं। तीनों मंजिल पर अलग-अलग इन्वर्टर लगा है। घटना के दिन शाम 7.36 से रात 11 बजे तक हास्टल में लगे कैमरे बंद होने की हकीकत जानने बस्ती मुख्यालय से एक विशेष पुलिस टीम पहुंची तो विद्यालय में एक माह पूर्व कैमरा लगाने वाली कार्यदायी संस्था का एक कर्मचारी भी मौके पर पहुंचा। जांच में पता चला कि हास्टल में तीनों मंजिल पर लगे चार-चार कैमरों को अलग-अलग इन्वर्टर से कनेक्ट किया गया था। इसमें से एक भी इन्वर्टर के बंद होने या बिजली गुल होने पर कैमरे काम करना बंद कर देते हैं। 15 दिन का डाटा चेक करने पर पता चला कि चौबीस घंटे में कई दफा परिसर में लगे कैमरे एक से तीन-चार घंटे तक बंद रहे। कैमरा लगाने वाले बताया कि चौबीस घंटा बिजली रहने और इन्वर्टर के फुल बैकअप देने से ही कैमरा पूरी तरह काम करता है।

**पिता ने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ दी तहरीर:** मृतक कृष्णा के पिता संजय तिवारी निवासी जगदीशपुर उर्फ लहुरेदवा कोतवाली संतकबीरनगर ने सोमवार की देर शाम सोनहा थाने पर पहुंचकर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ तहरीर दी। आरोप लगाया कि प्रबंधन से जुड़े दो जिम्मेदार उनके बेटे को प्रताड़ित करते थे। मारते-पीटते थे। 18 फरवरी की शाम जब वह विद्यालय पहुंचे तो बेटे के चेहरे पर चोट का निशान भी उन्होंने देखा था। संजय तिवारी ने दोनों जिम्मेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाते हुए आरोप पत्र मुख्यमंत्री, डीजीपी, आईजी रेंज बस्ती और एसपी बस्ती को भी भेजा है। एसएचओ रविंद्र सिंह ने बताया कि जांचोपरांत उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 347 में से 230 छात्र सोमवार को रहे मौजूद

राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय जोगिया भानपुर में कुल 347 छात्र पंजीकृत हैं। सोमवार को विद्यालय में 230 बच्चे मौजूद रहे। सीबीएसई इण्टर के 22 छात्र परीक्षा देने अपने सेंटर पर गए थे। रविवार को कुछ छात्रों के परिजन विद्यालय के गेट पर बच्चों को ले जाने के लिए आए, लेकिन एक भी बच्चों को छुट्टी नहीं दी गई। सोमवार को विद्यालय में कक्षा चली। घटनाक्रम के चलते उपजे माहौल के बीच 4 छात्रों के परिजन अपने बच्चों को सोमवार की शाम लेकर घर चले गए।

# गो तस्करी के दो आरोपित किए गए गिरफ्तार

**बस्ती:** पैकोलिया पुलिस ने गो तस्करी के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष पैकोलिया योगेंद्र कुमार और उनकी टीम ने सोमवार को गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशुक्रूरता अधिनियम से संबंधित दो आरोपितों योगेंद्र उर्फ जोगी व रामकुमार दास निवासीगण उसका थाना पैकोलिया को दिन में 1.30 बजे उनके गांव से गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें कोर्ट रवाना कर दिया गया। (जासं)

# फोरलेन से ट्रक चोरी के मामले में मुकदमा

**बस्ती :** हर्रैया पुलिस ने ट्रक चोरी करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के कोपवा गांव निवासी दिलीप कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पांच दिसंबर 2022 की रात संसारीपुर के पास फोरलेन के किनारे ट्रक खड़ा कर खाना खाने चले गए थे। लौटने पर ट्रक गायब मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर ट्रक की खोजबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# हैदराबाद में प्रधान पद के लिए 10 लोगों ने किया नामांकन

**परशुरामपुर, बस्ती** : विकास खंड क्षेत्र के हैदराबाद ग्रामपंचायत में रिक्त हुई ग्राम प्रधान की सीट पर उपचुनाव के लिए सोमवार को पर्चा दाखिला किया गया। निर्वाचन अधिकारी डा. सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित ग्राम प्रधान के पद पर निर्वाचन के लिए कुल 10 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया है। चार मार्च को मतदान कराया जाएगा। हैदराबाद के ग्राम प्रधान को पिछड़ी जाति का फर्जी प्रमाणपत्र पर पदच्युत कर दिया गया था। प्रधान के अलावा सलेमपुर कुंवर के तीन, पड़रीबाबू व बरहपुर पांडेय ग्राम पंचायत के दो-दो ग्राम पंचायत सदस्य के लिए पर्चा भरा गया। (जासं)

**आरोपित गिरफ्तार, हर्रैया:** हर्रैया पुलिस ने सोमवार को एक किशोरी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित युवक को कप्तानगंज चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। हर्रैया थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी ने विजय चौधरी निवासी कौडीकोल बुजुर्ग थाना कप्तानगंज पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। हर्रैया पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर विजय चौधरी व उनके एक अन्य साथी के विरुद्ध दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित को तलाश रही थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह, महिला निरीक्षक अनीता यादव व कांस्टेबल संदीप सिंह शामिल रहे।

# दुष्कर्म के बाद मुंह दबाकर की थी बालिका की हत्या

## निपनिया गांव के पास हत्यारोपित को पुलिस ने धर दबोचा, पोखरे में रविवार को मिला था बालिका का शव

- टाफी का लालच देकर बालिका को साथ ले गया था हत्यारोपित
- साक्ष्य मिटाने के मकसद से शव को पोखरे में कीचड़ से ढक दिया

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : लालगंज थानाक्षेत्र की रहने वाली आठ वर्षीय बालिका की हत्या करने से पहले हत्यारोपित ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया था। उसने बालिका की हत्या मुंह दबाकर की थी। इसके बाद शव को पोखरे के कीचड़ में छिपा दिया था।

यह कहना है पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव का। वह सोमवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। घटना के पर्दाफाश की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हत्यारोपित को सोमवार की सुबह 6.45 बजे लालगंज थाने के निपनिया गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। बताया कि रविवार की सुबह आठ वर्षीय बालिका की हत्या के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पोस्टमार्टम के दौरान दुष्कर्म और उसके बाद मुंह दबाकर हत्या की पुष्टि हो गई।

शनिवार की रात बालिका एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान गायब हो गई थी। एसपी ने बताया कि घटना की छानबीन के दौरान सबसे पहले संदेह के घेरे में उन लोगों को लिया गया, जो परिवार के करीबी थे और बालिका के चचेरे भाई की बरात में नहीं गए थे। इसकी भनक लगते ही मृतका के पट्टीदारी का एक युवक मिथुन राजभर खुद को पुलिस की नजरों से बचाने में जुट गया। छानबीन के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने मिथुन को निगाह में रखा। वह गांव छोड़कर भागने की मकसद से सोमवार की सुबह निपनिया गांव के पास सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी बीच 6.45 बजे पुलिस ने उसे वहां से धर दबोचा। पुलिस ने मुकदमे में मेडिकल रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर हत्या के मुकदमे में दुष्कर्म व साक्ष्य मिटाने के साथ ही पाक्सो एक्ट की धारा भी बढ़ा दी।



बालिका की हत्या व दुष्कर्म के आरोप मे गिरफ्तार युवक के बारे मे जानकारी देते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव साथ में एएसपी व पुलिस टीम •जागरण

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

हत्यारोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह, स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी, प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत, प्रधान आरक्षी जनार्दन, आरक्षी सुधीर शर्मा, रमेश कुमार, धीरज यादव, अरविंद यादव, धर्मेंद्र कुमार, रजनीश यादव व प्रशांत सिंह शामिल रहे।

### भेद न खुल जाए, इसलिए कर दी बालिका की हत्या

एसपी के अनुसार आरोपित मिथुन से हुई पूछताछ के दौरान उसने बताया कि शनिवार की शाम उसके पट्टीदार में शादी थी। बरात गोरखपुर गई थी। जिसमें लगभग सभी पट्टीदार चले गए थे, लेकिन वह जानबूझकर रुक गया था। बरात जाने के बाद रात में डीजे बजाकर महिलाओं व बच्चियों के साथ वह डांस कर रहा था। रात करीब सवा नौ बजे नाच-गाना समाप्त हो गया तो सभी महिलाएं व लड़कियां घर चली गईं। इस दौरान उसने आठ वर्षीय बालिका को इशारे से टाफी दिखा कर अपने पास बुला लिया। टाफी खिलाने के बाद और टाफी देने की लालच में उसे आगे ले गया। पुलिस की मानें तो आरोपित उसे गांव के पूरब तरफ स्थित गड्ढे में लेकर गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका जब चिल्लाने लगी और घटना की जानकारी घरवालों को देने की बात कही तो आरोपित घबरा गया और पकड़े जाने की डर से उसने उसके मुंह को हाथ से ही कसकर दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। साक्ष्य मिटाने के मकसद से शव को गड्ढे में ही कीचड़ से ढक दिया।

# डीएम ने रुधौली और हरैंया में एडीएम ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**जागरण टीम, बस्ती:** सोमवार को सभी तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने रुधौली में पीड़ितों की शिकायत सुनी और उनका समाधान करने की कोशिश की।

सुरवार गांव की प्रभा सिंह ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से शिकायत करते बताया उनका नाम पूर्व सचिव सीमा भारद्वाज द्वारा परिवार रजिस्टर की नकल में दर्ज कर उसे कुछ दिन बाद पुनः काट दिया गया। इस पर उन्होंने एडीओ पंचायत शैलेंद्र मणि त्रिपाठी को तलब किया तथा मामले की जानकारी लेते हुए सचिव सीमा सिंह भारद्वाज पर बर्खास्तगी की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा राजस्व के एक मामले में लेखपाल कृष्णा चौधरी को जमकर फटकार लगाते हुए निलंबित करने की चेतावनी भी दी। कुछ महिलाओं द्वारा रुधौली कस्बे में स्थित एक एसबीआइ के ग्राहक सेवा केंद्र के एक कर्मी द्वारा लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर फरार हो जाने की शिकायत पर डीएम ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को आरोपित की गिरफ्तारी तथा बैंक के एलडीएम आरपी मौर्य को शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। रुधौली तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 48 मामले आए जिसमें 11 का मौके पर निस्तारण हो सका। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, सीएमओ डाक्टर आरपी मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए कमलेश कुमार सोनी, डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी आनंद सिंह श्रीनेत, तहसीलदार केसरी नंदन त्रिपाठी ,बीडीओ केदार नाथ कुशवाहा, योगेन्द्र राम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



संपूर्ण समाधान दिवस पर रुधौली तहसील मे फरियाद सुनती डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव •जागरण

वहीं सदर तहसील में सीआरओ नीता यादव की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सीआरओ, एसडीएम सदर शैलेष दूबे और सीओ कलवारी विनय कुमार चौहान ने शिकायतु सुनी। एसडीएम ने बताया कि कुल 55 मामले आए, जिनमें से सात का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

वहीं हरैंया में एडीएम कमलेश चंद्र की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 23 मामले आए, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। एसडीएम गुलाबचंद ने बताया कि समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी हरैंया, सीडीपीओ विक्रमजोत, थानाध्यक्ष पैकोलिया नहीं पहुंचे। ईओ बभनान, थानाध्यक्ष दुबौलिया व परशुरामपुर समाधान दिवस में काफी देर से आए। एडीएम ने सभी को शोकाज नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ईओ संजय कुमार राव, नायब तहसीलदार शौकत अली,निखलेश चौधरी सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**12 शिकायतों में से तीन का ही हुआ निस्तारण :** भानपुर में उपजिलाधिकारी अतुल आनंद की अध्यक्षता में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कुल 12 शिकायतों का पंजीकरण किया गया, जिसमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

तहसीलदार सत्येंद्र सिंह, नायब तहसीलदार अजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी रामनगर रमेश दत्त मिश्र, सल्टौवा सुशील कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

********

SIDDHARTH NAGAR POLICE


# सराहनीय कार्य दिनांकः- 21-02-2023

# पत्नीहंता को आजीवन कारावास की सजा

सिद्धार्थनगर/ बांसी (एसएनबी)। अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद शफीक ने पतनी की हत्या करने के के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास 25000 रुपए की सजा से दण्डित किया है। 6 सितम्बर 2021 को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गौरा निवासी सतीश पुत्र रामू ने अपनी पत्नी माधुरी की हत्या कर दिया था। माधुरी के पिता रामनारायण के प्रार्थना पत्र पर पुलिस द्वारा मुअसं 216/2021 धारा 302 भादंसं दर्ज कर विवेचना उपरांत धारा 302 भादंसं में अभियुक्त सतीश के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। न्यायालय द्वारा सत्र परीक्षण संख्या 1121/21, नया सत्र परीक्षण संख्या 31/22 दर्ज किया गया। अभियोजन द्वारा 5 साक्षी परीक्षित कराया गया। सुनवाई उपरान्त 20 फरवरी सोमवार को अभियुक्त सतीश को अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 25000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाया है। अभियोजन पक्ष की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चन्द्र दूबे ने किया।

# अग्निशमन टीम ने प्रधानों को दिया प्रशिक्षण

पथरा बाजार (एसएनबी)। विकास खण्ड मिठवल के सभागार मे अग्निशमन टीम ने आग



से बचाव का ग्राम प्रधान व ग्रामीणों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। अग्निशमन टीम के लीडिंग फायर मैन अशोक पण्डित, फायर मैन अनुराग सरोज, राजकमल, अमरजीत ने उपस्थित लोगों को ज्वलनशील पेट्रोल व डीजल से आग लगने के कारणों के बारे में तकनीकी जानकारी दी। अग्निशमन यंत्र को हमेशा तैयार और समीप में रखें, जिससे विकट स्थिति में तत्काल आग पर काबू पाया जा सके। इस दौरान सचि अनुपम,पाण्डेय,आफ़ताब अहमद, दुर्गेश सिंह, वह ग्राम प्रधान सोनू सिंह, धर्मेंद्र पासवान, अरविंद सिंह महेश गुप्ता राम प्रकाश अशोक प्रजापति अमरीश कुमार सहित आदि उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में प्रभावी रहा राजस्व का मामला

## शिकायती प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करें राजस्व कर्मी : एसडीएम

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। तहसील समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण समय से करे राजस्व कर्मी, जिससे जनमानस में आप के प्रति अच्छी सोच हो।

उक्त विचार उपजिलाधिकारी सदर डलित कुमार मिश्र ने कही वह सोमवार को तहसील समाधान दिवस में कही, वह आज वह सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे थे।उन्होंने ने कहा कि तहसील समाधान दिवस पर आए शिकायती प्रार्थना पत्रो का निस्तारण समय से करे।हमारी आवश्यकता हो हम प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए मौके पर जाएंगे। समाधान दिवस में आये कुल बीस शिकायती प्रार्थना पत्रों में पांच का निस्तारण कर दिया गया।इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बांसी (एसएनबी)। स्थानीय तहसील सभागार में तहसील समाधान दिवस उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुआ। शनिवार को शिवरात्रि पड़ने के कारण समाधान दिवस का आयोजन निर्धारित दिवस पर नहीं हुआ था।

पूर्वान्ह 10.30 से चले कार्यक्रम में समस्या लेकर आने वालों की संख्या औसतन काफी कम रही। इस दौरान कुल 18 मामले प्रस्तुत हुए, जिसमें राजस्व विभाग फिर शीर्ष पर रहा। आए हुए मामलों में राजस्व के 13, पुलिस विभाग के 03 और विद्युत विभाग से 02 मामले आए। मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं संभव हुआ। सभी मामलों को संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को सौंप कर शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान तहसीलदार संजीव दीक्षित, नायब तहसीलदार के अतिरिक्त अन्य विभागों के जिम्मेदार अधिकारी भी मौजूद रहे। इस बारे में उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया है।

---

### इटवा,बांसी, शोहरतगढ़ में एक भी मामले का निस्तारण नहीं, नौगढ़ व डुमरियागंज तहसील में एक-एक मामले का निस्तारण

# समाधान दिवस में आए 95 मामले, दो का निस्तारण

**संपूर्ण समाधान दिवस**

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। संपूर्ण समाधान दिवस पर मौके पर निस्तारण की आस लेकर आए फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। समाधान दिवस में जिले के पांचों तहसीलों में 95 फरियादियों ने अपनी फरियाद अफसरों के सामने रखी। इसमें से मात्र दो के ही मामलों का निस्तारण हो सका। शेष 93 फरियादी निराश हो वापस लौट गए। वहीं अफसरों ने संबंधित विभाग को मामलों को सौंपते हुए समय सीमा के अंदर निस्तारण करने का निर्देश दिया है।

शोहरतगढ़ तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करने एसपी अमित कुमार आनंद व सीडीओ जयेंद्र कुमार पहुंचे थे। यहां वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में 25 फरियादी पहुंचे। अधिकारियों ने बारी-बारी से फरियाद तो सुनी लेकिन मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। समाधान दिवस में राजस्व के 15, ब्लॉक के तीन, विद्युत, पुलिस के दो-दो, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, इंडो-नेपाल सड़क का एक-एक मामला पेश किया गया। इस दौरान तहसीलदार राजेश सिंह, नायब तहसीलदार गौरव आदि मौजूद रहे।

**बांसी में एक भी मामले का नहीं हुआ निस्तारण :** बांसी तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम प्रमोद कुमार की अध्यक्षता वाले समाधान दिवस में निस्तारण शून्य रहा। इस दौरान राजस्व के 13, पुलिस के 3, विद्युत विभाग के 2 मामले सहित 18 मामले प्रस्तुत हुए। निस्तारण एक का भी नहीं हुआ। निस्तारण के लिए संबंधितों को सौंप दिया गया है। तहसील दिवस के दौरान भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की नगर इकाई ने नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित किए गए नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क की पूरी जमीन की पैमाइश कराने, अवैध कब्जा हटाने को लेकर ज्ञापन दिया। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक को पत्र देकर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। संगठन ने बांसी-बस्ती हाईवे पर बैलगाड़ी टोल प्लाजा पर मनमाना शुल्क वसूलने का भी आरोप लगाया। इस दौरान तहसीलदार डॉ.संजीव कुमार दीक्षित, बीडीओ आनंद कुमार गुप्त आदि मौजूद रहे।



नौगढ़ तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनवाई करते एसडीएम ललित कुमार मिश्र।




सोमवार को शोहरतगढ़ तहसील सभागार में फरियाद सुनते एसपी अमित कुमार आनंद, सीडीओ जयेंद्र कुमार।

### नौगढ़ तहसील में एक मामले का निस्तारण

नौगढ़ तहसील सभागार में 21 फरियादी पहुंचे लेकिन 20 के हाथों निराशा ही लगी। मौके पर सिर्फ एक मामले का निस्तारण हो सका। एसडीएम ललित कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस फीका रहा। फरियादी तो आए लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। 21 मामले पेश हुए जिसमें से मात्र एक का ही निस्तारण हो सका। एसडीएम ने संबंधितों को मामलों को सौंपते हुए समय से निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान सदर तहसीलदार राम ऋषिरमन आदि मौजूद रहे।

### इटवा में निराश लौटे फरियादी, निस्तारण शून्य

इटवा तहसील सभागार में सोमवार को एसडीएम विकास कश्यप की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों से जुड़े 15 मामले सामने आए। इसमें से मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। सभी मामलों को संबंधित जिम्मेदारों को सौंपते हुए तय समय में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर बीडीओ इटवा राजकुमार, सर्वेश कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### डुमरियागंज में 16 मामलों में एक का हुआ निपटारा

डुमरियागंज तहसील सभागार में समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम कुणाल की अध्यक्षता में किया गया। इसमें 16 मामले आए। इसमें से एक मामले का निस्तारण हुआ। शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व होने की वजह से सोमवार को आयोजित समाधान दिवस में पेश हुए 16 मामलों में राजस्व के 11, पुलिस के एक एवं अन्य चार मामले शामिल रहे। मौके पर राजस्व विभाग के एक मामला का निस्तारण किया गया। एसडीएम कुणाल ने बाकी मामलों को संबंधितों को निस्तारण के लिए सौंप दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार आनंद कुमार ओझा, ईओ महेश प्रताप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# अग्निशमन टीम ने बताए आग से बचाव के उपाय

पथरा बाजार। सोमवार को अग्निशमन विभाग की टीम ने आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया। ग्रामीणों को ज्वलनशील पेट्रोल व डीजल से आग लगने के कारणों के बारे में जानकारी देते हुए अग्निशमन यंत्र को हमेशा तैयार कर समीप रखने की बात कही, ताकि आग पर काबू पाया जा सके। अग्निशमन टीम मे लीडिंग फायर मैन अशोक पंडित, फायर मैन अनुराग सरोज आदि मौजूद रहे।

# गैंगरेप के 5 आरोपित दबोचे

**कार्रवाई**

बांसी। बांसी कोतवाली पुलिस ने गैंगरेप के पांच आरोपितों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। वह केस दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहे थे।

प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि बांसी कोतवाली में गैंगरेप का मामला धारा 363/376डी व 5/6 पाक्सो एक्ट के तहत मुश्ताक अहमद, शाबिर, शब्बीर, बेचू उर्फ इश्तियाक, सदरे आलम उर्फ आमिर खान पुत्र हदीश निवासी खुटेहना मनौरी चौराहा थाना पुरानी बस्ती के खिलाफ दर्ज था। पुलिस इनकी तलाश में लंबे समय से लगी हुई थी।

सोमवार को रुधौली चौराहा से सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उनके साथ एसआई आनन्द कुमार, हेड कांस्टेबल योगेश कुमार, कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह व कांस्टेबल बालबीर कुमार शामिल रहे।

# पत्नी के हत्यारोपित को आजीवन कैद

**फैसला**

**बांसी, हिन्दुस्तान संवाद।** अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने सोमवार को सुनवाई के दौरान पत्नी की हत्या का दोषी पाए जाने पर आरोपित पति सतीश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपित पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

छह सितंबर 2021 को आरोपी सतीश पुत्र रामू निवासी गौरा कोतवाली बांसी ने अपनी पत्नी माधुरी की हत्या कर दी थी। माधुरी के पिता रामनारायण के प्रार्थना पत्र पर धारा 302 के तहत कोतवाली बांसी में मुकदमा दर्ज किया गया था।

आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था। इस दौरान पांच गवाह पेश किए गए थे। अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपित पर 25 हजार का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चन्द्र दुबे ने की।

# टीम ने आग से बचाव का दिया प्रशिक्षण

- मिठवल ब्लाक के सभागार में आयोजित हुआ शिविर
- हर ग्राम पंचायतों में अग्नि निष्पादक यंत्र लगवाना जरूरी

**जासं, मिठवल,सिद्धार्थनगर :** सोमवार को विकास खण्ड के सभागार में अग्निशमन टीम ने आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया। साथ ही कहा की विकास खण्ड के हर ग्राम पंचायत में (फायर एक्सिग्यूटर) अग्नि निष्पादक यंत्र होना आवश्यक है।

ज्वलनशील पेट्रोल व डीजल से आग लगने के कारणों के बारे में तकनीकी जानकारी दी। अग्निशमन यंत्र को हमेशा तैयार व समीप रखें, जिससे विकट स्थिति में तत्काल आग पर काबू पाया जा सके। किचन में महिलाएं जूट के बोरे या कंबल से आग पर काबू पा सकती है। सिलेंडर से अगर आग निकले तो जूट के बोरे या कंबल को भीगोकर आग वाले स्थान पर जोर से पटके। सुरक्षा बरतने में कोताही ना करें। जब तक अग्निशमन की टीम आए तब तक हर नागरिक अपनी सुरक्षा कर सके। आग से जीवन व संपत्ति की रक्षा करने के लिए छोटी छोटी जानकारी रखना जरूरी है साथ ही समाज को भी जागरूक करें । अग्निशमन टीम में लीडिंग फायर मैन अशोक पंडित, फायर मैन अनुराग सरोज, राजकमल, अमरजीत अनुपम, आफताब अहमद, दुर्गेश सिंह आदि उपस्थित रहे।



आग से बचाव की जानकारी देते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी ● जागरण

**यह और अन्य खबरें देखें**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# फ्रॉड के 40 हजार रुपये वापस कराए

सिद्धार्थनगर। साइबर सेल ने एक व्यक्ति से ओटीपी पूछकर 40 हजार रुपये खाता से निकाल लिया गया। पीड़ित ने साइबर सेल को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग तो सेल ने पूरी धनराशि वापस करा दी। साइबर सेल प्रभारी सुभाष यादव ने बताया कि विजय प्रकाश मिश्रा निवासी ढेबरूआ के खाते से फ्राड कर 40 हजार रुपये निकाल लिया गये थे।

# विभाग की छापेमारी में लहन के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**जासं, शोहरतगढ़ :** सोमवार को जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में आबकारी टीम ने कच्ची शारब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना कठेला समय माता अंतर्गत लालपुर, बालानगर, तौलिहवा, खैरीशीतल आदि स्थलों पर छापेमारी की। तीन क्विंटल महुआ लहन व 30 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दो महिला समेत तीन को गिरफ्तार किया गया। तीनों का नाम बालानगर निवासी सुरमिला, चंद्रावती व विक्रम निषाद है। टीम ने तलाशी के दौरान गांव से दूर नदी किनारे सुनसान स्थलों पर गड्ढों में प्लास्टिक के डिब्बों में रखा गया लहन बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। ग्राम बालानागर से प्लास्टिक की पिपियों में लगभग 30 लीटर कच्ची शराब भी बरबाद हुआ।

आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। दबिश के दौरान आबकारी निरीक्षक शोहरतगढ़ अजय, थाना अध्यक्ष थाना कठेला समय माता संतोष सिंह आदि शामिल रहे।



बरामद लहन को नष्ट करती आबकारी व पुलिस विभाग की टीम ● जागरण

**एंटीरोमियो टीम ने की जांच :** सिद्धार्थनगर: एंटी रोमियों टीम ने सोमवार को स्कूल, कालेज आदि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जांच अभियान चलाया। महिलाओं एवं लड़कियों को बताया गया कि किसी प्रकार की समस्या होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों पर हुई जांच में उपनिरीक्षक प्रभारी एंटीरोमियों पूनम मौर्या, महिला आरक्षी रीनू शामिल रहीं।

# बिना डाक्टरी के ही भेजा जेल प्रशासन ने चार को लौटाया

- **मारपीट के मामले में मिश्रौलिया पुलिस की लापरवाही आई सामने**
- **13 के विरुद्ध दर्ज हुआ था मुकदमा दूसरे दिन चार भेजे गए जेल**

**जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर :** मारपीट के मामले में पुलिस प्रशासन किस प्रकार लापरवाही बरतता है, इसका उदाहरण पटियापार गांव में दो पक्षों के झगड़े के मामले में सामने आया। पुलिस ने दो पक्षों के 13 लोगों के विरुद्ध मारपीट व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी को न्यायालय और फिर जेल भेजा गया तो इसमें चार की डाक्टरी ही नहीं कराई गई थी।

थानांतर्गत पटियापार गांव में पुरानी में रंजिश में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें प्रधान महेन्द्र यादव सहित 10 लोग घायल हुए थे। प्रधान सहित एक महिला निर्मला गंभीर रूप से घायल हुई थीं। पुलिस दोनों पक्षों की ओर मुकदमा दर्ज किया। इसमें जितेंद्र, बृजभान, रामतीरथ, धर्मन्द्र, ब्रह्मदेव प्रकाश तथा महेंद्र यादव, रामफेर, राजेश, हरिओम, वीरेंद्र, भुद्धेश, अंगद, दिनेश कुल 13 को गिरफ्तार करते हुए सभी को न्यायालय भेज दिया गया। वहां से सभी को जिला जेल भेजा गया।

रात करीब एक बजे जब पुलिस सभी को लेकर कारागार पहुंची तो पता कि इसमें राजेश, भुद्धेश, अंगद व दिनेश को बिना चिकित्सीय परीक्षण कराए ही जेल के लिए ले जाया गया है। जेल प्रशासन ने बिना मेडिकल कराए चारों लोगों को लेने से इन्कार किया और वापस भेज दिया। सोमवार को इन चारों लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुनियांव लाया गया, यहां सभी की डाक्टरी हुई और फिर से जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष मोतीलाल यादव ने कहा कि चार लोगों की डाक्टरी नहीं हो पाई थी, इसकी वजह से इन्हें वापस भेज दिया था, आज प्रक्रिया पूर्ण कराने के बाद फिर से इन्हें जेल भेजा गया।

**शांति भंग की आशंका में चार का चालान:** बढ़या : कठेला समय माता पुलिस ने सोमवार को कठेला जुनूबी से चार लोगों को गिरफ्तार किया। आपसी विवाद के चलते शांति भंग की आशंका प्रबल हो गई थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गांव निवासी अता हुसैन, अकरम, मोहम्मद नईम व फरीद अहमद को हिरासत में ले लिया। सभी को थाने पर लाया गया, जहां विधिक कार्रवाई के उपरांत सभी का चालान किया गया।

# पत्नी की हत्या के आरोप में आजीवन कारावास

**जागरण संवाददाता, बांसी, सिद्धार्थनगर** : अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने पत्नी के हत्या के आरोप में पति को आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माना सहित आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर सजा में बढोतरी की जाएगी।

बांसी कोतवाली के ग्राम गौरा निवासी आरोपी सतीश छह सितंबर 2021 अपनी पत्नी माधुरी की हत्या कर दिया था। माधुरी के पिता रामनारायण के प्रार्थना पत्र पर कोतवाली में हत्या का मुकदमा पंजीकृत हुआ था। विवेचना उपरांत धारा 302 भादंसं में अभियुक्त सतीश के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। न्यायालय द्वारा सत्र परीक्षण कराया गया। अभियोजन ने पांच साक्षी परीक्षित कराया। सुनवाई उपरांत सोमवार को अभियुक्त सतीश को अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने दोषी करार दिया। अभियोजन की पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चंद्र दूबे ने की।

# अग्निशमन टीम ने ग्राम प्रधानों को दिया प्रशिक्षण



**पथरा।** विकास खंड मिठवल के सभागार में सोमवार को अग्निशमन टीम ने आग से बचाव का ग्राम प्रधान व ग्रामीणों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। अग्निशमन टीम के लीडिंग फायर मैन अशोक पंडित, फायर मैन अनुराग सरोज, राजकमल, अमरजीत ने उपस्थित लोगों को ज्वलनशील पेट्रोल व डीजल से आग लगने के कारणों के बारे में तकनीकी जानकारी दी। इस दौरान अनुपम पांडेय, आफताब अहमद, दुर्गेश सिंह, ग्राम प्रधान सोनू सिंह, धर्मेंद्र पासवान, अरविंद सिंह, महेश गुप्ता, राम प्रकाश आदि मौजूद रहे। संवाद

# खुशगवार माहौल में मनाएं पर्व



डुमरियागंज में बैठक को संबोधित करते एएसपी सिद्धार्थ ● जागरण

**जासं, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर** : सोमवार को स्थानीय थाना परिसर में शब-ए- बरात व होली पर्व खुशनुमा माहौल में मनाने को लेकर पीस कमेटी की बैठक अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने थाना क्षेत्र के उपस्थित ग्राम प्रधानों व सम्मानित नागरिकों से आगामी त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील करते हुए शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर शांतिपूर्वक एवं सौहार्द के साथ त्योहारों को मनाएं। अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस क्षेत्राधिकारी राणा महेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों से शासन के निर्देशानुसार त्योहार को मनाने की बात पर जोर दिया। ग्राम प्रधान हल्लौर ताकीब रिजवी, राम प्रकाश गौतम, सियाराम, प्रधान दिलीप पाण्डेय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश उपाध्याय, अतीकुर्ररहमान, सोनू गुप्ता, पंडित राकेश शास्त्री पप्पू श्रीवास्तव, अबरार हुसैन, प्रधान जहीर फारुकी, मोहम्मद हबीब, नियाज अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

# साइबर सेल ने वापस कराए 40 हजार रुपये

सिद्धार्थनगर : ठगी कर बैंक खाते से उड़ाए गए 40 हजार रुपये को साइबर सेल की टीम ने सोमवार को वापस कराने में सफलता पायी है। ढेबरूआ थाना क्षेत्र के बढ़नी निवासी विजय प्रकाश मिश्रा ने साइबर पुलिस पोर्टल 1930 पर शिकायत दर्ज कराया कि उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उन्होंने मेसेज को खोला तो उनके बैंक खाते से 40 हजार रुपये निकल गया। बैंक की ओर से पैसा निकलने का मैसेज आते ही उन्होंने अपनी शिकायत दर्ज करायी। पुलिस टीम ने प्रयास कर ठगे गए रुपये को वापस कराने में सफलता पायी है। साइबर सेल की टीम में प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव, उपनिरीक्षक हरिओम कुशवाहा, अतुल चौबे आदि शामिल रहे। (जासं)

# हत्यारे पति को आजीवन कारावास 25 हजार अर्थदंड

**बांसी।** कोतवाली क्षेत्र के गौरा गांव में डेढ़ वर्ष पहले हुई हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 25 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

बांसी कोतवाली क्षेत्र के गौरा गांव में छह सितंबर 2021 को सतीश पुत्र रामू अपनी पत्नी माधुरी को पीटकर उसकी हत्या कर दी थी। माधुरी के पिता रामनारायण के प्रार्थना पत्र पर बांसी कोतवाली की पुलिस ने आरोपी पर हत्या सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया।

विवेचना करके चार्जशीट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने सोमवार को सुबूत और गवाहों के बयान को सुनते हुए अभियुक्त सतीश को अपर सत्र न्यायाधीश बांसी मोहम्मद शफीक ने दोषी करार दिया।

उसे आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया है। संवाद

# पाक्सो एक्ट के पांच आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बांसी, सिद्धार्थनगर :** तीन दिन पूर्व दो नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में पांच भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इनके नाम शाबिर, शब्बीर, बेचू उर्फ इस्तियाक एवं सबरे आलम उर्फ आमिर खान पुत्रगण हदीश हैं। सभी आरोपित बस्ती जनपद के मनौरी चौराहा स्थित ग्राम खुटेहना के निवासी हैं।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से मुस्ताक अहमद ने दोनों नाबालिग को बहला फुसला कर अगवा कर बस्ती अपने घर लेकर चला गया। स्वजन ने इसकी तहरीर दिया जिस पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित की तलाश में पुलिस लग गई। सोमवार को नाबालिग सहित मुस्ताक अहमद को पुलिस ने काजी रूधौली के पास से पकड़ा। दोनों ने मुस्ताक सहित उसके चार भाईयों द्वारा सामुहिक दुष्कर्म करने की बात पुलिस को बताई। इसके पश्चात पुलिस ने को भी गिरफ्तार कर लिया।

# पार्क से कब्जा हटाने की मांग

**बांसी।** स्थानीय तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सोमवार को भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष रवींद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में पदाधिकारी तहसील पहुंचे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की।

नगर पालिका परिषद ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 125वीं जयंती तथा अमृत महोत्सव के अवसर पर बांसी राप्ती पुल के निकट नए और पुराने हाईवे सड़क के बीच में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क की स्थापना कराया है। जिसका निर्माण अभी जारी है।

नेशनल हाईवे की तरफ से सड़क के किनारे के सभी काश्तकारों को भूमि का नियमानुसार मुआवजा एनएचआई ने दे दिया है। इसके बावजूद भी कुछ लोग नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क के उत्तर तरफ अभी भी काबिज हैं। इस संबंध में 15 अक्तूबर 2022 को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने दोनों सड़कों के बीच की जगह को चिह्नित कराए जाने और कब्जे को तत्काल मुक्त कराने की मांग की। संवाद

# परीक्षा केंद्रों का रात में किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से चल रहे बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न हो सके। इसके मद्दनेजर शिवनगर डिड़ई थानाध्यक्ष ने देर रात क्षेत्र में पड़ने वाले पांच परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करके सुरक्षा का जायजा लिया।

वहां पर मौजूद कर्मियों को निर्देश दिया कि अगर कोई समस्या आती है तो तत्काल सूचना दें। रविवार रात शिवनगर डिड़ई थानाध्यक्ष ने पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के दीनबंधु इंटर कॉलेज नदांव, मेवाती देवी इंटर कॉलेज तिलौली, किसान हायर जोगिया बुजुर्ग और दो अन्य केंद्रों पर पहुंचे। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-02-2023

# गृह कलह से परेशान महिला ने नदी में लगायी छलांग

धनघटा (एसएनबी)। परिवारिक कलह से परेशान एक महिला सोमवार की शाम महुली थानान्तर्गत मुखलिसपुर स्थित कुआनों नदी के पुल पर पहुंच गई और पुल की रेलिंग पर चढ़कर नदी की धारा के बीच कूद गई। आस-पास मौजूद लोगों ने महिला को नदी में कूदते देखा तो शोर मचाते हुए नजदीकी मुखलिसपुर पुलिस चौकी पर फोन कर सूचना दे दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मुखलिसपुर उपनिरीक्षक विवेकानन्द तिवारी हमराही पुलिसकर्मियों के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और स्थानीय गोताखोरों को नदी में उतार कर महिला की तलाश शुरू करा दी। कुछ ही देर में गोताखोरों ने जीवित हाल में महिला को नदी से बाहर सुरक्षित निकाल लिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली खलीलाबाद अन्तर्गत कुसमीडाड़ गांव निवासी गीता पत्नी पवन के कान में दर्द था तो वह रविवार को दवा लेने घर से निकली थी और दवा लेकर जब वह शाम को वापस घर पहुंची तो पति से उसका विवाद हो गया। उसी विवाद से नाराज होकर सोमवार की शाम करीब 5 बजे महुली थाना क्षेत्र के मुखलिसपुर स्थित कुआनों नदी के पुल पर पहुंच गई और आत्महत्या करने के लिए नदी की धारा में छलांग लगा दी। महिला को स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी से सुरक्षित बाहर निकाले जाने के बाद पुलिस ने उसके परिजनों को घटना की सूचना दे दी। चौकी प्रभारी मुखलिसपुर विवेकानन्द तिवारी ने बताया कि महिला के परिजन आ रहे हैं। परिजनों के आने के बाद उन्हें समझा-बुझाकर महिला को उनके हवाले कर दिया जाएगा।

# शिकायतों का ससमय संज्ञान न लेने पर होगी सख्त कार्रवाई

**डीएम, एसपी ने मेंहदावल और एडीएम ने खलीलाबाद तहसील में सुनी फरियादियों की समस्याएं**

संतकबीरनगर/मेंहदावल (एसएनबी)। मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है। इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने अथवा संबंधित अधिकारी-कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्यों में ढिलाई कदापि न बरती जाय, सभी लाभार्थीपरक योजनाएं जैसे-वृद्धावस्था पेंशन, निर्विवाद वरासत और कागजात दुरुस्ती के मामले आदि में कैम्प लगाकर तत्काल सुलझाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग का कार्य करा लिया जाए।

उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गांवों के भ्रमण पर जाएं, अपने विभाग से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं-कार्यक्रमों का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एक प्रकरण में आवेदक प्रेमचंद पुत्र



तहसील मेंहदावल में फरियादियों की सुनवाई करते डीएम प्रेमरंजन सिंह, एसपी सत्यजीत गुप्ता, एसडीएम योगेश्वर, सीओ राजीव व अन्य तथा तहसील खलीलाबाद में प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते एडीएम मनोज कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह व अन्य।

सीताराम ग्राम कुशहरा तहसील मेंहदावल का नाम खतौनी पर चढ़ने से छूट गया था, जिसे मौके पर निस्तारित करते हुए गाटा संख्या 123/0.431 हेक्टेयर पर आवेदक प्रेमचंद पुत्र सीताराम ग्राम कुशहरा तहसील मेंहदावल का छूटा हुआ नाम अन्य खातेदारों के साथ जरिए वरासत दर्ज किया गया।

एक अन्य प्रकरण में प्रार्थी उदयभान पुत्र रामसूरत ग्राम मुड़ली तहसील मेंहदावल की वरासत दर्ज न होने संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ था। प्रार्थना पत्र का त्वरित निस्तारण करते हुए आवेदक उदयभान पुत्र रामसूरत ग्राम मुड़ली तहसील मेंहदावल की वरासत गाटा संख्या 41/0.790 है., गाटा संख्या 475/0,023 है. व गाटा संख्या 70ग/0.051 है. पर दर्ज की गई। मेंहदावल तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 30 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 02 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने इस आयोजन में पिछले संपूर्ण समाधान दिवसों में प्राप्त लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों में निस्तारण मे विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाय साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाय। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस अधिकारी-थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्रवाई की जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ितों को न्याय मिले।

पुलिस अधिकारीगण प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करें। इस अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिरुद्ध कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक अजय कुमार त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल, तहसीलदार मेंहदावल निशा श्रीवास्तव, एसओ मेंहदावल रविन्द्र कुमार सिंह, एसओ बेलहर कला अमित कुशवाहा, ईओ मेंहदावल सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में खलीलाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अपर जिलाधिकारी ने विभिन्न मामलों से सम्बंधित फरियादियों को सुनते हुए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में स्थलीय जांच एवं अन्य कार्रवाई आदि के दौरान अधिकारीगण शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा दोनों पक्षों की पूरी बात को सुनने के उपरान्त ही प्रकरण का निस्तारण करें। तहसील खलीलाबाद में कुल 29 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से मौके पर 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थनापत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने किसी भी विवाद की स्थिति में थानाध्यक्षों को मौके का स्थलीय निरीक्षण करने, शांति व्यवस्था बरकरार रखने आदि से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर रमेश चन्द्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमान मिश्र, नायब तहसीलदार विजय गुप्ता, नायब तहसीलदार वंदना पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# चार नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ केस

बखिरा (एसएनबी)। बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। मामले में एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। दी गयी तहरीर में नवनीत मिश्र पुत्र राजेन्द्र ग्राम पिपरा ने कहा है कि 18 फरवरी को सुबह लगभग 10 बजे पारिवारिक विवाद को लेकर गांव के ही सौरभ मिश्र पुत्र वीरेन्द्र मिश्र से वाद विवाद हो गया था। उसके बाद सौरभ मिश्र ने फोन करके अपने साले संजय उर्फ पप्पू पुत्र जगदीश त्रिपाठी, अनुज पुत्र अरविन्द त्रिपाठी निवासीगण टेकुआपार थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर, किशन पाठक पुत्र इन्द्रसेन पाठक ग्राम सिहटीकर व 05 अज्ञात लोगों को बुला लिया। घर की महिलाओं और आसपास के लोग बीच बचाव किया। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 452, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया और मामले की जांच में जुट गई।

# वारंटी को दबोचकर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी को दबोचकर उसके विरुद्ध अग्रिम कानूनी कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानती वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने जगह-जगह छापेमारी की।

# घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया

संतकबीरनगर। 112 डायल पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। पीआरवी 3304 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के सुगर मिल तिराहा से कालर ने मार्ग दुर्घटना में दिवाकर पुत्र प्रकाश शर्मा निवासी गरथवलिया के घायल होने के संबंध में सूचना दिया।

# बैंकों पर की संदिग्धों की जांच

■ धनघटा।

सहारा न्यूज ब्यूरो

दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को क्षेत्र के बैंकों पर लेने-देन करने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ पहुंच गयी। इस बीच प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने पुलिस बल के साथ बारी-बारी से क्षेत्र के आधा दर्जन बैंकों पर पहुंचकर संदिग्धों की जांच की और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। प्रभारी निरीक्षक ने सभी संदिग्धों को सख्ती के साथ बैंक से खदेड़ा और दुबारा बैंक के आसपास अकारण घूमते मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी संदिग्धों को दिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने बैंक के शाखा प्रबंधक ने बैंकों पर लगने वाली पुलिसकर्मियों की सुरक्षा ड्यूटी के बारे में बातचीत कर जानकारी ली साथ ही बैंक में सुरक्षा के लिए लगाए गए अलार्म और सीसीटीवी कैमरों आदि के कार्य करने का भी टेस्ट किया। प्रभारी निरीक्षक पुलिसबल के साथ थाना क्षेत्र के हैंसर बाजार स्थित बैंक आफ बड़ौदा और एसबीआई हैंसर बाजार की शाखा पर भी बारी-बारी से पहुंचे। हैंसर बाजार स्थित एटीएम पर भी पहुंचकर सुरक्षा की जानकारी प्राप्त की। अंत में बैंक आफ बड़ौदा की बण्डा बाजार शाखा पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था की जांच पड़ताल की।फोटो कैप्सन-20 डीएचएन 1 धनघटा। बैंक पर शाखा प्रबंधक ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते प्रभारी निरीक्षक धनघटा।

# 76 शिकायतों में से सिर्फ चार का ही मौके पर हुआ निस्तारण

**समाधान दिवस**

संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। शनिवार को अवकाश होने के कारण सोमवार को जनपद के तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस मेंहदावल तहसील में आयोजित हुआ। यहां की अध्यक्षेता डीएम प्रेम रंजन सिंह ने किया। इस दौरान सभी जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा खलीलाबाद तहसील की अध्यक्षता एडीएम मनोज कुमार सिंह और धनघटा की अध्यक्ष सीडीओ संत कुमार ने किया। जनपद में कुल 76 मामले आए इसमें से चार का मौके पर निस्तारण हुआ।

डीएम प्रेम रंजन सिंह ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन, निर्विवाद वरासत और कागजात दुरूस्ती के मामले आदि में कैम्प लगाकर सुलझाने के निर्देश दिए।

**वरासत न दर्ज होने की आई शिकायतें :** इस दौरान एक प्रकरण में आवेदक ग्रीशचंद पुत्र सीताराम ग्राम कुशहरा का नाम खतौनी पर चढ़ने से छूट गया था, जिसे मौके पर निस्तारित करते हुए गाटा संख्या 123/0.431 हेक्टेयर पर वरासत दर्ज किया गया। उदयभान पुत्र रामसूरत ग्राम मुडली वरासत दर्ज न होने संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ। प्रार्थना पत्र का त्वरित निस्तारण करते हुए वरासत दर्ज कराया। समाधान दिवस में कुल 30 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, इसमें से दो प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इस आयोजन में पिछले संपूर्ण समाधान दिवसों में प्राप्त लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि, लंबित प्रकरणों में निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाय साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाय। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिरूद्ध कुमार सिंह, आदि मौजूद रहे।



मेंहदावल तहसील में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतों की सुनवाई करते डीएम प्रेम रंजन सिंह व एसपी सत्यजीत गुप्ता।

## खलीलाबाद में आए 29 मामले, दो का निस्तारण

इसी क्रम में खलीलाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि स्थलीय जांच एवं अन्य कार्रवाई आदि के दौरान अधिकारीगण शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा दोनों पक्षों की पूरी बात को सुनने के उपरान्त ही प्रकरण का निस्तारण करें।

## धनघटा में आए 17 मामले एक का भी निस्तारण नहीं

धनघटा में सीडीओ संत कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। यहां पर कुल 17 मामले आए इसमें से एक भी प्रकरण का मौके पर निस्तारण नहीं हुआ है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धनघटा डॉ रवीन्द्र कुमार, तहसीलदार धनघटा, पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा सहित तहसील से सम्बंधित राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# नदी में कूदी महिला को पुलिस ने बचाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए नदी में कूदी महिला को स्थानीय लोगों के सहयोग से बचाया। दिनांक 20 फरवरी को समय करीब 16:45 बजे प्रभारी चौकी मुखलिसपुर एसआई विवेकानन्द तिवारी को सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला मुखलिसपुर पुल से कुआनो नदी में कूद गई है। इस सूचना पर प्रभारी चौकी मुखलिसपुर पुलिस फोर्स के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर नदी में कूदी महिला को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकलवाया। महिला ने नदी में कूदने का कारण अपने पति से वैचारिक मतभेद होना बताया। जिसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों को बुलवाकर उसे समझा-बुझाकर उनके साथ भेज दिया।

# साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने आमजन को आपरेशन साइबर कवच के तहत लोगों को साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक किया।

एसएसआई थाना बेलहरकला हरेश तिवारी के अगुवाई में थाना साइबर क्राइम सेल में नियुक्त साइबर सुरक्षा से प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों ने जन सामान्य को साइबर अपराध से बचने के लिए प्रशिक्षित किया। साइबर सेल ने लोगों को इन्टरनेट बैंकिंग, फेसबुक हैकिंग, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में सावधानियां बरतने की सीख दी।

# एक वारंटी दबोचा, भेजा जेल

संतकबीर नगर : वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारंट के तहत धनघटा पुलिस ने वारंटी मोहन चौधरी निवासी कोचरी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। (जासं)

# पॉक्सो एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक आरोपित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की। धनघटा पुलिस अपहरण व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपित अभियुक्त मुनीराम निवासी बकौलीकला को गिरफ्तार किया। उक्त आरोपित अभियुक्त ने 25 सितंबर 2022 को वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था।

# किशोरी को भगाने वाले आरोपित के घर के सामान की कुर्की

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर : अपर सत्र न्यायाधीश पास्को कोर्ट के आदेश पर बखिरा पुलिस ने सोमवार को स्थानीय कस्बा निवासी फरार चल रहे अपहरण के आरोपित युवक के घर पहुंची। किशोरी को भगाने वाले इस आरोपित के घर में रखे सभी सामानों को कुर्क कर दिया। इससे उसके परिवार के सदस्यों में खलबली मची रही।

बखिरा कस्बा निवासी निलेश पांच नवंबर 2022 को गांव की एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। पीड़ित पिता की तहरीर पर बखिरा पुलिस ने पांच दिसंबर को इस आरोपित युवक के खिलाफ अपहरण, पाक्सो एक्ट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस गिरफ्तारी के लिए बार-बार दबिश दे रही थी लेकिन यह पकड़ में नहीं आया। कई बार नोटिस के बाद भी वह न्यायालय में पेश नहीं हुआ। इस पर पुलिस ने 15 दिन पूर्व आरोपित के घर में कुर्की की नोटिस चस्पा की थी। इसके बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। इस पर मुकामी थाने के उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस की टीम सोमवार को उसके घर पहुंचे। घर में रखे तख्त, बेड, बक्शा सहित अन्य सामान को कुर्क कर दिए। थानाध्यक्ष छोटेलाल राम ने कहा कि आरोपित युवक के घर में मौजूद सामान की कुर्की की गई है। यदि आरोपित जल्द कोर्ट में पेश नहीं हुआ तो उसके खिलाफ और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर में पूजा करने गई दिव्यांग नाबालिग से छेड़छाड़

धनघटा : धनघटा क्षेत्र के एक गांव में मनबढ़ ने दिव्यांग नाबालिग से छेड़छाड़ किया। किशोरी गांव में ही स्थित एक मंदिर में पूजा करने गई थी, तभी आरोपित ने उसे पकड़ लिया। किसी तरह से किशोरी वहां से बचकर निकली और स्वजन को इसकी सूचना दी। पिता के साथ थाने पर पहुंची बेटी ने पुलिस को तहरीर दी। अपनी तहरीर में पिता ने लिखा है कि उनकी दिव्यांग नाबालिग बेटी गांव के काली मंदिर पर पूजा करने गई थी। वापस आते समय पहले से घात लगाकर बैठे गांव के ही एक व्यक्ति ने उसे पकड़ लिया तथा उसके साथ छेड़खानी करने लगा। बेटी ने शोर मचाया तो लोग पहुंच गए।

# महिला नदी में कूदी मछुआरों ने बचाया

जासं, धनघटा : महुली के मुखलिसपुर कुआनो नदी के पुल से सोमवार को एक महिला ने नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने शोर मचाया तो मौके पर मौजूद मछुआरों ने महिला को बचा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला से पूछताछ के बाद उसके स्वजन के हवाले कर दिया।

खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के कुसमीडाड़ की 30 वर्षीय गीता पत्नी पवन कुमार सोमवार की शाम करीब चार बजे पारिवारिक कलह के चलते कुआनो नदी में छलांग लगा दी। महिला को नदी में कूदते देख वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया। नदी में मछली का शिकार कर रहे कुछ मछुआरे भी मौजूद थे। महिला को पुल से नदी में कूदता देख वह भी मौके पर पहुंच गए और उसे नदी से बाहर निकाला। मौके पर पहुंचे मुखलिसपुर चौकी के प्रभारी विवेकानंद तिवारी ने महिला से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका मायका धनघटा थाना क्षेत्र के बंडा बाजार में है। वह अपनी ससुराल से मायके के लिए निकली थी, उसने घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया। पुलिस ने महिला को समझा-बुझाकर उसके स्वजन के हवाले कर दिया।

# शांति भंग की आशंका में सात लोगों का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में सात आरोपितों को पकड़कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में चालान किया। जनपद में अभियान के तहत थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने सात आरोपितों को दबोचकर उनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# चार नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध बलवा का मुकदमा

**जासं, बखिरा:** बखिरा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में भूमि बंटवारे को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध बलवा समेत अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज किया है।

पिपरा के नवनीत मिश्रा ने अपनी तहरीर में लिखा है कि उनके पट्टीदार सौरभ मिश्र से भूमि बंटवारे को लेकर विवाद हो गया था। बाद में सौरभ ने फोन करके सहजनवां थाना टेकुआपार निवासी अपने रिश्तेदार संजय उर्फ पप्पू, अनुज त्रिपाठी और सिहटीकर के किसन पाठक पुत्र व अज्ञात लोगों को बुलाकर हमारे घर पर चढ़ आए। अपशब्द कहते हुए मेरे घर के अंदर घुसकर मुझे मारे-पाटे और घसीटते हुए बाहर ले जाने लगे। महिलाओं और कुछ लोगों के आने पर आरोपित भाग गए।

# किशोरी को भगाने वाला आरोपित दबोचा गया

संतकबीर नगर : मिशन शक्ति अभियान के तहत धनघटा पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपित मुनीराम को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। आरोपित एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इसके संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया था। (जासं)

# विवाहिता की मृत्यु, पति के विरुद्ध मुकदमा

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर** : खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के लेडुआ गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंचे महिला के मायके वालों ने पति पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



चंद्रकला

● फाइल फोटो

बस्ती जनपद के बसौड़ी निवासी 25 वर्षीय चंद्रकला की शादी छह वर्ष पूर्व खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के लेडुआ गांव में सूरज के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही किसी न किसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा होता रहता था। जिसकी शिकायत महिला ने अपने मायके वाले से कई बार की। परिजनों ने दामाद सूरज को कई बार समझाया बुझाया।

मौके पर पहुंची मृतका की मां सुदामा ने बताया कि बेटी का पति शराबी है। अक्सर शराब पीकर बेटी को मारता पीटता था। इसके चलते वह अपनी बेटी को मायके ले गयी थी। उसका पति सूरज जबरन बेटी चंद्रकला को अपने साथ ले गया और उसे जहर देकर मार दिया। इस मामले में मृतका की मां ने आरोपित पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

# 83 वाहनों से वसूले 1.06 लाख

संतकबीर नगर : बैंक, वाहन और संदिग्ध व्यक्तियों के जांच के दौरान प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष और प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर हुए 83 वाहनों से 106000 रुपये सम्मन शुल्क वसूल किया गया। (जासं)

# पुलिस ने वाहनों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान नियम तोड़ने वाले 83 वाहनों के चालकों से शमन शुल्क वसूल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 83 वाहनों के चालकों से एक लाख छह हजार 500 शमन शुल्क वसूल किया।

# दुर्घटना में घायल को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीर नगर : पीआरवी कर्मियों को सूचना मिली कि खलीलाबाद शहर के शुगर मिल चौराहे पर गरथवलिया का दिवाकर मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया है। पुलिस कर्मी नितीश यादव तथा शिवदास तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। इसके साथ ही घायल के स्वजन और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। (जासं)

# आरोप पत्र कार्यालय में लंबित न रखने की हिदायत

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने परिक्षेत्र के जनपद संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल सर्किल के क्षेत्राधिकारी व मेंहदावल, बखिरा, बेलहरकला तथा धर्मसिंहवा थाने के प्रभारियों व कर्मचारियों के कामकाज की समीक्षा की। क्षेत्राधिकारी मेंहदावल को निर्देशित किया गया कि किसी भी दशा में केस डायरी का पर्चा व आरोप पत्र अनावश्यक रूप से कार्यालय में लंबित न रखें। निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन

## आईजी ने की मेंहदावल सर्किल के कामकाज की समीक्षा

संपूर्ण केस डायरी लेकर अपने कार्यालय में नियुक्त एक कर्मचारी को नामित कर न्यायालय आरोप पत्र दाखिल करने हेतु रवाना करें।

सर्किल के सबसे पुराने आरोपपत्रों को पहले दाखिल कराया जाएगा। दाखिल न होने का कारण स्पष्ट रूप से अपने वापसी में जीडी में अंकन करेगा। महीने में होने वाली मॉनीटरिंग सेल की बैठक में उक्त बिन्दुओं को रखकर निस्तारण कराए जाने की व्यवस्था बनाई जाए ताकि शीघ्र से शीघ्र समस्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हो सकें।

क्षेत्राधिकारी को सर्किल के थानों का महीने में दो बार अर्दली रूम (समीक्षा) करने का निर्देश दिया। इस दौरान अपराध रजिस्टर, लंबित विवेचना, प्रारंभिक जांच, जांच, जेड रजिस्टर आदि का गहनता से समीक्षा की गई। जिसमें विवेचना निस्तारण के प्रतिशत को सुधारने के लिए निर्देशित किया।

आईरैड की फीडिंग के बारे में पूछने पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय में नियुक्त कोई कर्मचारी जवाब नहीं दे सका। क्षेत्राधिकारी को स्वयं इसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान आइजीआरएस की स्थिति काफी खराब मिलने पर गुणात्मक सुधार के लिए निर्देशित किया गया। प्रारंभिक व सामान्य जांच अति शीघ्र निस्तारण करने के लिए क्षेत्राधिकारी मेंहदावल को निर्देशित किया गया।

थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को यह निर्देशित किया गया कि वह अपने ट्वीटर/फेसबुक प्लेटफार्म के फॉलोवर्स की संख्या में वृद्धि करें।

# नदी में कूदी महिला की पुलिस ने बचाई जान

संतकबीरनगर। कुआनो नदी के मुखलिसपुर पुल से सोमवार को एक महिला कूद गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को नदी से बाहर निकाला। चौकी इंचार्ज विवेकानंद तिवारी ने बताया कि एक महिला मुखलिसपुर पुल से कुआनो नदी में कूद गई है। इस सूचना पर वह सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। लोगों की मदद से नदी में कूदी महिला को नदी से बाहर निकलवाया। पूछताछ में महिला बताई कि उसका पति से वैचारिक मतभेद है। संवाद

# साइबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** बेलहर कला पुलिस ने सोमवार को ऑपरेशन साइबर कवच के तहत अलग-अलग स्थानों पर लोगों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया। एसआई हरेश तिवारी ने इंटरनेट बैंकिंग, ओलेक्स फ्रॉड, वालेट/यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी से बचने की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से फ्रॉड हो रहे हैं। व्हाट्सएप हैकिंग और फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में लोगों को जानकारी दी। सोशल साइट्स से हनी ट्रैप से संबंधित साइबर अपराध एवं सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, एटीएम कार्ड बदलकर होने वाले फ्रॉड, डेबिट व क्रेडिट कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, बायोमैट्रिक फ्रॉड, यूपीआई संबंधी फ्रॉड, फोन काल के माध्यम से होने वाले फ्रॉड से बचाव के लिए जागरूक किया।

पालिसी, चिट फंड, लाटरी का लालच देकर होने वाले फ्रॉड, ऑनलाइन एप के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने से बचने की सलाह दी। इसके अलावा साइबर जागरूकता संबंधित पैम्फलेट भी लोगों में वितरित किया। इस दौरान एसआई जयप्रकाश मिश्रा, मुख्य आरक्षी राजेश चौरसिया, कंप्यूटर ऑपरेटर अजीत सिंह यादव, आरक्षी विशाल यादव आदि मौजूद रहे।

# फफक पड़ी छात्रा, बोली-विद्यालय की लापरवाही से परीक्षा से हो गई वंचित

## संपूर्ण समाधान दिवस पर तीनों तहसीलों में 76 मामले आए, निस्तारण केवल पांच का



खलीलाबाद तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सोमवार को फरियादियों की समस्याएं सुनते एडीएम मनोज कुमार सिंह। संवाद



मेंहदावल में सोमवार को फरियादी को घरौनी देते जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता। संवाद

संवाद न्यूज़ एजेंसी

**संतकबीरनगर।** सोमवार को तीनों तहसील मुख्यालयों पर संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। खलीलाबाद तहसील में एक छात्रा फरियाद करते समय फफक पड़ी। आरोप लगाया कि स्कूल की लापरवाही की वजह से वह बोर्ड परीक्षा में नहीं बैठ पाई। इससे उसका एक साल का कॅरियर बर्बाद हो गया।

इस दौरान तीनों तहसीलों में 76 मामले आए। समाधान केवल पांच का हो पाया। खलीलाबाद तहसील क्षेत्र के वसडीला गांव की रहने वाली करिश्मा अपनी मां कमलावती के साथ खलीलाबाद संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची। एडीएम को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया कि क्षेत्र के एक विद्यालय में उसने कक्षा नौ में रजिस्ट्रेशन कराया और पढ़ी भी। पूरी फीस भी जमा की।

आरोप है कि जब कक्षा दसवीं के परीक्षा का वक्त आया तो स्कूल प्रबंधन ने प्रवेश पत्र ही नहीं दिया। 16 फरवरी को केंद्र पर पहुंची तो उसे परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी गई। इस बात की शिकायत स्कूल के प्रबंधक और प्रधानाचार्य से की तो वह लोग भड़क गए और अपशब्द कहने लगे।

उसने 112 नंबर पर फोन किया। पुलिस पहुंची, लेकिन बिना कार्रवाई के पुलिस लौट गई। आरोप है कि स्कूल की लापरवाही की वजह से उसका हाईस्कूल में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया था। एडीएम मनोज कुमार सिंह ने सीओ सदर अंशुमान मिश्रा को मामले की जांच सौंपी।

गुलरिहा निवासी राम मिलन ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उन्होंने सिंचाई के लिए बिजली का कनेक्शन लिया था। 15 वर्ष पूर्व बोरिंग फेल हो जाने के कारण मोटर बंद हो गया। बिल का भुगतान न होने के कारण विद्युत निगम ने वर्ष 2008 में कनेक्शन काट दिया। उन्होंने ओटीएस में एक मुश्त बिल का भुगतान वर्ष 2017 में कर दिया था। छह सितंबर 2017 को विद्युत निगम ने कनेक्शन बंद कर दिया।

आरोप है कि उसी कनेक्शन पर विद्युत निगम ने 42,000 रुपये बकाया दर्शाते हुए उसके खिलाफ वूसली के लिए तहसील के माध्यम से आरसी भेजवा दी। पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को प्रार्थनापत्र दिया था। डीएम ने एक्सईएन विद्युत दिव्य रंजन को समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए थे,लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। यहां कुल 29 मामले आए और सिर्फ दो मामले का निस्तारण हो पाया।

धनघटा संवाद के अनुसार तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी ने लोगों की फरियाद सुनी। जिगना गांव निवासी संजू पत्नी राकेश का आरोप है कि 30 अगस्त 2010 को आवासीय पट्टा मिला था, लेकिन पट्टे की जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया गया। इसके लिए 2011 से अधिकारियों के पास प्रार्थनापत्र दे रही है, लेकिन अधिकारी समस्या का समाधान नहीं करा रहे हैं।

सोनडीहा गांव निवासी गौरी पत्नी मनीराम का आरोप है कि 23 अगस्त 2018 को उसके घर पर विद्युत वितरण निगम के कर्मचारियों ने मीटर लगाया। मीटर लगाने के बाद तार लगाना भूल गए। इसके कारण बिजली आपूर्ति अब तक नहीं हो सकी और 6,014 रुपये का विद्युत बिल आ गया। यहां कुल 17 लोगों ने फरियाद की और एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो पाया।

## डीएम ने 30 मिनट में फरियादी की कराई वरासत

डीएम प्रेम रंजन सिंह और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने मेंहदावल में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। यहां 30 मामले आए और सिर्फ दो मामले का निस्तारण हो पाया। पंडित पुरवा गांव निवासी उदय भान ने डीएम को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि लंबे समय से हल्का लेखपाल के जरिये वरासत नहीं की जा रही है। डीएम ने हल्का लेखपाल को तलब कर फटकार लगाई। डीएम के निर्देश के बाद एसडीएम योगेश्वर सिंह ने 30 मिनट के भीतर वरासत करा दी। उसकी प्रति डीएम ने फरियादी को सौंप दी।

## अनुपस्थित कर्मियों से मांगा स्पष्टीकरण

खलीलाबाद में संपूर्ण समाधान दिवस में डिप्टी सीएमओ, बीडीओ खलीलाबाद, सहायक अभियंता सरयू नहर खंड, एडीओ कृषि बघौली, सेमरियावां, खलीलाबाद, सीओ चकबंदी अनुपस्थित रहे। एडीएम ने अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश एसडीएम रमेश चंद को दिए।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-02-2023

# किताबें लेकर रुपये न देने वाले पर मुकदमा

**कार्रवाई**

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने एक व्यापारी की तहरीर पर एक दुकानदार के खिलाफ गबन समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने लाखों रुपये की किताब लेकर भुगतान नहीं किया। चौक बाजार निवासी सतीश चंद्र का कहना है कि उनके फर्म से मोहम्मद वसीम निवासी गिर्द गोण्डा ने किताबे की आपूर्ति पर समझौते में एक लाख अट्ठासी हजार रुपए निकले। बकाया धनराशि अदा करने के लिए उसने चेक दिया था लेकिन चेक बाउंस हो गया। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# दो पक्ष भिड़े, सात पर केस

रुपईडीह, संवाददाता। हिसाब तिवारी पुरवा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है।

कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छितौनी के मजरा हिसाब तिवारी पुरवा के निवासी सत्य प्रकाश तिवारी व रामजीयावन तिवारी के बीच खेत में थुनिहा गाड़ने व पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोगों को चोट आई। थानाध्यक्ष कौड़िया विद्यासागर पांडेय ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही हैं।

## गल्ला व्यापारी के घर से चोर ने नकदी किए पार

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी बाजार में गल्ला व्यापारी गोविंद अग्रवाल के घर से चोरों ने एक लाख की नकदी पार कर दी। बताया जा रहा है कि व्यापारी की ओर से घर के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया था। इसी दौरान व्यापारी के घर से चोर एक लाख की नकदी ले उड़ा। घटना की जानकारी होने पर व्यापारी ने पुलिस को तहरीर दी है। बड़गांव चौकी प्रभारी बब्बन सिंह ने बताया कि चोरी होने की तहरीर मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

### मेवातियान हत्याकांड : 2001 में गोंडा में डकैती के दौरान साहब सिंह ने पांच लोगों की हत्या की थी

# सवा लाख का इनामी बुलंदशहर में ढेर

**मुठभेड़**

**गोण्डा / बुलंदशहर, संवाददाता।** एसटीएफ गौतमबुद्धनगर और गुलावठी पुलिस ने रविवार रात मुठभेड़ में बावरिया गिरोह के 1.25 लाख रुपये के इनामी डकैत साहब सिंह को मार गिराया, जबकि दो बदमाश फरार होने में कामयाब रहे। वहीं, तीन पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हुए हैं। पुलिस टीम ने मौके से असलहा , कारतूस और एक बाइक बरामद की है।

बताया जाता है कि रविवार रात एसटीएफ गौतमबुद्धनगर से सूचना के आधार पर गुलावठी पुलिस ने सिकंदराबाद-गुलावठी मार्ग पर चेकिंग शुरू की। पुलिस ने एक बाइक सवार तीन लोगों को रुकने का इशारा किया, तो वो भाग निकले। बदमाशों की बाइक पुलिया से टकराकर गिर गई। इसके बाद बदमाशों ने पुलिकर्मियों पर फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से थाना गुलावठी के हेड कांस्टेबल मोहित मलिक, एसटीएफ यूनिट के हेड कांस्टेबल भूपेंद्र राणा और अनिल कुमार घायल हो गए। जवाबी फायरिंग में गोली लगने से बावरिया गिरोह का सदस्य और सवा लाख का इनामी डकैत साहब सिंह उर्फ सुनील निवासी गांव सजेती थाना जसराना (फिरोजाबाद) घायल हो गया। बदमाश को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घायल पुलिसकर्मियों को सीएचसी गुलावठी में भर्ती कराया गया।

बदमाश साहब सिंह ने वर्ष 2001 में गोंडा के नगर कोतवाली क्षेत्र के मेवातियान मोहल्ले में डकैती के दौरान दो बच्चों समेत पांच लोगों की हत्या की थी। तभी से गोंडा पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

> “ एसटीएफ गौतमबुद्धनगर और गुलावठी पुलिस से मुठभेड़ में 1.25 लाख रुपये का इनामी डकैत साहब सिंह को मार गिराया है। वह नगर कोतवाली क्षेत्र के मेवातियान मोहल्ले में हुए लोमहर्षक हत्याकांड का आरोपी था। -आकाश तोमर, एसपी

## क्रूरता को यादकर सहम उठता है मेवातियान

**गोण्डा, संवाददाता।** मेवातियान हत्याकांड के आरोपी शातिर बदमाश साहिब सिंह के बुलंदशहर में एक एनकाउंटर में मारे जाने के बाद लोगों के जेहन में एक बार फिर वह लोमहर्षक घटना जिंदा हो गई। 22 साल बाद भी लोग उस घटना को यादकर सहम उठे। वहीं पीड़ित परिवार ने आरोपी बदमाश के मारे जाने के बाद राहत की सांस ली है। परियार ने एनकाउंटर की घटना को न्याय की जीत बताई है।



मेवातियान हत्याकांड का पीड़ित परिवार। • हिन्दुस्तान

नगर कोतवाली क्षेत्र के मेवातियान मोहल्ले में 17 अगस्त 2001 की रात को सशस्त्र डकैतों ने रेलवे कांट्रेक्टर तारीख सिद्दीकी के घर डकैती डाली थी। इस डकैती में बदमाशों ने उनके पिता समेत छह लोगों को मौत के घाट उतार दिया था, जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतकों में दो मासूम बच्चे भी शामिल थे। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश लाखों रुपए की नकदी व जेवर लूट ले गए थे। पीड़ित की तरफ से 10 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ नगर कोतवाली में डकैती व हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में तत्कालीन कोतवाल हीरा सिंह ने विवेचना कर फिरोजाबाद के रहने वाले शातिर बदमाश साहेब सिंह समेत 10 बदमाशों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। पुलिस ने साहब सिंह पर एक लाख का नगद इनाम घोषित कर रखा था। रविवार की बुलंदशहर जिले में यूपी एसटीएफ की टीम ने एक एनकाउंटर में बदमाश साहब सिंह को मार गिराया है।

**पीड़ित परिवार बदमाश के मारे जाने पर जताई खुशी :** शातिर बदमाश साहिब सिंह के मारे जाने की खबर पर तारिक के परिजनों ने खुशी जताई है। कहा कि उन्हें भरोसा था कि ईश्वर एक दिन न्याय जरूर करेगा। वारदात में घायल हुई रिया का कहना है महज 4 साल की उम्र में जो घाव मिले थे, आज कुछ भरे हैं।

# 82 शिकायतों में सिर्फ दो का हो सका निस्तारण

**समाधान दिवस**

**करनैलगंज, संवाददाता।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस सोमवार को डीएम डा. उज्वल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 82 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए। इनमें सिर्फ दो का मौके पर ही निपटारा हो सका। बाकी प्रार्थनापत्रों को संबंधित अफसरों को निस्तारण के लिए सौंप दिया गया।



सोमवार को समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व अन्य अफसर। • हिन्दुस्तान

**नगर में तालाबों पर अवैध कब्जे को लेकर शिकायत:** नगर निवासी मुकेश कुमार वैश्य ने डीएम से शिकायत किया कि कई तालाब अवैध कब्जे का शिकार हैं। उन्हें मुक्त कराकर नगर के जल निकासी की समस्या को दूर कराया जाए। इसके अलावा सरयू घाट सकरौरा के सौंदर्यीकरण व साफ-सफाई कराने की मांग की गई। वहीं शिकायतकर्ता लालता प्रसाद अवस्थी निवासी बनवरिया ने अवगत कराया कि उनका राशनकार्ड की समस्या है।

**अवैध अतिक्रतण पर सख्त दिखे डीएम:** डीएम ने अधिकारियों से कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। समाधान दिवस में एएसपी शिवराज, सीएमओ रश्मि वर्मा, एसडीएम हीरालाल, सीओ विनय कुमार सिंह, कोतवाल सुधीर कुमार सिंह सहित जिलास्तर के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

**25 शिकायतों में एक भी निस्तारित नहीं :** तरबगंज तहसील में सीआरओ जयनाथ यादव की अध्यक्षता सोमवार को समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिसमें कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई, अधिकांश शिकायतें भूमि विवा विवाद और विभागीय लापरवाही जुड़ी रही। जगदंबा प्रसाद पांडे निवासी पंडित पुरवा नवाबगंज ने शिकायत किया कि वर्ष 2021 में विद्यु कनेक्शन लिया लेकिन विद्युत बिल 1998 से जोड़कर विद्युत विभाग भेज दी है। जिसमें एक लाख 41 रूप का विद्युत बिल आ गया है।

**करनैलगंज तहसील का निरीक्षण कर मातहतों के कसे पेच :** सोमवा को डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार तहसील करनैलगंज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीए न्यायालय, तहसीलदार न्यायालय नायब तहसीलदार न्यायालय आदि क जायजा लिया।

# बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

गोण्डा। थाना धानेपुर क्षेत्र के नदवर निवासी 58 वर्षीय राम भुलावन पुत्र जगदीश प्रसाद को रविवार रात बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# पुरानी रंजिश में घर चढ़कर पीटा, केस दर्ज

परसपुर। ग्राम कड़रु के दिकौली निवासी विनोद सिंह ने गांव के ही अखिलेश सिंह व उमेश सिंह पर पुरानी रंजिश को लेकर घर चढ़कर जानमाल की धमकी देते हुए पिटाई का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सरोज ने बताया कि पीड़ित की ओर से दोनों आरोपियों पर केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध शराब के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया

रुपईडीह। कौडिया पुलिस ने रविवार शाम एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौडिया विद्यासागर पांडेय ने बताया कि थाने पर तैनात कांस्टेबलों ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मौहारी के पास एक व्यक्ति को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। नाम पता पूछने पर उसने विजय कुमार पुत्र हनुमान निवासी कोरिन नकटी रामापुर बताया।

# दिन दहाड़े ई रिक्शा चालक से लूटपाट, आरोपी दबोचा

मेहनौन, संवाददाता। दिनदहाड़े ई रिक्शा चालक के साथ तीन लोगो ने मारपीट कर चालक को चाकू दिखाते हुए उससे नकदी , जंजीर और मोबाइल छीनकर भागने लगे। पीड़ित की चीखपुकार पर वहां मौजूद ग्रामीणों ने एक युवक को दौडाकर पकड़ लिया। उसके कब्जे से जंजीर और मोबाइल भी बरामद हुई। घटना में शामिल दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई घटना से क्षेत्र के लोग सहम गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए एक आरोपी को कोतवाली लाकर लिखापढ़ी शुरू कर दी है।

मामला कोतवाली इटियाथोक के कुरसहा गांव के पास की है। मल्लापुर से तीन युवकों ने एक ई रिक्शा चालक की गाड़ी तिर्रेमनोरमा के लिए बुक कराई। रिक्शा चालक तीनो युवकों को तिर्रेमनोरमा के लिए लेकर चला। ई रिक्शा जैसे कुरसहा गांव के पास पहुंचा उस पर बैठे तीनों युवकों ने चालक को मारने पीटने लगे और चाकू दिखाकर उसके पास से 10 हजार की नकदी, जंजीर और मोबाइल छीनकर भागने लगे। चालक रवि कुमार ने मौके पर हल्ला मचाना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों ने दौड़ाकर एक आरोपी को पकड़ लिया। दो आरोपी मौके से फरार हो गए। पकड़े गए एक आरोपी ने अपना नाम अटल निवासी कंचनपुर बताया उसके पास से जंजीर और मोबाइल भी मिली है। पहुंची पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को अपने साथ कोतवाली इटियाथोक ले आई। पीड़ित रिक्शा चालक ने मामले में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक अभिषेक सिंह ने बताया पीड़ित रिक्शा चालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बेटी की मुंडन की हो रही थी तैयारी

ई रिक्शा चालक रवि कुमार अपनी बेटी के मुंडन के लिए सामान की खरीददारी के लिए अपने पास दस हजार की नकदी भी रखे हुए था। घटना के दौरान तीनों युवकों ने उनसे मारपीट करने के बाद चाकू दिखाकर करीब 10 हजार 3 सौ की नकदी, मोबाइल जंजीर लेकर फरार हो गए। पीड़ित चालक ने बताया पकड़े गए एक आरोपी ने मोबाइल और जंजीर वापस कर दी है नकदी का कुछ नही पता।

# दुराचार के दोषी को 20 साल की सजा

गोंडा, विधि संवाददाता। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) चन्द्र मोहन चतुर्वेदी ने नाबालिग से दुराचार करने के आरोपी को बीस वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर छह माह की अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

विशेष अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्रा के अनुसार थाना मनकापुर अंतर्गत ग्राम जोगपुर हटवा निवासी विश्वनाथ पुत्र राम चंदर के विरुद्ध इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके मुताबिक 20 फरवरी 2014 को वादी की नाबालिग पुत्री शाम करीब सात बजे शौच के लिए गई थी। जिसे आरोपी ने गन्ने के खेत में ले जाकर जबरन दुराचार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को दुष्कर्म करने का दोषी करार दिया। कोर्ट ने उसे बीस वर्ष का कठोर कारावास व बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर छह महीने की अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

# रिफा बोली मरा जान कर उसे छोड़ गए थे बदमाश

संसू, गोंडा : 22 साल पूर्व नगर कोतवाली के मेवातियान मुहल्ले के रहने वाले ठेकेदार तारिक सिद्दीकी के घर डकैती पड़ी थी। इसमें दो बच्चों समेत छह लोगों की हत्या कर दी गई थी, जबकि बदमाशों के हमले में सात लोग घायल हो गए थे। घटना में घायल हुई रिफा कहती हैं कि बदमाश उसे मरा जान छोड़ गए थे। सोमवार को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बुलंदशहर में एक मुठभेड़ के दौरान घटना में शामिल एक लाख रुपये के इनामी साहब सिंह को मार गिराया है। घटना में शामिल रहे साहब सिंह के मारे जाने की जानकारी मिलने पर पीड़ित परिवार बोला कि उसे न्याय मिला। उनके चेहरों प्रसन्नता के भाव दिखे और कहा कि उन्हें अब तसल्ली मिली है।

नगर कोतवाली के मेवातियान मुहल्ले के रहने वाले रेलवे के ठेकेदार मुहम्मद तारिक सिद्दीकी कहते हैं कि काम के सिलसिले में

**● नगर कोतवाली के मेवातियान मुहल्ले में 17 अगस्त 2001 की रात तारिक के घर पड़ी थी डकैती दो बच्चों समेत छह की गई थी जान**

वह 17 अगस्त 2001 को जिले से बाहर गया हुआ था। उसी रात को सशस्त्र बदमाश घर में घुस आए। उस समय घर में 13 लोग थे। बदमाशों ने उनके पिता समेत छह लोगों को मौत के घाट उतार दिया था, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल थे। बदमाश नकदी समेत लाखों रुपये के आभूषण लूट ले गए थे। इस मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ नगर कोतवाली में डकैती व हत्या की रिपोर्ट लिखी गई थी। तत्कालीन कोतवाल हीरा सिंह की विवेचना में फिरोजाबाद के जसराना थाना के सजेती गांव रहने वाले शातिर बदमाश साहब सिंह समेत 10 बदमाशों का नाम प्रकाश में आए थे। इनमें शामिल



मेवातियान मुहल्ला स्थित घर मे अपने परिवार के साथ बैठे तारिक सिद्दीकी ● जागरण

छह बदमाशों को जनवरी 2002 को पुलिस ने जौनपुर में मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके बाद आरोपित साहब सिंह पर पुलिस ने एक लाख रुपये इनाम घोषित कर दिया था।

**दर्दनाक घटना हो गई ताजा**

तारिक कहते है कि डकैती में शामिल रहे बदमाश साहब सिंह के मारे जाने की जानकारी मिली तो उनके परिवारजनों की हत्या किए जाने की याद एक बार फिर से ताजा हो गई। कहते हैं कि वह दर्दनाक दृश्य एक बार फिर आंखों के सामने घूम गया। तारिक ने कहा कि उन्हें भरोसा था कि ऊपर वाला एक दिन न्याय जरूर करेगा। आज न्याय मिला है। इससे उन्हें खुशी है। वहीं डकैती में घायल हुई रिफा का कहना है की वारदात के समय वह मात्र चार वर्ष की थी। किससे हमला हुआ था यह भी नहीं उसे पता है। बदमाशों ने उसे मरणासन्न कर छोड़ दिया था, लेकिन ऊपर वाले की दुआ से वह जिंदा बच गई। घर वाले तो उसके जिंदा बचने की उम्मीद भी छोड़ चुके थे, लेकिन चाचा के प्रयास से वह आज भी जीवित है। माता और छोटे भाई को खोने वाली रिफा ने कहा कि इसमें उसके पिता भी जख्मी हो गए थे। उनका निधन भी गत वर्ष हो गया था। उसके परिवार का हत्यारा साहब सिंह मारा गया है। इससे उनके दिवंगत स्वजनों की आत्मा को शांति मिलेगी। डकैत के मारे जाने की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवार के साथ ही मुहल्ले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

***

# 20 वर्ष का सश्रम कारावास

जासं, गोंडा : दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट चन्द्र मोहन चतुर्वेदी ने विश्वनाथ को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। विशेष अभियोजक अशोक कुमार मिश्र व सुनील कुमार मिश्र के मुताबिक मनकापुर कोतवाली के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने 20 फरवरी 2014 को तहरीर दी कि उसकी बेटी शौच के लिए खेत गई थी। वहां मौजूद आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मनकापुर कोतवाली में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

# अभिलेखों में हेराफेरी कर बेच डाली सरकारी जमीन

**संसू, गोंडा :** अभिलेखों में हेराफेरी करके पहले सड़क किनारे की बेशकीमती 28 बिस्वा सरकारी भूमि पिता के नाम दर्ज करा दी गई। पिता की मौत के बाद फर्जीवाड़ा करने वाले लोगों ने वरासत कराकर भूमि का बैनामा कर दिया। शिकायत पर हुई जांच में मामले का राजफाश हुआ है। एसडीएम सदर ने वाजदायर प्रार्थना पत्र निरस्त करते हुए संबंधित के खिलाफ एफआइआर कराने के आदेश दिए हैं।

सदर तहसील के त्रिभुवननगर ग्रंट निवासी राम शब्द ने मुख्य राजस्व अधिकारी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। राम शब्द के अनुसार गांव के ही रामगोपाल व चेतराम ने नवीन परती व बंजर खाते की भूमि जालसाजी करके अभिलेखों में अपने पिता अर्जुन के नाम दर्ज करा दिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक पिता की मृत्यु के बाद उक्त लोगों ने वरासत के जरिए भूमि अपने नाम दर्ज करा ली। नवीन परती खाते की जमीन रामगोपाल व चेतराम ने 343 वर्गमीटर भूमि राजापुर रेतवागाड़ा के हरीराम के नाम बैनामा कर दिया। एसडीएम के आदेश पर उक्त भूमि फिर से ग्रामसभा के खाते में दर्ज कर दी गई थी। फर्जीवाड़ा करने वाले लोगों ने एसडीएम के आदेश के खिलाफ वाजदायर प्रार्थना पत्र दिया था। सोमवार को एसडीएम सदर कुलदीप सिंह ने मामले की सुनवाई करते हुए प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। एसडीएम ने सरकारी जमीन हड़पने व क्रय-विक्रय करने वालों के साथ ही फर्जीवाड़े में शामिल कर्मियों के खिलाफ एफआइआर के आदेश दिए हैं।

## राजस्व कर्मियों से दुरभिसंधि कर हड़पी गई भूमि

अभिलेखों में हेराफेरी करके सरकारी भूमि हड़पने में राजस्व कर्मियों के दुरभिसंधि की भी पुष्टि हुई है। कूटरचना करके सरकारी संपत्ति अपने नाम कराने, क्रय-विक्रय करने के लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है।

# अदालत के आदेश पर दुष्कर्म का केस

**खोड़ारे (गोंडा)।** अदालत के आदेश पर शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म व उसके भाई और पिता के खिलाफ धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

खोड़ारे थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने अदालत के आदेश पर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को क्षेत्र के ही रहने वाले अनवर ने बहला लिया और शादी का झांसा देकर पिछले तीन साल से शारीरिक संबंध बनाता रहा, जब उसकी बेटी की तबियत खराब हुई तब पता चला कि वह गर्भवती है। जब इसकी शिकायत लेकर वह आरोपी के घर गई तो उसने अपने भाई व पिता के साथ मिलकर अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

उसके बाद अनवर चोरी से उसकी बेटी से मिला और दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। 7 अगस्त 2022 को उसकी बेटी को अपने घर में बंधक बना लिया और उसके साथ दोबारा दुष्कर्म किया। खोड़ारे पुलिस ने अनवर के खिलाफ दुष्कर्म व उसके भाई इजहार व पिता इबरार के खिलाफ धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है। संवाद

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**नवाबगंज (गोंडा)।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के कल्यानपुर गांव के मजरे अमरूतहिया निवासी लालता (45) पुत्र भगवान का शव लोगों ने कल्यानपुर जंगल में बाबा श्याम दास मंदिर के पास पेड़ से शर्ट के सहारे लटकता देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। संवाद

# साहब! जलनिकासी बाधित है तालाबों से हटवा दीजिए कब्जा

## जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 92 शिकायतें, एक का हो सका निपटारा

संवाद न्यूज एजेंसी

करनैलगंज (गोंडा)। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार ने जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने का निर्देश देते हुए कई अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार भी लगाई। समाधान दिवस में कुल 92 शिकायतें आईं जिसमें से एक शिकायत का ही मौके पर समाधान हो सका।

ग्राम नारायनपुर मांझा निवासी वीरभद्र पांडेय, केसरी प्रसाद दुबे, अजयदीप पांडेय आदि ने डीएम को शिकायती पत्र दिया। इसमें बताया कि उनके गांव चिथरिहा मोड़ से पांतेदार पुरवा तक सड़क नहीं है और रोड से लेकर सड़क के बीच में जो ढाल है वह बेहद खराब है। जबकि इसी मार्ग पर स्वास्थ्य उपकेंद्र, हेल्थ वेलनेस सेंटर आदि संचालित है। इसके बावजूद मार्ग का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। डीएम ने पीडब्ल्यूडी के अभियंता को तलब किया और समस्या का निराकरण कराने को कहा। ग्राम कोनहटा के ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव के कुछ दबंग लोग दबाव बनाकर कोटेदार के विरुद्ध जबरन शिकायत कराते हैं। यहीं के जलील ने नाली-खड़ंजा निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

करनैलगंज नगर निवासी मुकेश कुमार वैश्य ने डीएम से कहा कि नगर के कई तालाब अवैध कब्जे का शिकार हैं जिन्हें मुक्त कराकर नगर की जलनिकासी की समस्या को दूर कराया जाए। इसके अलावा सरयू घाट सकरौरा के सौंदर्यीकरण व साफ-सफाई कराने की मांग की गई। डीएम ने शिकायतें सुनकर संबंधित अफसरों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व राजस्व के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि करनैलगंज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के तालाबों को चिह्नित करें।

यदि तालाबों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या कब्जा है तो अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों को भूमाफिया की श्रेणी में रखते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें।

इस दौरान एएसपी शिवराज, सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा, एसडीएम हीरालाल, सीओ विनय सिंह, जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव सहित अन्य मौजूद रहे।



करनैलगंज तहसील में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर जनसमस्याएं सुनते डीएम व अन्य। संवाद

### सदर व तरबगंज में शिकायतों का निस्तारण नहीं

गोंडा। सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में 68 शिकायती पत्र आए। जिसमें से एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। तरबगंज में सोमवार को सीआरओ जयनाथ यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान अवैध कब्जा, भ्रष्टाचार, अनियमितता, लापरवाही, सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने जैसी विभिन्न शिकायतें आईं। एसडीएम शत्रोहन पाठक ने संयुक्त रूप से शिकायतें सुनीं व संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं मगर एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। उधर, मनकापुर तहसील में 63 में से तीन मामलों का निस्तारण किया गया। यहां एसडीएम आकाश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद

# छह हत्या कर बावरिया गिरोह ने दहलाया था गोंडा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। कहा जाता है कि ईश्वर के घर देर है मगर अंधेर नहीं। ये कहावत आज एक बार सच साबित हुई। 22 साल पहले नगर कोतवाली क्षेत्र में हुई डकैती में छह लोगों की हत्या करने वाले शातिर बदमाश साहब सिंह उर्फ सुनील बावरिया को एसटीएफ ने सोमवार सुबह बुलंदशहर में एनकाउंटर में मार गिराया है।

साहब सिंह के गिरोह ने ही नगर कोतवाली के मेवातियान मोहल्ले में रहने वाले रेलवे ठेकेदार के घर 17 अगस्त 2001 की रात डकैती डाली थी। वारदात के दौरान परिवार के छह सदस्यों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वारदात से पूरा गोंडा दहल उठा था।

मेवतियान मोहल्ले में 17 अगस्त 2001 की रात को डकैतों ने रेलवे ठेकेदार तारिक सिद्दीकी के घर धावा बोला था। डकैती के दौरान बदमाशों ने तारिक के पिता समेत छह लोगों को मौत के घाट उतार दिया था, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतकों में दो मासूम बच्चे भी शामिल थे।

बदमाश लाखों रुपये की नकदी व जेवर लूट ले गए थे। तारिक सिद्दीकी के भाई और डकैती के चश्मदीद अख्तर की तहरीर पर 10 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ नगर कोतवाली में डकैती और हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

तत्कालीन नगर कोतवाल हीरा सिंह ने विवेचना कर फीरोजाबाद के रहने वाले शातिर बदमाश साहब सिंह उर्फ सुनील बावरिया समेत 10 डकैतों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। पुलिस ने साहब सिंह पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। सोमवार सुबह बुलंदशहर में एसटीएफ ने मुठभेड़ में बदमाश साहब सिंह उर्फ सुनील बावरिया को मार गिराया है। संबंधित खबर पेज 2 पर...

## साल 2001 में रेलवे ठेकेदार के छह परिजनों को सुला दी थी मौत की नींद

## डकैती के अभियुक्त साहब सिंह उर्फ सुनील को एसटीएफ ने बुलंदशहर में किया ढेर



गोंडा में पत्नी व भतीजी के साथ तारिक सिद्दीकी। संवाद

## तारिक बोले- आज मिला न्याय

शातिर अपराधी साहब सिंह उर्फ सुनील बावरिया के मारे जाने की खबर सोमवार को जब तारिक और उनके परिजनों को मिली तो डकैती और निर्मम हत्या की यादें एक बार फिर ताजा हो गई। वह खतरनाक मंजर एक बार फिर तारिक और उनके परिजनों की आंखों के सामने घूम गया। तारिक ने कहा कि उन्हें भरोसा था कि ईश्वर एक दिन न्याय जरूर करेगा। आखिरकार आज न्याय मिल ही गया।

## ■ चार साल की रिफा को भी कर दिया था मरणासन्न

खौफनाक वारदात में जख्मी हुई रिफा का कहना है की वारदात के वक्त वह महज चार साल की थीं। हत्यारों ने उन्हें मरणासन्न कर दिया था। परिजनों ने तो जिंदा बचने की उम्मीद ही छोड़ दी थी। रिफा का कहना है कि अपने चाचा के प्रयासों से ही आज वह जिंदा हैं। डकैती में मां-बाप और छोटे भाई को खोने वाली रिफा ने कहा कि आज जब हत्यारा साहब सिंह मारा गया तो उनके दिवंगत परिजनों की आत्मा को शांति मिलेगी।

## ■ तफ्तीश में आए दस नाम, बढ़ता रहा इनाम

18 अगस्त 2001 को नगर कोतवाली में डकैती का केस दर्ज हुआ था। तत्कालीन कोतवाल हीरा सिंह ने विवेचना में 10 अभियुक्तों का नाम उजागर किया। इनमें से छह अभियुक्त उसी साल जौनपुर में मुठभेड़ में मार गिराए गए। एक को 24 फरवरी 2019 को गिरफ्तार कर गाजियाबाद जेल भेजा गया। फरार अभियुक्तों साहब सिंह निवासी सजेती थाना जसराना, फरोजाबाद, सुरेश प्रभु निवासी आजादनगर थाना चिकसाना, भरतपुर व महावीर बावरिया निवासी चक्रधरवारी थाना डींग, भरतपुर, राजस्थान की गिरफ्तारी पर 20 सितंबर 2022 को एसपी ने 24 हजार पुरस्कार घोषित किया। डीआईजी ने ईनाम बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया। 17 जनवरी 2023 को एडीजी ने फरार साहब सिंह पर पुरस्कार की धनराशि बढ़ाकर एक लाख कर दी।

# दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

गोंडा। बालिका से दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के नौ साल पुराने मामले में न्यायालय ने दोषी को 20 साल सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पाक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि वादी ने कोतवाली मनकापुर में तहरीर दी थी।

तहरीर में बताया था कि 20 फरवरी 2014 को शाम सात बजे उसकी 12 साल की बेटी खेत गई थी। जहां विश्वनाथ और चंद्रेश ने उसके साथ दुष्कर्म किया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़ाया तो दोनों आरोपी भाग गए पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी विश्वनाथ और चंद्रेश के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

मुकदमे के दौरान ही आरोपी चंद्रेश की मृत्यु हो गई। जबकि अपराध का पुख्ता सबूत मिलने पर न्यायालय ने विश्वनाथ को दोषी करार दिया। सोमवार को निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) चंद्रमोहन चतुर्वेदी ने विश्वनाथ को 20 साल सश्रम कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-02-2023

# प्रधान पद पर 29 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया

- बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी
- दो को सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान

बलरामपुर, संवाददाता। प्रधान व सदस्य पद के उप चुनाव में दावेदारों ने अंतिम दिन सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। छह ग्राम पंचायतों के प्रधान पद के लिए 29 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। 25 ग्राम पंचायत सदस्य पदों पर एकल नामांकन हुए हैं। बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

विकास खंड सदर के ग्राम पंचायत महादेव मिश्र में छह पर्चे भरे गए। यहां गुलनाज वारसी, शहनाज बानो, सबा परवीन, चंदा देवी, फूलमती देवी व अनार कली ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। विकास खंड रेहरा बाजार के विशंभरपुर में प्रधान पद पर आठ पर्चा दाखिल हुआ है। यहां अकबाल हसन, अमजद हसन, नीलम वर्मा, प्रमोद कुमार, रामधीरज, पारस राम वर्मा, अजय कुमार व अनिल कुमार उम्मीदवार बने हैं। पचपेड़वा के सकरी कुइंया में प्रधान पद पर चार पर्चे भरे गए हैं। इसमें पुष्पा देवी, जनतुन, प्रमिला व सरवर जहां शामिल हैं। गैंसड़ी में चैकिया से प्रधान पद पर चार पर्चा भरा गया है। इसमें बड़की, रामरति, सोना व राम कली शामिल हैं। तुलसीपुर में सुदर्शनजोत में दो पर्चा भरा गया है। यहां राहुल कुमार व अर्चना सुखीराम हैं।

उतरौला के चीती में जहांआरा बानो उर्फ नाजिमा, मोहम्मद नसीम व वसीम कुरैशी ने नामांकन किया है। आठ विकास खंडों में 25 ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त पदों पर एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। 21 को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 22 को नाम वापसी के साथ सभी दावेदारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। दो मार्च को सुबह सात से शाम पांच बजे तक कड़ी सुरक्षा में मतदान और चार मार्च को सभी विकास खंडों पर सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती कराई जाएगी।

# 21 साल से फरार पूर्व विधायक के भाई को जेल

बलरामपुर। 21 साल से फरार तुलसीपुर के पूर्व विधायक सपा नेता मशहूद खां के भाई को एक आपराधिक मामले में न्यायाधीश विनोद कुमार पंचम ने जेल भेज दिया है।

विशेष लोक अभियोजक रणधीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2002 में सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट कर अनुसूचित जाति उत्पीड़न की प्राथमिकी अब्दुल महमूद खान के विरुद्ध थाना तुलसीपुर में दर्ज की गई थी।

# पुलिस व संयुक्त टीम मामलों का निस्तारण कराएं

**समाधान दिवस**

- 34 शिकायतों में से हुआ पांच का निस्तारण
- स्टॉल लगाकर दी गई योजनाओं की जानकारी



सम्पूर्ण समाधान के दौरान शिकायतों का निस्तारण करते डीएम व अन्य अधिकारी।

बलरामपुर, संवाददाता। जिले के तीनों तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तुलसीपुर में डीएम डा. महेन्द्र कुमार ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर समस्याओं का समाधान किया।

डीएम महेन्द्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर किसी भी प्रकार की शिकायत लम्बित न रहे। जमीनी विवाद, अवैध अतिक्रमण, नाली, चकमार्ग व सार्वजनिक रास्तों से सम्बंधित मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण करें। सभी लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी जमीनों पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा न होने दें। तुलसीपुर में 34 शिकायते आई। इनमें से पांच का मौके पर निस्तारण हुआ। जिला प्रोबेशन व कृषि विभाग की ओर से स्टॉल लगाकर लोगों को विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एसपी केशव कुमार, एसडीएम मंगलेश दूबे सहित अन्य कई अधिकारी मौजूद थे। उतरौला में एडीएम प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां पर 19 शिकायतें आई जिसमें से चार का निस्तारण हुआ।

# शांतिभंग मामले में दो पर हुई कार्रवाई

बलरामपुर। थाना तुलसीपुर की पुलिस ने दो अभियुक्तों के विरुद्ध शांति भंग की कार्यवाही की है। अनिल दिक्षित बताया कि गणेशपुर निवासी अंग्रेज पुत्र दीपक, जुगनी पुर निवासी मिथुन पुत्र रामनरेश के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# धर्म परिवर्तन के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली जरवा पुलिस ने धर्म परिवर्तन प्रतिशेध अधिनियम के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि बनकटवा कलॉ निवासी मो. शाहिद उर्फ मोलहे पुत्र मो. रजा विवेचना के दौरान वांछित चल रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।

# जालसाली का अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली उतरौला पुलिस ने जालसाजी के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया किया गजपुर ग्रंट निहालडीह निवासी बाबू अली उर्फ बब्बू पुत्र वली मोहम्मद को गिरफतार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# पुलिस ने पारिवारिक मामले का निस्तारण कराया

बलरामपुर। महिला रिपोर्टिंग चौकी पुलिस ने एक पारिवारिक मामले का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया है। चौकी प्रभारी अनुपमा त्यागी ने बताया कि थाना उतरौला निवासिनी महिला ने अपने पति के विरूद्ध मारपीट व प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए प्रार्थना-पत्र दिया था। दोनों पक्षों को बुलाकर उनमें सुलह-समझौता कराया गया। दोनों एक साथ रहने को राजी होकर खुशी-खुशी अपने घर चले गए।

# आज जिले में होंगे प्रभारी मंत्री

बलरामपुर। जिले के प्रभारी मंत्री उत्तर प्रदेश शासन के आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल आज जिले में होंगे। प्रभारी मंत्री दिन में डेढ़ बजे के करीब जिला मुख्यालय पहुंचेंगे। प्रभारी मंत्री इन्वेस्टर समिटि से सम्बन्धित फिल्म के प्रदर्शन व उद्योग बंधुओं के साथ बैठक करेंगे। कार्यक्रम के उपरान्त व कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकारों से भी बातचीत करेंगे। ढाई से तीन बजे तक उनका कार्यक्रम आरक्षित रहेगा।

# त्योहार पर विवाद किया तो होगी कार्रवाई

## बैठक

बलरामपुर, संवाददाता। होली व शब-ए-बरात त्योहार सभी लोग शांतिपूर्वक ढंग से मनाएं। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न करें। यह बातें अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने कही। सोमवार को त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए थाना कोतवाली नगर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एएसपी ने कहा कि धर्मगुरु सभी को सलाह दें कि त्यौहार अमन-चमन का त्यौहार है।

त्योहार में किसी भी दशा में विवाद न करें। विवाद करने वालों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। नायब तहसीलदार अनुपम शुक्ला ने कहा कि सभी धर्म के लोग आपस के मतभेद को भुलाकर त्यौहार को मनाएं। क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार ने कहा कि जो लोग विवाद करेंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों पर खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। युवक इस पर विशेष तौर से ध्यान दें कि कहीं विवाद न होने पाए। इस अवसर पर निवर्तमान चेयरमैन प्रतिनिधि शाबान अली, राजकुमार श्रीवास्तव, नगर कोतवाल विमलेश कुमार सिंह, निरीक्षक राजकुमार यादव, उप निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक श्रवण चंद्र सिंह, उप निरीक्षक श्रवण चंद्र वर्मा, चालक संजय कुमार सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



पीस कमेटी की बैठक में लोगों को जागरूक करती एसएसपी व अन्य।

# अभद्रता का विरोध करने पर मारा चाकू, तीन पर केस

**संवाददसूत्र, बलरामपुर :** महाशविरात्रि के भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने आए युवकों को नशे में धुत मनबढ़ों की अभद्रता का विरोध करना महंगा पड़ गया।

रविवार की रात चनियाकोट मथुरा बाजार निवासी मनीष पांडेय व उसके भाइयों रोहित पांडेय व सतीश पांडेय पर तीन मनबढ़ों ने चाकू से हमलाकर कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रदीप कुमार सिंह, आशीष तिवारी व प्रेम साहू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित मनीष ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसका भाई रोडवेज में परिचालक है। उसके बुलाने पर वह महाशिवरात्रि के भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने आया था। उसका तीसरा भाई सतीश भी साथ में था। प्रदीप, आशीष व प्रेम अपने साथियों के साथ शराब पीकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू के वार से मनीष के गले में गहरा जख्म हो गया है। प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत लंबित होने पर कटेगा वेतन

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** तुलसीपुर तहसील में सोमवार को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतें लंबित मिलीं तो संबंधित का वेतन काटा जाएगा। जिला प्रोबेशन व कृषि विभाग की योजनाओं का स्टाल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। योजनाओं के आवेदन भी भरवाए गए। साथ ही फरकयादियों को जिलाधिकारी ने पालीथिन का प्रयोग न करने का संदेश देते हुए जूट का थैला दिया।

जमीनी विवाद, अवैध अतिक्रमण, नाली, चकमार्ग, सार्वजनिक रास्तों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। यहां 34 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। पांच का निस्तारण कराया गया। पीडी चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, डीडीओ गिरीश कुमार पाठक, जिला कृषि अधिकारी आरपी राना व जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र मौजूद रहे। उतरौला में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार समाधान दिवस की सुनवाई की। इसमें 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। चार का निस्तारण कराया गया।

तहसील सदर में एसडीएम राजेंद्र बहादुर की अध्यक्षता में सुनवाई की गई। 30 प्रार्थना पत्र दिए गए। चार का निस्तारण कर दिया गया। बाकी बचे सभी प्रार्थना पत्रों को तीन दिन में निस्तारित कराने का निर्देश दिया।

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सादुल्लाहनगर** : दो थानों की पुलिस ने 25 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी उतरौला उदयराज सिंह ने बताया कि सादुल्लाहनगर निवासी कुचा देवी को आधा-आधा लीटर के 20 पाउच में 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कोतवाली जरवा प्रभारी दुर्विजय ने बताया कि थाना तुलसीपुर के लैबुड़वा भोजपुर निवासी पेशकार को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। (संसू)

## वांछित को भेजा जेल

**उतरौला** : पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे ने बताया कि रेहरा बाजार थाना के गजपुरग्रिंट निहालडीह निवासी बाबू अली उर्फ बब्बू को देहात कोतवाली के सेखुइया तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

## वारंटी को पकड़ा

**ललिया** : पुलिस ने वारंटी को पकड़ा है। थानाध्यक्ष जयहरि मिश्र ने बताया कि उपटहवा के मजरा नंदनगर निवासी चंद्र प्रकाश को उसके घर के पास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# नशीली गोलियां बेचने वाले दो आरोपितों पर केस

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : आबकारी टीम की छापेमारी के दौरान 15 बोरियों में बरामद नशीली गोलियों के मामले में दो आरोपितों पर मुकदमा लिखा गया है। आबकारी निरीक्षक अनंत मिश्र की तहरीर पर नगर कोतवाली के टेढ़ी बाजार निवासी इरफान अहमद व सराय फाटक निवासी रवि गुप्त पर केस दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।

आबकारी निरीक्षक ने दी गई तहरीर में कहा कि रविवार को मुखबिर ने बताया कि दो व्यक्ति माडर्न स्कूल जाने वाली गली में बाबा ट्रांसपोर्ट के सामने खड़े हैं। दोनों के पास भारी मात्रा में भांग मिश्रित नशीली गोलियां हैं। मौके पर पहुंचकर देखा तो 15 सफेद बोरियां रखी थीं। टीम को देखते ही दोनों भागने लगे, जिन्हें घेरकर दबोच लिया गया। प्रत्येक बोरी में गोलियों के 153 पैकेट रखे थे। पैकेट को खोलकर देखा तो छोटे-छोटे पाउचों में हरे रंग की गोली रखी मिली। सूंघने पर भांग की गंध आ रही थी। 15 बोरियों में 2295 पैकेट बरामद किए गए। प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# पूर्व विधायक के भाई को भेजा जेल

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : 21 साल से फरार तुलसीपुर के पूर्व विधायक सपा नेता मशहूद खां के भाई को एक आपराधिक मामले में न्यायाधीश विनोद कुमार पंचम ने जेल भेज दिया है। विशेष लोक अभियोजक रणधीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2002 में सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट कर अनुसूचित जाति उत्पीड़न की प्राथमिकी अब्दुल महमूद खान के विरुद्ध थाना तुलसीपुर में दर्ज की गई थी। न्यायालय ने आरोपित को हाजिर कराने के लिए सम्मन व वारंट भेजा, लेकिन आरोपी फरार होता रहा। न्यायालय ने कुर्की की प्रक्रिया शुरू कराई तो आरोपी ने अदालत में आत्मसमर्पण किया। न्यायालय ने आरोपी पूर्व विधायक के भाई को जेल भेजकर जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई 24 फरवरी नियत की है।

# पीस कमेटी की बैठक

**जरवा :** कोतवाली के चैनपुर में पीस कमेटी की बैठक की गई। कोतवाल दुर्विजय ने त्योहार में शांति बनाए रखने का निर्देश दिया। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उप निरीक्षक पेशकार यादव, ग्राम प्रधान अरशद खान व छेदी मौजूद रहे। (संसू)

# ललिया थानाध्यक्ष ने आंगनबाड़ी केंद्र सिंहपुर को लिया गोद

संवादसूत्र, ललिया( बलरामपुर) : कुपोषण का कलंक मिटाने के लिए बाल विकास पुष्टाहार विभाग के साथ अब खाकी ने भी कंधे से कंधे मिलाना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में ललिया थाना प्रभारी निरीक्षक जयहरी मिश्र ने आंगनबाड़ी केंद्र सिंहपुर को गोद लिया है।

सोमवार को प्रभारी निरीक्षक ने आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर बच्चों को गोद में उठाकर पुचकारा। कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ नौनिहालों, किशोरी, धात्री एवं गर्भवती को मिलने में कोई परेशानी न हो, इसकी निगरानी की जाएगी। नौनिहालों के विकास में जो भी कमी आएगी, उसे दूर करने के लिए यथासंभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही महिला पुलिसकर्मी नौनिहालों को अक्षरज्ञान भी कराएंगी।

# पूर्व विधायक मशहूद खां के भाई को भेजा जेल

**बलरामपुर।** विशेष सत्र न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट ने तुलसीपुर से सपा के पूर्व विधायक मशहूद खां के छोटे भाई अब्दुल महमूद खां को सोमवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

सहायक अभियोजन अधिकारी एससी-एसटी न्यायालय रणधीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2002 में पूर्व विधायक के भाई अब्दुल महमूद खां के खिलाफ कोतवाली जरवा में दलित उत्पीड़न, मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने अब्दुल महमूद के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

न्यायालय से कई बार सम्मन भेजने के बाद भी आरोपी अब्दुल महमूद हाजिर नहीं हुए। इस पर न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। सोमवार को आरोपी अब्दुल महमूद ने जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस पर अभियोजन पक्ष द्वारा पीड़ित को न्यायालय में बुलाकर उसका भी पक्ष सुनने का अनुरोध किया गया।

जिसके बाद विशेष सत्र न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट विनोद कुमार पंचम ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजते हुए वादी मुकदमा को 24 फरवरी को जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई में तलब किया है। (संवाद)

# पूर्व सांसद के मुकदमे की पेशी कल

बलरामपुर। नगर पंचायत तुलसीपुर के पूर्व अध्यक्ष फिरोज पप्पू की हत्या के मामले में पूर्व सांसद रिजवान जहीर सहित अन्य अभियुक्तों की पेशी 22 फरवरी को होगी। यह जानकारी सहायक अभियोजन अधिकारी नवीन कुमार तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि विशेष सत्र न्यायाधीश एमपी एमएलए अभिनतम उपाध्याय के न्यायालय पर गवाह का बयान दर्ज कराया जाएगा। (संवाद)

# प्रभारी निरीक्षक ने गोद लिया आंगनबाड़ी केंद्र

ललिया (बलरामपुर)। स्थानीय थाना प्रभारी जय हरि मिश्र ने सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र सिंहपुर को गोद लेते हुए बच्चों से मिलने पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें खिलौना, टॉफी व बिस्कुट आदि वितरित किया। थाना प्रभारी ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने पर जोर देते हुए उन्हें खेलने कूदने के लिए प्रेरित किया। (संवाद)

# पुराने नंबर प्लेट वाले छह वाहनों का चालान

बलरामपुर। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) जांच के लिए चलाए जा रहे अभियान में सोमवार को छह वाहनों का चालान किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद कुमार ने पुरानी नंबर प्लेट लगाकर सड़क पर चलने वाले वाहनों से तीन हजार रुपये शमन शुल्क वसूला है। उन्होंने बताया कि नए नंबर प्लेट की जांच के लिए लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

## संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने एसडीएम को सौंपी जांच, समस्याओं का निपटारा कर रिपोर्ट देने का निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

तुलसीपुर (बलरामपुर)। तहसील सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम डॉ. महेंद्र कुमार ने जनसमस्याओं की सुनवाई की। 34 शिकायतों में से पांच का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। शेष के निस्तारण का निर्देश अफसरों को दिया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद लेकर आई रामपुर की सत्या देवी का कहना था कि उसका बेटा संजीव कुमार पांडेय अमीन था। सेवाकाल के दौरान ही करीब पांच साल पहले उसकी मौत हो गई। अभी तक न तो पेंशन दी गई है और न ही ग्रेच्युटी। ऐसे में पौत्री को पालने में समस्या आ रही है। डीएम ने इस मामले की जांच एसडीएम को सौंपी है। मनकौरा काशीराम की अर्चना ने कहा कि कई बार किसान सम्मान निधि के लिए पति ने आवेदन किया लेकिन, समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस पर कार्रवाई का निर्देश दिया।



बलरामपुर के तुलसीपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। -संवाद



सत्या देवी



अर्चना

आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर की तरफ से डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई फरियादी महिलाओं को जूट का थैला भेंट किया। कहा कि पॉलिथीन का उपयोग न करें। एसपी केशव कुमार, एसडीएम मंगलेश दूबे, सीओ कुँवर प्रभात सिंह, तहसीलदार प्रमेश कुमार, नायब तहसीलदार राजीव वर्मा व सीएमओ डॉ. सुशील कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। उतरौला: एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई 19 शिकायतों में से चार का मौके पर ही निस्तारण किया।

तहसील बलरामपुर में एसडीएम राजेंद्र बहादुर ने 30 शिकायतों में से चार का मौके पर निस्तारण किया।

### भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारियों ने सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। इसमें किसान आयोग का गठन करने, किसानों के कर्ज माफ करने तथा गन्ना किसानों को पंजाब व हरियाणा की तरह मूल्य दिलाने सहित कई अन्य मांगें की गईं। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा, सियाराम विश्वकर्मा, गौतम प्रसाद व अरविंद तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धर्म परिवर्तन के आरोप में एक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** जरवा कोतवाली की पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कोतवाल दुर्विजय ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान मो. शाहिद उर्फ मोल्हे निवासी ग्राम बनकटवा कला थाना तुलसीपुर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पिछले वर्ष मुकदमा दर्ज किया गया था। वहीं ललिया पुलिस ने जान से मारने की धमकी के मामले में उकटहवा के चंद्रप्रकाश को गिरफ्तार किया है। उतरौला पुलिस ने जालसाजी के आरोप में गजपुर ग्रंट गांव के बाबू अली को गिरफ्तार किया है। संवाद

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार

**बलरामपुर।** कोतवाली नगर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली व शब-ए-बारात मनाने की अपील की। कहा कि सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने से बचें। प्रशासन की नजर इस तरह की गतिविधियों पर है। संवाद

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-02-2023

# अपहरण व रेप में दस वर्ष का कारावास

- वारदात में सहयोगी दोषसिद्ध को पांच वर्ष की सजा
- दोनों दोषसिद्ध अपराधियों पर 1.09 लाख का जुर्माना

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट के जज पवन मोहित मिश्र ने एक किशोरी के अपहरण, रेप व पाक्सो मामले में दोषसिद्ध एक अपराधी को दस वर्ष व वारदात में सहयोगी दोषसिद्ध अपराधी को पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोनों दोषसिद्ध अपराधियों पर 1.09 लाख का जुर्माना ठोंका है। जुर्माना अदा न किए जाने पर एक को एक वर्ष व दूसरे को चार माह का अतिरिक्त कारावास काटना होगा।

विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह ने बताया कि नगर कोतवाली के एक मोहल्ले निवासी [illegible] का एक दिसम्बर 2014 [illegible] गया था। इस मामले में [illegible] दरगाह थाने के कांशीराम [illegible] लोनी के ब्लाक नम्बर [illegible] बर 302 निवासी विनय [illegible] कुमार व उसके अन्य [illegible] द्ध अपहरण व धमकी [illegible] केस दर्ज कराया था। पुलिस ने अपहृत किशोरी को बरामद किया। मेडिकोलीगल के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराए। जिसके आधार पर एफआईआर में अपहरण, धमकी के अलावा रेप, पाक्सो की धाराओं की वृद्धि हुई।

गिरफ्तार आरोपी व किशोरी के कोर्ट में बयान के आधार पर दरगाह थाने के हमजापुरा निवासी व हाल पता सुल्तानीर कांशीराम आवासीय कालोनी के ब्लाक नम्बर 25 के मकान नम्बर 295 असलम पुत्र कल्लन को नामजद व गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू की। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तफ्तीश के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई। जिस पर मुकदमा में जज ने संज्ञान लिया। विनय कश्यप पर अपहरण व धमकी, असलम पर अपहरण, रेप व पाक्सो एक्ट का आरोप तय किया गया। आरोपियों ने अपने आप को निर्दोष बताया और केस में विचारण की मांग की, जिस पर केस में सुनवाई शुरू हुई। गवाह आदि के बयान दर्ज किए गए। सोमवार को जज ने बचाव पक्ष व अभियोजन से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष कुमार सिंह के तर्कों को सुना। दोनों आरोपियों पर दोषसिद्ध हुए। विनय कश्यप को जज ने पांच वर्ष के सश्रम कारावास, 17 हजार के जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर चार माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जबकि असलम को दस वर्ष के सश्रम कारावास व 92 हजार का अर्थदण्ड लगाया है। जिसे अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जुर्माना की समस्त धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।

# शिकायतकर्ता की तलाश में भटक रही तीन थानों की पुलिस



नगर कोतवाली में मौजूद पुलिसकर्मी व सभासद ● जागरण

संतोष श्रीवास्तव ● बहराइच

सुनने में आपको अटपटा जरूर लगेगा, लेकिन यह सच है। सीएम से लेकर पीएम पोर्टल पर छावनी सभासद समेत तीन लोगों के खिलाफ अवैध रूप से जमीन की बिक्री करने, देश विरोधी काम में पैसा लगाने समेत कई गंभीर आरोप लगाकर शिकायत की गई। सूचना को गंभीरता से लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

शिकायतों की पुष्टि न होने पर साक्ष्य लेने के लिए जब शिकायतकर्ता की तलाश शुरू की गई तो पूरे छावनी मुहल्ले में संबंधित युवक के न रहने की बात पता चली। दरगाह इलाके के छावनी बाजार निवासी मनोज कुमार के नाम से तीन बार से लगातार छावनी मुहल्ले के सभासद चुने जा रहे चांदबाबू, चार बार शक्तिकुआं वार्ड से सभासद रहे रईश व बारापत्थर निवासी युवक शहबाज के खिलाफ सीएम व पीएम पोर्टल पर शिकायत की गई।

शिकायतकर्ता ने आरोपितों पर जमीनों की अवैध तरीके से खरीद फरोख्त करने, अवैध कालोनी विकसित करने व मिलने वाले धन को देश विरोधी कार्यों में लगाने जैसे आरोप लगाए गए। शिकायतकर्ता ने आरोपों के संबंध में कोई साक्ष्य भी नहीं दिया था। मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

दरगाह एसओ आरडी मौर्य, नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह व देहात कोतवाल राकेश कुमार पांडेय ने जांच शुरू की तो शिकायतों की पुष्टि नहीं पाई। पीड़ितों का आरोप है कि फर्जी शिकायतों को आधार बनाकर व पुलिस को गुमराह कर उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है। पुलिस ने पूरे छावनी मुहल्ले में शिकायतकर्ता का पता तलाशने का प्रयास किया, लेकिन उस नाम का कोई भी युवक पूरे मुहल्ले में नहीं होने की बात पता चली।

**जागरण विशेष**

- **आरोपित बनाए गए लोग पुलिस को सफाई देते-देते परेशान**
- **आरोपितों में छावनी सभासद व शक्तिकुआं के पूर्व सभासद शामिल**

> फर्जी शिकायतें होती रहती है। यह जांच कराने पर ही पता चल पाता है कि शिकायतों में कितनी सच्चाई है। अगर जांच में शिकायतों की पुष्टि होती है तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर**

# चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर सुजौली एसओ भी हटे

**जासं, बहराइच :** कानून व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए रखने को लेकर एसपी ने फिर एक बार फेरबदल किया है। चंद दिन पहले गल्लामंडी चौकी का प्रभार संभालने वाले चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। सुजौली थानाध्यक्ष को हटाते हुए उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक नगर का वाचक बनाया है।

एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि कार्यों में लापरवाही उजागर होने पर गल्ला मंडी चौकी प्रभारी वीरपाल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है, हालांकि वह एक सप्ताह पहले ही रिसियामोड़ चौकी से गल्ला मंडी तैनात किए गए थे। सुजौली के थानाध्यक्ष रहे राजेश कुमार को हटाकर उन्हें एएसपी नगर का वाचक बनाया गया है।

रुपईडीहा थाने में तैनात अपराध निरीक्षक ब्रह्म गौड़ को सुजौली थानाध्यक्ष बनाया गया है। एएसपी नगर के वाचक जगन्नाथ यादव को गल्ला मंडी चौकी इंचार्ज बनाया गया है। इस कार्रवाई से एसपी ने साफ संकेत दे दिया कि दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वाह न करने वालों की जगह पुलिस लाइन होगी।

# दुष्कर्मी को दस व साथी को पांच साल की सजा

## अदालत से

**जासं, बहराइच :** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट वरुण मोहित निगम ने दुष्कर्म के दोषी को दस वर्ष के कठोर कारावास व साथी को पांच वर्ष के कैद की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार जिला विशेष शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। घटना एक दिसंबर 2014 समय 11 बजे की है। एक मुहल्ला निवासी की नाबालिग बेटी को दरगाह शरीफ के गुल्लाबीर कालोनी के असलम व विनय कश्यप अपहरण कर ले गए हैं।

पुलिस ने इस मामले में मुकदमा पंजीकृत करके आरोपितों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पीड़िता भी बरामद हुई। पीड़िता को न्यायालय के समक्ष 164 बयान के लिए पेश किया गया। बयान में पीड़िता ने असलम के दुष्कर्म करने की पुष्टि की। विनय को घटना में सहयोगी बताया। अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए दोनों आरोपितों को दोषी करार देते हुए असलम को दस वर्ष के कठोर कारावास व 75 हजार रुपये जुर्माना, जबकि दूसरे अभियुक्त विनय को पांच वर्ष के कठोर कारावास व 17 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।



# मददगार बनी खाकी ...

कहते है कि दुनिया मे इंसानियत अभी जिंदा है। यह बात और बड़ी तब हो जाती है, जब कोई खाकी वर्दी वाला लोगो की मदद करते नजर आ जाता है। कुछ ऐसी ही तस्वीर सोमवार को शहर के परशुराम चौक पर देखने को मिली। यहां सड़क हादसे मे बुजुर्ग जख्मी हुआ तो वहां मौजूद यातायात पुलिस व पीआरडी जवानो ने उसे तुरंत अपनी गोद मे उठाकर सड़क किनारे लगी बेंच पर बैठाया ●अरुण कुमार दीक्षित

## एक नजर में

### टुल्लू पंप व खेत से मोटर चोरी, पुलिस कर रही जांच

**बहराइच** : अहिरौरा गांव में रविवार रात चोर अधिवक्ता डा. राधेश्याम श्रीवास्तव के अहाते में लगा टुल्लू पंप खोल ले गए। ग्राम प्रधान डा. श्याम कुमार चौधरी के गोविंदापुर से माफी जाने वाले मार्ग पर खेत में बोरिंग कर लगाए गए बिजली चालित मोटर भी चोरी हो चुका है। थानाध्यक्ष दरगाह आरडी मौर्य ने बताया कि जांच कराई जाएगी। (संसू)

### चोरी के आरोपित गिरफ्तार

**गंभीरवाबाजार** : रामगांव थाने में दर्ज चोरी के मुकदमे के आरोपित मेराज व घसीटे निवासी चौखड़िया को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एसओ संजय कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों को न्यायालय भेजा गया है। टीम में एसआइ कन्हैया दीक्षित, प्रमोद यादव, आरक्षी विजयचंद्र व विकास यादव शामिल रहे। (संसू)

# गल्ला मंडी चौकी प्रभारी लाइन हाजिर सुजौली के थानेदार हटे

**बहराइच।** पुलिस विभाग में दो निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। रुपईडीहा थाने में अपराध निरीक्षक रहे ब्रह्म गोंड को सुजौली थाने की कमान सौंपी है। यह फेरबदल रविवार रात किया गया।

वहीं, एसपी प्रशांत वर्मा ने गल्ला मंडी चौकी इंचार्ज वीरपाल को लाइन हाजिर कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर के वाचक रहे जगन्नाथ यादव को चौकी की कमान सौंपी गई है। माना जा रहा है कि गल्ला मंडी चौकी प्रभारी पर यह कार्रवाई डीआईजी के आदेश पर की गई है।

वहीं सुजौली थाना प्रभारी राजेश कुमार को भी एसपी ने हटा दिया। उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक नगर का वाचक बनाया गया है। राजेश कुमार पर चोरियों पर अंकुश न लगा पाने के कारण कार्रवाई की चर्चा है। संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 21-02-2023

# नियम उल्लंघन पर 56 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग चेकपोस्टों पर चेकिंग वाहनों को चेक किया गया।

खुली सीमा का फायदा उठाकर आए दिन तस्करी के फिराक में रहते हैं तस्कर, कार्रवाई के बाद भी नहीं रुकती इनकी गतिविधियां

# असलहे की तस्करी में नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- मुखबिर की सूचना पर दबोचा गया आरोपी
- गांवों में छिपे रहते हैं तस्कर, मौका देखते ही निकालते हैं सामान

श्रावस्ती, संवाददाता। नेपाल की खुली सीमा का लाभ उठा कर तस्कर अवैध सामान भारतीय क्षेत्र में पहुंचाने की फिराक में रहते हैं।

सीमा पर कड़ी निगरानी के कारण पकड़े भी जाते हैं। ऐसे ही सोमवार सुबह नेपाल से अवैध असलहा तस्करी करते समय एक नेपाली नागरिक को पुलिस व एसएसबी जवानों के गश्ती दल ने पकड़ लिया। पकड़े गए तस्कर से दो असलहे बरामद किए गए और पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया गया।

62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेन्ट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी के



नेपाल सीमा पर पकड़े गए नेपाली नागरिक के साथ एसएसबी और पुलिस जवान

निर्देशन में ए समवाय तुरुस्मा के सीमा चौकी हाकिमपुरवा के एसएसबी जवान मल्हीपुर पुलिस के साथ संयुक्त गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति असलहे के साथ भारत नेपाल सीमा के सीमा स्तम्भ संख्या 638/3 से होकर जाने वाला है। सूचना मिलते ही एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने सीमा स्तम्भ संख्या 638/3 के पास पहुंच कर नाकेबंदी कर दी। इस दौरान वहां से निकल रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोक कर उसकी तलाशी कराई गई तो उसके कब्जे से एक 12 बोर सिंगल बैरल देशी कट्टा, एक 315 बोर सिंगल बैरल देशी कट्टा बरामद हुआ।

## नेपाल की खुली सीमा का फायदा उठाते हैं तस्कर

श्रावस्ती जिले की 62 किलोमीटर सीमा नेपाल से मिलती है। सीमा पर बाड़ अथवा रोक न होने से तस्कर नेपाली शराब, खाद, असलहे व अन्य सामान आसानी से नेपाल से भारतीय क्षेत्र में पहुंचाने में सफल हो जाते थे। सीमा पर एसएसबी जवानों की तैनाती होने के तस्करी की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगी है। लेकिन अब भी यदा कदा सामानों की तस्करी जारी है। भारतीय सीमा में पहुंचने पर जवानों की गिरफ्त में आ जाते हैं।

## तीन महीनों में दो बार पकड़ा गया है अनाज

नेपाल सीमा पर पिछले तीन महीनों में दो बार तीन ट्राली अनाज पकड़ा गया है। अनाज को ट्राली में भर कर नेपाल पहुंचाया जा रहा था। जिसे कस्टम के हवाले कर दिया गया है। वहीं दो बार नेपाली शराब भारतीय सीमा में प्रवेश कराते हुए दो व्यक्ति पकड़ गए हैं। इसी क्रम में सोमवार को एक व्यक्ति को असलहों की तस्करी करते पकड़ा गया है।

## एसएसबी के साथ मिल कर की जाती है कड़ी निगरानी

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि नेपाल सीमा संवेदनशील है। खुली सीमा का लाभ तस्करों को न मिले। इसके लिए एसएसबी जवानों के साथ मिल कर गश्त किया जा रहा है। नेपाल सरहद के गांवों में खुफिया तंत्र भी तैयार किया गया है। जो अवांछित तत्वों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाते हैं।

# दो देशी तमंचों के साथ नेपाली युवक धरा



**श्रावस्ती।** भारत नेपाल सीमा से सटे तुरसमा इलाके में सोमवार को एसएसबी व मल्हीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। उसके पास से दो तमंचे व कारतूस बरामद किया। वह इसे बेचने लाया था। संयुक्त टीम को पिलर नंबर 638/03 के पास नेपाल से नेपाली युवक आता दिखाई दिया। पूछताछ में उसकी पहचान नेपाल के भगवानपुर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पालिका नारायणपुर निवासी हेमंत बैजाली के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से दो देशी तमंचा व एक 315 बोर का कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध मल्हीपुर पुलिस ने शस्त्र अधिनियम में कार्रवाई की है। संवाद

# 82 शिकायतों में 10 का निस्तारण

श्रावस्ती, संवाददाता। तीनों तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने लोगों की शिकायत सुनी और उसका निस्तारण किया। समाधान दिवस में प्राप्त कुल 82 शिकायतों के सापेक्ष 10 का निस्तारण किया गया।

तहसील जमुनहा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला उपस्थित रहे। इसी तरह से तहसील भिनगा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं।

# 60 शिकायतों में सिर्फ छह का निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवस : सीडीओ बोले– धरातल पर दिखे शिकायतों का निस्तारण

**जागरण टीम, श्रावस्ती :** सोमवार को भिनगा, इकौना व जमुनहा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 60 प्रार्थना पत्र आए। मौके पर सिर्फ छह का निस्तारण किया जा सका। सीडीओ अनुभव सिंह ने भिनगा व एसपी प्राची सिंह ने जमुनहा तहसील में आयेजन की अध्यक्षता की। सीडीओ ने कहा कि अधिकारी कार्यालय में समय से बैठें। जन समस्याओं को सुनें। फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। शिकायतों का निस्तारण धरातल पर दिखना चाहिए।



जमुनहा तहसील में फरियादियों की शिकायत सुनतीं एसपी प्राची सिंह (बाएं) ● जागरण

सीडीओ ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को मौके पर जाकर निस्तारित कराएं। भूमि विवाद से संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से मामले को निस्तारित कराएं। इसमें लापरवाही न बरती जाएं। लेखपाल व राजस्व निरीक्षक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न होने दें। किसी भी क्षेत्र में अतिक्रमण की शिकायत मिली तो संबंधित क्षेत्र के लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि थानाध्यक्ष महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनें व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराएं। शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इकौना तहसील में एएसपी प्रवीण कुमार यादव व एसडीएम रोहित ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं।

**प्राप्त शिकायतें व निस्तारण का विवरण**

| तहसील | प्राप्त शिकायतें | निस्तारित |
|---|---|---|
| जमुनहा | 36 | 04 |
| भिनगा | 10 | 02 |
| इकौना | 14 | 00 |
| कुल | 60 | 06 |

# महिलाओं को दिए आत्मरक्षा के टिप्स

**जासं, श्रावस्ती :** महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल ने सोमवार को गांव व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाई। टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा का एहसास कराते हुए विभिन्न कानूनों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। महिलाओं को आत्मरक्षा के टिप्स भी दिए गए।

शक्ति मोबाइल टीम की महिला आरक्षी संज्ञा भारती, विनीता देवी, सोनी व अर्चिता यादव ने सोनवा क्षेत्र के लक्ष्मननगर व फतुहापुर में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न कानूनों व नियमों के बारे में बताया। इसी प्रकार नारी सुरक्षा दल ने प्राथमिक विद्यालय लालपुर कुशमहवा, नेवरिया, लादोहवा, महदेइया, सीताद्वार मंदिर व कटरा कस्बे में पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूकता के पंफ्लेट व पोस्टर वितरित कर आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया। हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सकीय सहायता के लिए-108, पुलिस कंट्रोल नंबर- 112, चाइल्ड हेल्पलाइन- 1098 के बारे में जानकारी दी। किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अनजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर सहायता लेने के लिए जागरूक किया।



नेवरिया गांव के पास महिलाओं को जागरूकता पंफ्लेट बांटती नारी सुरक्षा दल की सदस्य ● जागरण

********

# सीमा पर असलहे के साथ दबोचा गया नेपाली नागरिक



एसएसबी व पुलिस की हिरासत में असलहे के साथ दबोचा गया नेपाली ● जागरण

**संसू, सिरसिया (श्रावस्ती) :** एसएसबी व मल्हीपुर पुलिस टीम रविवार की रात संयुक्त रूप से गश्त कर रही थी। इसी दौरान जवानों ने सीमा के नजदीक संदिग्ध होने पर एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 12 बोर व 315 बोर के दो तमंचे व कारतूस बरामद हुए।

एसएसबी 62वीं वाहिनी के कमांडेंट रवींद्र कुमार राजेश्वरी ने बताया कि रविवार की रात ए समवाय तुरुषमा की सीमा चौकी हकीमपुरवा व मल्हीपुर पुलिस टीम के जवान गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सीमा स्तंभ संख्या 638/3 के पास से एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी में उसके पास से 12 बोर सिंगल बैरल तमंचा, 315 बोर सिंगल बैरल तमंचा व एक 315 बोर का कारतूस बरामद हुआ।

पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम हेमंत बैजाली, राष्ट्र नेपाल के जिला बांके के थाना भगवानपुर क्षेत्र के कोहला का रहने वाला बताया। पकड़े गए आरोपित को सामान के साथ मल्हीपुर थाने के सिपुर्द कर दिया गया है।

# शांतिभंग में 13 पाबंद

**श्रावस्ती :** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर शांतिभंग की आशंका में 13 आरोपितों को पाबंद किया। सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।( वि.)

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर 56 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती :** यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की ओर से चेक पोस्ट पर जांच की गई। इस दौरान वाहनों के अभिलेख देखे गए। फिटनेस की भी जांच की गई। 56 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान करते हुए 89 हजार रुपये का शमन वसूल किया गया। (वि.)

# पुलिस ने जांची बैंकों की सुरक्षा

**श्रावस्ती।** बैंकों की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस ने सोमवार को विशेष अभियान चलाया। अपने-अपने थाना व चौकी क्षेत्रों की बैकों की जांच की। उन्होंने बैंक के आसपास, अंदर व बाहर सघन जांच कर अंदर लगे सीसीटीवी, सायरन का परीक्षण किया। लोगों व वाहनों की भी जांच की। उन्होंने बैंक में उपस्थित लोगों को सुरक्षा की जानकारी देकर जागरूक रहने के लिए प्रेरित भी किया। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में 13 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार रात 13 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया है। संवाद

# 56 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार को वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। इस दौरान 56 वाहनों का ई चालान कर 89000 रुपये जुर्माना वसूला। संवाद

# पुलिस ने की गश्त

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने सोमवार को सभी थाना व चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में अपने क्षेत्र में पैदल गश्त किया। इस दौरान विभिन्न बाजारों में गश्त कर कानून व्यवस्था को लेकर व्यापारियों व आमजन से वार्ता कर उन्हें जागरूक किया। संवाद

# तहसील समाधान दिवस में सिर्फ दस मामले निपटे

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले की तीनों तहसीलों में समाधान दिवस सोमवार को आयोजित हुआ। इस दौरान तीनों तहसीलों में आए 82 मामलों के सापेक्ष मात्र दस मामले का मौके पर निस्तारण किया जा सका।

भिनगा इकौना व जमुनहा में शनिवार को सार्वजनिक अवकाश के कारण समाधान दिवस का आयोजन सोमवार को किया गया। जमुनहा तहसील में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता एसपी प्राची सिंह ने किया। इस दौरान यहां 36 शिकायतें आईं। जिनमें से मौके पर मात्र चार शिकायतों का निस्तारण किया जा सका। वहीं भिनगा तहसील में समाधान दिवस का आयोजन सीडीओ अनुभव सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान यहां मात्र 10 मामले आए। जिनमें से मात्र दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर यहां एसडीएम भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, सीओ भिनगा अतुल चौबे मौजूद रहे।

इकौना तहसील में समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम रोहित की अध्यक्षता में किया गया। यहां 36 के सापेक्ष चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इकौना तहसील में आयोजित समाधान दिवस में अपनी शिकायत लेकर आए ग्राम टंड़वा महंत निवासी धर्मचंद यादव पुत्र मनोहर लाल ने बताया कि सार्वजनिक मार्ग पर लगी पुलिया को पाट कर उस पर अवैध तरीके धर्मकांटा लगा लिया गया है।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को नेवरिया, लादोहवा, महदेइया, सीताद्वार व कटरा में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया।



नेवरिया में महिलाओं को जागरूक करतीं आरक्षी। -संवाद

महदेइया में महिला आरक्षी अर्जिता यादव ने महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, मातृत्व वंदना योजना आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने बालिकाओं, ग्रामीण महिलाओं व बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी। सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानूनों व नियमों के संबंध में जागरूक किया।

वहीं, नेवरिया में महिला आरक्षी विनीता देवी ने महिलाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चिकित्सा सहायता के लिए 108, पुलिस कंट्रोल 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में जानकारी दी। सोनी देवी ने बताया कि यदि किसी प्रकार की समस्या हो, कहीं आने-जाने पर कोई अनजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। फोन करने वाली महिलाओं व बच्चियों का नाम-पता गोपनीय रखा जाता है।